सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 06 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 58, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## हाइपरवॉल्ट करेगी 70,000 करोड़ का निवेश

हाइपरवॉल्ट ने हैदराबाद में बड़े स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) डेटा सेंटर परिसर विकसित करने के लिए 70,000 करोड़ का निवेश करेगी। } 10

## वैज्ञानिक सोच रखने वाली पीढ़ियां तैयार करें शिक्षक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की ऐसी पीढ़ियां तैयार करने का आह्वान किया जिनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण हो और जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से आगे बढ़ें। } 12



## यूपी समेत चार राज्यों में जनगणना एक दिसम्बर से

### 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना का खुला है विकल्प

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के महापंजीयक ने शनिवार को कहा कि जनगणना 2027 के लिए गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में जनसंख्या की गणना एक दिसंबर, 2026 से चार जनवरी, 2027 तक की जायेगी। अगले साल की शुरुआत में जिन राज्यों में चुनाव होने की संभावना है, वहां जनगणना की यह प्रक्रिया पहले शुरू की जा रही है।

भारत के महापंजीयक (आरजीआई) एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राजपत्र अधिसूचना में कहा कि इन क्षेत्रों के नागरिक 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना का विकल्प अपना सकते हैं। अधिसूचना में कहा गया है, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड राज्य के बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर बाकी इलाकों में जनसंख्या की जनगणना एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक की जाएगी। इसके बाद पांच जनवरी 2027 से नौ जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण चरण आयोजित किया जायेगा। इसमें कहा गया कि गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सच की हुंकार के आगे नहीं टिक सकती झूठ की गूंज : मोदी

### प्रधानमंत्री श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह में हुए शामिल, बच्चों को किया संबोधित

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली मेट्रो से पहुंचे। मेट्रो में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यात्रियों और छात्रों से बातचीत की। उनके हाथ में मेट्रो कार्ड भी नजर आया।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि मैं आपके पास अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया हूं। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि सच की हुंकार के आगे झूठ की गूंज कभी टिक नहीं सकती। 2013 के इसी कार्यक्रम में जब मैंने कहा था कि हमें 'मेड इन इंडिया' पर काम करना है, तब उस इकोसिस्टम के लोगों को यह बात समझ में ही नहीं आई थी। उन्हें लगा कि निराशा के उस दौर में 'मेड इन इंडिया' जैसी चीज संभव ही नहीं होगी। वे लोग आज भी 'मेड इन इंडिया' का मजाक उड़ाते हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि मैं छोटे लक्ष्य लेकर चलने वाला इंसान नहीं हूं; मैं हमेशा बड़े लक्ष्य तय करता हूं और उन्हें पूरा करने के लिए जी-जान लगा देता हूं। पहले भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए ज्यादातर सामान बाहर से खरीदा जाता था। यहां तक कि थलसेना, वायुसेना और नौसेना को छोटे-छोटे उपकरणों के लिए भी महीनों इंतजार करना पड़ता था। हमने ऐसे सामानों की एक सूची बनाई और भारतीय कंपनियों से कहा कि वे इन्हें देश में ही बनाएं। आज भारत का रक्षा उत्पादन इतिहास के सबसे उच्चतम स्तर (ऑल टाइम हाई) पर पहुंच गया है और देश में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का उत्पादन हो रहा है। 2013 तक जहां हम महज 600-700 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात करते थे, वहीं आज भारत 40 हजार करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है।

प्रधानमंत्री की मेट्रो यात्रा ने आम यात्रियों के रोजमर्रा के सफर को खास बना दिया। पीएम मोदी ने ट्रेन में मौजूद लोगों से बातचीत की और छात्रों से भी संवाद किया। इसके बाद प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) की सराहना करते हुए कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### मिर्जापुर : स्टोन क्रशर प्लांट की इमारत ढही, चार की मौत

मिर्जापुर (उप्र)। मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक पत्थर क्रशर प्लांट की इमारत ढहने से चार मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हादसा जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर भगवती देई स्थित एसएस रंजन स्टोन प्लांट में हुआ। बताया जा रहा है कि इमारत की नींव का रैंप धंसने के कारण यह हादसा हुआ। चुनार के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अनेग सिंह ने बताया कि हादसे के समय कार्यालय के अंदर चार मजदूर मौजूद थे, जिनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान लाल बहादुर (35), अशोक (38), राकेश (28) और दुर्योधन (28) के रूप में हुई है, जो पड़ोसी जिले सोनभद्र के चुर्क-चोपन क्षेत्र के बड़गांव के निवासी थे। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मलबा हटाने के लिए मशीनें लगाई गईं। घटनास्थल पर अफरा-तफरी के बीच तलाशी अभियान चलाया गया।

### केरलम में लॉरी से टकरायी कार, आठ छात्रों की मौत

त्रिशूर (केरलम)। केरलम के त्रिशूर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 पर एक कार के सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी लॉरी से टकरा जाने से तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज के आठ छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटना के बाद केरलम के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चिंता जाहिर की। एक्स पर एक पोस्ट में सतीशन ने कहा कि वह केरलम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर, खासकर उन हिस्सों पर जहां निर्माण कार्य चल रहा है, दुर्घटनाओं और सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को लेकर बहुत चिंतित हैं।

# शिक्षा में राजनीति का कोई स्थान नहीं : योगी

### ○ सीएम योगी ने शिक्षकों को किया सम्मानित ○ अमीर-गरीब के बीच की खाई पाट रहे हैं डिजिटल पुस्तकालय

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कि शिक्षा में राजनीति का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। राजनीति के चश्मे से देखने वालों को 2017 के बाद प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आया आमूलचूल परिवर्तन दिखाई नहीं देगा।

उन्होंने प्रदेशभर के शिक्षकों का आह्वान किया कि वे शिक्षा व्यवस्था में उत्कृष्टता और नवाचार को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आगे बढ़ाएं। यही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा प्रदेश और देश का भविष्य बनाएगी। सीएम योगी शनिवार को शिक्षक दिवस पर बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर में योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बेसिक शिक्षा विभाग के 61 और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 20 शिक्षकों (कुल 81) को पुरस्कृत किया गया। सभी शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया। शिक्षकों को पुरस्कार देते समय सीएम योगी ने उनसे आत्मीय संवाद कर बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विगत साढ़े नौ साल में शिक्षा व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 10 पर



### सीएम योगी ने वाराणसी में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण, बांटी राहत सामग्री



लखनऊ/वाराणसी। वाराणसी के विद्या विहार इण्टर कॉलेज में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावितों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 81 शिक्षकों को दिया पुरस्कार

गोरखपुर। शिक्षा व्यवस्था के उत्थान और शिक्षकों के सम्मान के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता की झलक शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर गोरखपुर में देखने को मिली। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री ने चयनित सभी 81 शिक्षकों को अपने हाथों से पुरस्कार प्रदान किया। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री को मंच पर बेसिक शिक्षा विभाग के पांच और माध्यमिक शिक्षा विभाग के पांच, यानी कुल 10 शिक्षकों को ही सम्मानित करना था। हालांकि, जब पुरस्कार वितरण का समय आया तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सभी चयनित शिक्षकों की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एके-203 राइफल के गोला-बारूद की आपूर्ति करेगा अदाणी डिफेंस

नयी दिल्ली। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत में बनाई जा रही एके-203 राइफल के लिए देश में उत्पादित 7.62.39 मिमी गोला-बारूद की आपूर्ति के लिए इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ पांच साल का समझौता किया है।

इस समझौते से भारत-रूस राइफल कार्यक्रम के लिए देश में ही एक एकीकृत आपूर्ति शृंखला तैयार होगी। कंपनी के अनुसार, इस समझौते के तहत अदाणी डिफेंस पांच साल तक एके-203 कार्यक्रम के लिए आवश्यक छोटे हथियारों के गोला-बारूद की आपूर्ति करेगी। इससे इस कार्यक्रम के लिए भारत में ही गोला-बारूद की आपूर्ति का स्रोत उपलब्ध होगा और अनुबंध की अवधि के दौरान इसकी उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह समझौता एके-203 कार्यक्रम के तहत राइफल निर्माण और गोला-बारूद उत्पादन को एक साथ जोड़ता है। इंडो-रशियन राइफल्स (आईआरआरपीएल) राइफल का निर्माण कर रही है, जबकि अदाणी डिफेंस गोला-बारूद का उत्पादन करेगी। आईआरआरपीएल की स्थापना भारत-रूस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## झीरम घाटी नक्सली हमला : 10 लोग दोषी करार

### हमले में वरिष्ठ नेताओं समेत 29 लोगों की हुई थी मौत

एजेंसी

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने 2013 के झीरम घाटी माओवादी हमले के मामले में सभी 10 आरोपियों को शनिवार को दोषी ठहराया। इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं समेत 29 लोगों की मौत हुई थी।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने बताया कि जगदलपुर में एनआईए के विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत ने दो महिलाओं समेत सभी 10 आरोपियों को दोषी करार दिया। उन्होंने बताया कि अदालत ने सजा की अवधि पर आदेश 16 सितंबर के लिए सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान 101 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। दोषी ठहराए गए आरोपियों में प्रमिला मोदियाम (40), चैतू लेकाम, सुमित्रा पुनेम मोदियाम, मुक्का मंडावी, कोसा कवासी, आयता मरकाम, मडकामी देवा, जोगा मडकामी, बंजामी सन्ना और महादेव नाग शामिल हैं। चौधरी ने कहा, हम इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करेंगे। हमें अभी तक फैसले की प्रति नहीं मिली है। इसके बाद ही अपील के आधार के बारे में बता पाएंगे। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर



## रूस ने 72 घंटों के लिए रोका हमला

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव पर हमले 72 घंटे रोकने का आदेश दिया है। क्रेमलिन ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर रूस पहुंचे हैं और रूस के यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने के आक्रमण को समाप्त करने की रुकी हुई कोशिश को फिर से आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास से कहा, पुतिन ने आज आधी रात से शुरू होने वाले तीन दिनों तक कीव पर कोई हमला नहीं करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला विटकॉफ और कुशनर के यूक्रेन की राजधानी की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों से जुड़ा है। कीव ने कहा है कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## युवाओं में राष्ट्र निर्माण की अपार क्षमता

### नेस्ट फेस्ट में सीएम धामी ने की पूर्वोत्तर की संस्कृति व उपलब्धियों की सराहना

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविध संस्कृतियों, परंपराओं और भाषाओं के बावजूद एक राष्ट्र के रूप में एकजुट रहने की क्षमता में है। देश की यही विविधता भारत को दुनिया में अलग पहचान देती है। उन्होंने कहा कि इस विरासत को आगे बढ़ाने में युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण है और युवा शक्ति के सामर्थ्य से भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में माई होम इंडिया की ओर से आयोजित नेस्ट फेस्ट-2026 में मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों से पहुंचे युवाओं एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर केवल देश का भौगोलिक हिस्सा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय है। यहां की विशिष्ट परंपराएं, लोक कलाएं और जीवनशैली देश की सांस्कृतिक समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेस्ट फेस्ट जैसे आयोजनों की सार्थकता इस बात में है कि इनके माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों के युवा ...शेष पृष्ठ 10 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ लखनऊ में होगा खिलाड़ियों की चोट का इलाज (पृष्ठ-02)
○ लखनऊ में ड्रग नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई (पृष्ठ-02)
○ अंतरराष्ट्रीय कानून को कायम रखने की जरूरत (पृष्ठ-10)
○ उपराष्ट्रपति कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे (पृष्ठ-10)
○ मेट्रो रेल मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ देगा भारत (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** डाटा सेंटर परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश ने पेश किये निवेश के अवसर

# ताइवान की टेक कंपनियों को यूपी में निवेश का न्योता

विशेष संवाददाता

ताइपे/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत प्रौद्योगिकी के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश ने ताइपे में 2 से 4 सितंबर तक आयोजित ह्यसेमिकॉन 2026ह्ण में प्रमुख ताइवानी टेक कंपनियों के समक्ष राज्य में निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत किया और उन्हें सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स परियोजनाओं में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

योगी सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, तैयार औद्योगिक बुनियादी




ढांचे, कुशल मानव संसाधन और तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम को ताइवानी कंपनियों के सामने प्रमुख ताकत के रूप में रखा गया। राज्य ने चिप निर्माण, सेंसर, डाटा सेंटर और सप्लाई चेन के स्थानीयकरण आदि क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी और निवेश के अवसरों पर जोर दिया। प्रमुख सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी आलोक कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने इंडिया-ताइवान सेमीकंडक्टर फोरम में भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल में इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनीष मीना शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने क्रिएटिव सेंसर्स इंक के चेयरमैन यूजीन हुआंग और कंपनी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बैठक कर भारत में कंपनी के विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। इसके अलावा मीडियाटेक, एडीएटीए टेक्नोलॉजी और टीआईबीए बिजनेस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सहारनपुर : कलेक्ट्रेट परिसर में ढहायी गयी अवैध मस्जिद

जिला संवाददाता

सहारनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कथित तौर पर अवैध मस्जिद को शनिवार तड़के गिरा दिया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा अवैध घोषित किए जाने के बाद आज प्रशासन ने इसे हटाने की कार्रवाई शुरू की।

सिंह ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद जिला अदालत में अपील की गई थी लेकिन अपील खारिज होने के बाद सरकारी भूमि को खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है। मामले के अनुसार, वर्ष 2025 में इस मस्जिद को अवैध बताते हुए बजरंग दल के प्रांतीय संयोजक विकास त्यागी ने नगर मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद 16 जुलाई 2026 को नगर मजिस्ट्रेट ने मस्जिद को अवैध माना और अपने फैसले में इसे हटाने का आदेश दिया। मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने नगर मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ जिला अदालत में अपील की और करीब डेढ़ माह की सुनवाई के बाद जिला न्यायाधीश ने नगर मजिस्ट्रेट के आदेश को बहाल रखते हुए मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सिंह ने कहा कि पूरी कार्यवाही निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है।

C M Y K

# अयोध्या-काशी की तर्ज पर संवरेगा ब्रज

## बाबर व औरंगजेब के अनुयायी फिर से समाज में जहर घोलने का काम करने में जुटे: मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या काशी के भव्य विकास के बाद अब ब्रजभूमि को भी जन-भावनाओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। डबल इंजन सरकार इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ब्रजभूमि के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां ऐसा भव्य परिसर तैयार किया जाएगा, जैसा अयोध्या और काशी में हुआ है। पिछली सरकारें श्रीकृष्ण जन्मभूमि आने से डरती थीं, क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता होती थी। यह सरकार कृष्ण कन्हैया, प्रभु श्रीराम, बाबा विश्वनाथ और मां विंध्यवासिनी पर विश्वास करती है। लेकिन, जिनकी आस्था बाबर और औरंगजेब में होगी, क्या वे आपकी आस्था का सम्मान कर पाएंगे?

मुख्यमंत्री शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन करने के उपरांत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबर और औरंगजेब के अनुयायी फिर से समाज में जहर घोलने का काम करने जा रहे हैं। उनकी आदत समाज में विष वमन करने की है, जिससे समाज व राष्ट्र विरोधी तत्वों के हौसले बढ़ सकें, वे आपकी सुरक्षा में सेंध लगा सकें, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर सकें, बहन-बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगा सकें, अन्नदाता किसानों की खुशहाली पर डकैती डाल सकें और उद्यमी बनने की ओर अग्रसर कारीगरों व हस्तशिल्पियों को फिर से लाचार बना सकें। लेकिन डबल इंजन की सरकार इन मंसूबों पर पानी फेरेगी और इन्हें कभी पूरा नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्यावासियों को कल्पना भी नहीं थी कि कभी अयोध्या का इतना भव्य विकास होगा। वहां न सड़क थी, न बिजली और न ही पानी की समुचित व्यवस्था। गंदगी का अंबार लगा रहता था। अयोध्या रेलवे की सिंगल लाइन से जुड़ी थी। जो श्रद्धालु वहां जाता था, अव्यवस्था और अराजकता देखकर रोता हुआ लौटता था। आज प्रतिदिन करीब एक लाख श्रद्धालु अयोध्या धाम आते हैं। रामनवमी, कार्तिक माह, सावन का झूला मेला, दीपोत्सव आदि पर्वों पर यह संख्या बढ़कर पांच से 50 लाख तक पहुंच जाती है।

कहीं कोई असुविधा नहीं होती। सामाजिक समता का अद्भुत उदाहरण भी देखने को मिलता है। प्रभु श्रीराम के नाम को जन-जन तक पहुंचाने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन गया है। कनेक्टिविटी के लिए चारों ओर से फोरलेन सड़कें बन चुकी हैं। रेलवे की डबल लाइन हो चुकी है। अयोध्या में जहां भी जाएंगे, आपको भक्तिपथ, रामपथ जैसे नामों की फोरलेन सड़कें मिलेंगी। सीएम ने कहा कि 500 वर्ष पहले 1528 में विदेशी आक्रांता ने हमारी आस्था को समाप्त करने का प्रयास किया था। लेकिन, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्रति हमारी सनातन आस्था निरंतर बढ़ रही है। वहां उमड़ रहे जनसैलाब से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जो आक्रांता खुद को अविजित मानते थे, आज उनका कहीं अता-पता नहीं। सब समाप्त हो गए। लेकिन, हमारी आस्था कभी पराजित नहीं हुई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दुनिया का विशालतम भव्य मंदिर बन गया। जिन लोगों को ये सब अच्छा नहीं लगता, वे अयोध्या को बदनाम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अभी यहां योगमाया का दर्शन कर रहा था। इसी धरा पर योगमाया ने अवतरित होकर कंस के अहंकार को चुनौती दी थी और वही योगमाया विंध्यवासिनी धाम में प्रकट हुई थीं। मैं जब भी यहां आता था, मुझे तत्काल मां विंध्यवासिनी का स्मरण आता था। आज मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि योगमाया के प्रति हमारी आस्था ने विंध्यवासिनी धाम को एक भव्य परिसर उपलब्ध कराया है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जन्मभूमि पहुंचे सीएम योगी



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने ब्रज प्रवास के दूसरे दिन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूरे विधि-विधान व आस्था के साथ मुख्य गर्भगृह में विराजमान 'लाला' (बाल कृष्ण) के दर्शन और विशेष पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री के रूप में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का यह उनका 20वां दर्शन रहा। मंदिर परिसर में आगमन पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। जन्माष्टमी के इस विशेष और दिव्य पर्व पर जन्मभूमि के मुख्य गर्भगृह की दीवारों को चांदी की परत लगाकर बेहद अलौकिक रूप से सजाया गया था। मुख्यमंत्री योगी काफी देर तक चांदी से सजे गर्भगृह की इस अद्भुत छटा और लाला के मनमोहक स्वरूप को भक्तिभाव से निहारते रहे। मुख्य गर्भगृह में दर्शन-पूजन के बाद सीएम ने परिसर में ही स्थित योगमाया मंदिर, केशवदेव मंदिर और भागवत भवन में भी जाकर दर्शन-पूजन किया और देश-प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि की मंगल कामना की। मंदिर में पूजन-अर्चन से पहले मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में गोमाता का विधिवत पूजन किया। इस पावन पर्व पर जन्मभूमि परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए सीएम योगी ने उन पर देर तक पुष्प वर्षा की और सभी देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने जन्मभूमि परिसर में अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दे रहे उज्जैन से आए कलाकारों के मध्य पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया और साथ में फोटो भी खिंचवाईं। सीएम योगी करीब 30 मिनट तक जन्मभूमि परिसर में रहे।

# 591 करोड़ अलर्ट मैसेज से बाढ़ प्रभावितों को समय रहते मिली चेतावनी

विशेष संवाददाता (vol)

- **जुलाई-अगस्त में भेजे गये संदेश 17 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया**

**लखनऊ।** भारी बारिश, आंधी-तूफान, वज्रपात और बाढ़ के बीच मौसम की चेतावनी का तंत्र लोगों के लिए मददगार साबित हुआ। राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जुलाई और अगस्त में मोबाइल फोन पर 591 करोड़ से अधिक अलर्ट मैसेज भेजे गए। समय रहते मिली चेतावनी के साथ स्थानीय प्रशासन की सक्रियता से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

जुलाई में 306 करोड़ और अगस्त में 285 करोड़, कुल 591 करोड़ से अधिक अलर्ट मैसेज प्रसारित किए गए। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से एक करोड़ से अधिक लोगों तक मौसम और संभावित बाढ़ से संबंधित सूचनाएं पहुंचाई गईं। संदेशों के जरिए लोगों को खतरे के प्रति सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की जानकारी दी गई। बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव अभियान के तहत अब तक 3.52 लाख से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई गई, जबकि 17.54 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी और राहत कार्य में जुटी हैं। राहत आयुक्त कार्यालय की 1070 हेल्पलाइन भी आपदा के दौरान महत्वपूर्ण माध्यम बनी। हेल्पलाइन पर मिली सूचनाओं को संबंधित जिलों के प्रशासन तक पहुंचाकर राहत और बचाव दलों को सक्रिय किया गया। चित्रकूट, प्रयागराज और मिर्जापुर समेत विभिन्न जिलों में बाढ़ में फंसे लोगों की लोकेशन मिलने पर बचाव दलों को मौके पर भेजा गया और लोगों को सुरक्षितनिकालने की कार्रवाई की गई।

मौसम और नदियों के जलस्तर से जुड़ी चेतावनियां समय पर मिलने से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को संभावित खतरे के प्रति पहले से सचेत होने का मौका मिला। प्रशासन ने भी अलर्ट के आधार पर संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाई और जरूरत के अनुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इस दौरान मोबाइल अलर्ट, सोशल मीडिया, हेल्पलाइन और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय ने राहत एवं बचाव अभियान को गति देने में मदद की।

# अब लखनऊ में हो सकेगा खिलाड़ियों की चोट का इलाज

## योगी सरकार का खेल प्रतिभाओं को बड़ा तोहफा

- **राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस सेंटर**
- **स्पोर्ट्स कॉलेज में 7.17 करोड़ से बन रहा स्पोर्ट्स साइंस एंड इंजरी मैनेजमेंट सेंटर**

**लखनऊ।** खिलाड़ियों को खेल के दौरान होने वाली चोटों के इलाज और पुनर्वास के लिए अब दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। राजधानी के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में करीब 7.17 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स साइंस एंड इंजरी मैनेजमेंट सेंटर तैयार किया जा रहा है। इसे प्रदेश का पहला ऐसा केंद्र बताया जा रहा है, जहां चोट के इलाज से लेकर फिजियोथेरेपी, पुनर्वास, फिटनेस, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी। सेंटर का सिविल कार्य प्रगति पर है, जबकि उपकरणों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परियोजना को कार्य शुरू होने की तारीख से एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।

सेंटर में खिलाड़ियों के उपचार और रिकवरी के लिए सात प्रमुख उपकरण लगाए जाएंगे। इनमें हॉल बॉडी क्रायोथेरेपी चैंबर, रेडियल शॉकवेव थेरेपी, टीईसीएआर थेरेपी, न्यूमैटिक कंप्रेशन थेरेपी, कॉम्बो पेन मैनेजमेंट इलेक्ट्रोथेरेपी, क्लास-4 चिकित्सीय लेजर और फोकस्ड शॉकवेव थेरेपी यूनिट शामिल हैं। क्रायोथेरेपी सुविधा में अत्यधिक कम तापमान के जरिए रिकवरी में मदद की जाएगी। शॉकवेव और लेजर जैसी तकनीकों का इस्तेमाल मांसपेशियों, टेंडन, लिगामेंट और जोड़ से जुड़ी चोटों के उपचार में किया जाएगा। केंद्र में केवल चोटों का इलाज ही नहीं होगा, बल्कि खिलाड़ियों की फिटनेस और खेल प्रदर्शन का वैज्ञानिक आकलन भी किया जाएगा। फिजियोथेरेपी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य और चोट के बाद पुनर्वास की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। विशेषज्ञों की निगरानी में खिलाड़ी चोट के बाद मैदान पर वापसी की तैयारी कर सकेंगे। सेंटर में खिलाड़ियों के अलावा आम लोगों को भी शुल्क देकर उपचार और पुनर्वास की सुविधा देने का प्रस्ताव है। इससे खेल चोटों और पुनर्वास से संबंधित आधुनिक सेवाएं आम लोगों को भी उपलब्ध हो सकेंगी।

खेल विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों के प्रशिक्षण के लिए भी कार्य किया जाएगा। आधुनिक चोट प्रबंधन और खेल विज्ञान की तकनीकों से जुड़े प्रशिक्षण के जरिए खेल क्षेत्र से जुड़े मानव संसाधन की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। खेल विभाग के विशेष सचिव कुमार विनीत के अनुसार, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा और खेल विज्ञान सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। केंद्र में फिटनेस, चोट उपचार, फिजियोथेरेपी, पुनर्वास, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार से जुड़ी सुविधाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध होंगी।

# पिछड़ों, वंचितों के हितैषी थे जगदेव प्रसाद : श्रवण कुमार



**लखनऊ।** बिहारशरीफ के दीपनगर में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) बिहारशरीफ के द्वारा अमर शहीद बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर मंत्री बिहार सरकार सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ों के हक के लिए न्योछावर कर दिया। वे सामाजिक न्याय के प्रणेता जगदेव बाबू ने कहा था कि 'पहली पीढ़ी मारी जाएगी, दूसरी पीढ़ी जेल जाएगी, तीसरी पीढ़ी राज करेगी'। आज तीसरी पीढ़ी राज कर रही है, यह उनकी कुर्बानी का ही फल है। जगदेव प्रसाद का विचार आज भी जिंदा है। उनके बताए रास्ते पर चलकर शिक्षा, समानता और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान शिक्षक, दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति थे। उनके जन्मदिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन गुरु-शिष्य परंपरा को नमन करने का दिन है।

# एनडीए के कार्यकर्ता पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव : विनोद तावड़े

## तावड़े का सपा के पीडीए पर कसा तंज, पीडीए का मतलब पराया धन अपना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने शनिवार को राजधानी लखनऊ पहुंचकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्देश पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का उत्तर प्रदेश पर विशेष फोकस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के दिशा-निर्देशन में एनडीए के कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनाव जीतेंगे और एक बार फिर उत्तर प्रदेश में जीत हासिल करेंगे। उत्तर प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियों का संदेश साफ कर दिया है।

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए के कार्यकर्ता पूरी ताकत से मैदान में उतरेंगे और जीत के बाद अगले पांच वर्ष उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा इसके लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने सपा के पीडीए नारे पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि सपा के पीडीए का मतलब पराया धन अपना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एनडीए और उत्तर प्रदेश की जनता ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने इस तंज में पराया धन को सपा शासन की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मुद्दे से जोड़ते हुए रुपया-पैसा और जमीन-जायदाद के साथ स्त्रीधन का जिक्र करते हुए यह संदेश दिया कि भाजपा चुनाव में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और संपत्ति के अधिकार के मुद्दे पर सपा सरकार के कार्यकाल में महिलाओं और बहू-बेटियों की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों को पार्टी आगामी चुनाव में फिर जनता के बीच ले जाएगी।

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रभारी विनोद तावड़े का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला समेत वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया।

# पंकज चौधरी ने गुरुजन संवाद कर किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षक दिवस पर संवाद कर गुरू के महत्ता पर दिया जोर**

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को राजधानी लखनऊ में अपने आवास पर गुरूजन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों के साथ संवाद किया और उन्हें सम्मानित किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी गुरूजनों को सादर नमन एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पाय।

बलिहारी गुरू आपने, गोविन्द दियो बताय से भारतीय संस्कृति में गुरू का स्थान सदैव सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक वे शिल्पकार हैं, जो हमारी भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं और विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास का दीप प्रज्वलित कर उन्हें आदर्श नागरिक और राष्ट्र नवनिर्माण के पथ पर अग्रसरित करते हैं। हमारी परम्परा गुरू के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं संस्कार युक्त बनाने की दिशा में महत्पूर्ण कदम उठाये गए हैं। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कौशल, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का विकास करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय शिक्षा नीति से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में शिक्षकों के परिश्रम, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा से देश के नौनिहालों को गढ़कर राष्ट्र के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करने के लिए आप सभी गुरूजनों को कृतज्ञतापूर्ण सादर नमन एवं अभिनंदन।

# जातिगत जनगणना के मौजूदा प्रारूप दोषपूर्ण : कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। इस मौके पर कांग्रेस के यूपी प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम भी मौजूद रहे। जातिगत जनगणना के मौजूदा प्रारूप में मूलभूत कमियों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द ने कहा कि जातिगत जनगणना के मौजूदा प्रारूप दोषपूर्ण है, जिससे साफ पता चलता है कि इस जातिगत जनगणना करने में मोदी सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि इसकी प्रश्नावली रद्द की जाए। तेलंगाना और बिहार में अपनाई गई पद्धति के अनुसार जातियों की प्रमाणित सूची (ड्रॉपडाउन सूची) के आधार पर नई प्रश्नावली तैयार कर देशभर में पारदर्शी तरीके से जातिगत जनगणना कराई जाए। साथ ही राजनीतिक दलों, विशेषज्ञों और जनता से व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही नई प्रश्नावली तैयार की जाए, ताकि प्रत्येक जाति और समुदाय की सही संख्या सामने आ सके तथा जाति जनगणना सटीक, सार्थक व सामाजिक न्याय के लिए उपयोगी साबित हो।

हमारा मानना है कि आगामी जनगणना के लिए अधिसूचित 40 प्रश्नों में से सवाल नंबर 10 से ही स्पष्ट हो जाता है कि मोदी सरकार जातिगत जनगणना से भाग रही है। इस सवाल में मोदी सरकार ने ओपन-एंडेड (खुला प्रारूप) विकल्प अपनाने का फैसला किया है, जबकि इसकी जगह ड्रॉपडाउन सूची का होना बेहद जरूरी था। ड्रॉपडाउन सूची में सरकार द्वारा मान्य जातियों की एक तय सूची पहले से ही दर्ज होती है। जनगणना करने वाले गणनाकार को नागरिक की जाति पूछकर सूची में से उसे चुनना होता है लेकिन दूसरी तरफ ओपन-एंडेड सवाल में कोई पूर्वनिर्धारित सूची नहीं होती। नागरिक अपनी जाति या उपजाति का जो भी नाम बताएगा, गणनाकार उसे हूबहू (स्पेलिंग सहित) फॉर्म में लिख लेगा। ऐसे में मौजूदा प्रारूप के अंतर्गत ओपन-एंडेड सवालों के जरिए जातियों की सही गिनती संभव नहीं हो पाएगी और इस प्रक्रिया से आने वाला डेटा पूरी तरह अव्यवहारिक हो जाएगा।

# सांसद तनुज पुनिया का पांचवे दिन धरना जारी

**लखनऊ।** कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई जनसभा के बाद जनसभा के मंच को भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बजाय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गये फर्जी एफ आई आर को निरस्त किए जाने एवं दोषियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा अनिश्चितकालीन धरने के तहत इको गार्डेन में शनिवार को पांचवें दिन उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं लखनऊ के सैंकड़ों कांग्रेसजनों द्वारा धरना दिया। धरना देने वालों में प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति विभाग की प्रवक्ता सिद्धिश्री, पवन देवी कोरी, राम बदन बौद्ध, मनीष हिंदवी, विद्या गौतम, विशम सिंह, मुरली मनोहर, आशीर्वाद श्रीवास्तव सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।



# गुमशुदा बच्चों को घर पहुंचाने में यूपी की बाल हेल्पलाइन बनी मददगार

**लखनऊ।** प्रदेश में गुमशुदा बच्चों की तलाश और उन्हें सुरक्षित परिवार तक पहुंचाने के लिए संचालित बाल हेल्पलाइन-1098 पर सात माह में करीब 20,500 गुमशुदगी से जुड़े मामले दर्ज हुए। इनमें 18,123 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। बच्चों के मिलने से संबंधित 9,146 मामलों में भी 8,419 मामलों का समाधान किया गया है। बाल हेल्पलाइन के आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी से एक अगस्त 2026 तक बच्चों से संबंधित कुल 58,293 मामले प्राप्त हुए। इनमें 50,589 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। गुमशुदा बच्चों से जुड़े मामले हेल्पलाइन पर आने वाले प्रमुख मामलों में शामिल रहे। बाल हेल्पलाइन के माध्यम से गुमशुदगी की सूचना संबंधित अधिकारियों और बाल संरक्षण इकाइयों तक पहुंचाई जाती है। इसके बाद बच्चे की तलाश, बरामदगी और परिवार से पुनर्मिलन की प्रक्रिया शुरू की जाती है।

# लखनऊ में ड्रग नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

## एएनटीएफ-एफएसडीए की संयुक्त छापेमारी में 9.60 लाख एल्प्राजोलाम टैबलेट

विशेष संवाददाता (vol)

- **1.20 लाख ट्रामाडोल कैप्सूल और 720 कोडीनयुक्त कफ सिरप जब्त; छह गिरफ्तार**
- **228 किलो नशीली दवाएं बरामद**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को नशे के कारोबार से मुक्त कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में ड्रग माफिया और नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई चेन के खिलाफ कार्रवाई तेज है। सरकार के इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए एएनटीएफ लखनऊ यूनिट और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की संयुक्त टीम ने राजधानी लखनऊ में नशीली दवाओं के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया है।

ट्रांसपोर्ट नगर में की गई कार्रवाई में करीब 228 किलोग्राम नशीली दवाएं बरामद हुई हैं। इनमें 9.60 लाख एल्जोमैक-0.5 (एल्प्राजोलाम) टैबलेट, 1.20 लाख स्पैसमोनाम प्लस (ट्रामाडोल एचसीएल) कैप्सूल और कोडीनयुक्त ओनेरेक्स 100 एमएल कफ सिरप की 720 बोतलें शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान सात मोबाइल फोन और 11,140 रुपये नकद भी मिले। मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एएनटीएफ को ट्रांसपोर्ट नगर में नशीली दवाओं की बड़ी खेप पहुंचने की सूचना मिली थी। 3 सितंबर को टीम ने मकान संख्या एस-363/364 के आसपास निगरानी शुरू की। इसी दौरान तीन लोग कार्टूनों को बोरियों में छिपाते दिखाई दिए। संदेह के आधार पर तलाशी लेने पर किशन वासवानी, समीर अहमद और शाद इरशाद के कब्जे से बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुईं। कार्रवाई में एफएसडीए की टीम भी शामिल रही। औषधि निरीक्षकों ने बरामद दवाओं के नमूने जांच के लिए सुरक्षित किए। पूछताछ आगे बढ़ी तो सप्लाई नेटवर्क की अगली कड़ी सामने आई। किशन वासवानी और समीर अहमद ने दवाओं की आपूर्ति कन्हैया फार्मा के संचालक उमेश कुमार से होने की जानकारी दी। इसके आधार पर उमेश कुमार और सतेन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि उमेश कुमार कथित तौर पर सतेन्द्र सिंह की फर्म के दस्तावेजों का इस्तेमाल नशीली दवाओं की बिलिंग के लिए करता था। इसके एवज में सतेन्द्र सिंह को कमीशन दिए जाने की बात सामने आई है। एफएसडीए की जांच के दौरान कन्हैया फार्मा में प्रॉक्सीमेक-एसपीएएस कैप्सूल के 1,116 डिब्बों सहित सात प्रकार की दवाएं मिलीं। फर्म संचालक दवाओं के खरीद और बिक्री से संबंधित पूर्ण अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद एफएसडीए ने कन्हैया फार्मा को सील कर दिया। जांच का दायरा बढ़ाते हुए टीम ने शाद इरशाद से पूछताछ की। इसमें विशाल चौरसिया का नाम सामने आया। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में विशाल ने शाद को नशीली दवाओं की आपूर्ति करने की बात बताई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कोडीन से जुड़े एक मामले में अमीनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद उसका दवा लाइसेंस निरस्त हो चुका था। इसके बाद वह कथित तौर पर दूसरी फर्मों के माध्यम से नशीली दवाओं का कारोबार कर रहा था।

# चीनी-इथेनॉल के नाम पर किसानों के साथ बड़ा अन्याय, पूरे मामले की जांच हो : सुनील

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार की चीनी और इथेनॉल नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार को देश के किसानों को यह बताना होगा कि चीनी और इथेनॉल से पैदा होने वाले आर्थिक लाभ में गन्ना किसान का हिस्सा आखिर कहां है? उन्होंने कहा कि किसान खेत में खून-पसीना बहाकर गन्ना पैदा करता है। उसी गन्ने से चीनी बनती है और उसी से इथेनॉल का कारोबार खड़ा किया जा रहा है। जब मिलों और कारोबारियों के लिए कमाई के रास्ते बढ़ रहे हैं तो किसान की आमदनी और गन्ने के मूल्य में उसी अनुपात में बढ़ोतरी क्यों नहीं हो रही?

उन्होंने कहा कि लोकदल को इस पूरे खेल में पारदर्शिता चाहिए, केवल सरकारी दावे नहीं। वर्ष 2014 से 2026 तक चीनी और इथेनॉल नीति के तहत हुए पूरे आर्थिक लेन-देन का हिसाब जनता के सामने रखा जाए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सीबीआई जांच होनी चाहिए। जांच में यह सामने आना चाहिए कि इस नीति से किसे कितना आर्थिक लाभ मिला, किसानों को कितना मिला और किसानों के हिस्से का वास्तविक लाभ कहां गया। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी स्तर पर अनियमितता, मिलीभगत या किसानों के हितों के साथ धोखा सामने आता है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सुनील सिंह ने कहा कि लोकदल की स्पष्ट मांग है कि चीनी के आयात पर सरकार तत्काल रोक लगाए। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब देश का किसान गन्ना पैदा कर रहा है, चीनी मिलें देश में मौजूद हैं और उसी गन्ने से इथेनॉल भी बनाया जा रहा है, तो फिर बाहर से चीनी मंगाने की जरूरत क्यों पड़ रही है।

# सपा ने शिक्षक दिवस पर आयोजित किया पाठशाला पुकारे




**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिक्षक दिवस पर देशवासियों और सभी शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में जिन 26 हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए हैं, उन सभी स्कूलों में सपा शनिवार को शिक्षक दिवस 5 सितंबर के दिन पाठशाला पुकारे कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसका मूल उद्देश्य ये संदेश देना है कि बंद स्कूल खुलेगा, तो पीडीए पढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे मूल भावना ये है कि शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए क्योंकि शिक्षा से ही शोषित-वंचित, गरीब-पीड़ित समाज में वो सामाजिक-राजनीतिक चेतना और जागरूकता आएगी जो प्रभुत्ववादियों के वर्चस्व को चुनौती देकर भेदभाव को खत्म करेगी, बराबरी लाएगी और समता-समानता पर आधारित सामाजिक न्याय का राज लाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाएगी, हमारे बंधु राष्ट्र के संकल्प को साकार कर दिखाएगी। शिक्षक दिवस के अवसर पर सपा भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में बंद किये सभी प्राथमिक विद्यालयों के पास पाठशाला पुकारे कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रमों में सभी जगहों पर पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता और समर्थक बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

संक्षेप

## बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से हुई दुर्घटना में चोटहिल को धमकी देने के आरोप में लालगंज पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के कहारन का पुरवा शीतलमऊ निवासी अखिलेश यादव पुत्र लालजी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तीन सितम्बर को वह अपनी ससुराल से पत्नी प्रीति के साथ घर वापस लौट रहा था। शीतलमऊ जलेसरगंज रोड पर तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। पीड़ित ने इलाज के लिए आरोपी से पैसे की मांग की तब उसने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्ति में डूबी 62वीं वाहिनी एसएसबी

**भिनगा।** 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भिनगा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यवाहक कमांडेंट एवं द्वितीय कमान अधिकारी ललेंद्र रत्नाकर सहित अधिकारी, जवान और उनके परिवारजन मौजूद रहे। जन्माष्टमी के अवसर पर वाहिनी परिसर स्थित मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। शाम से ही मंदिर में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में भाग लिया और भजनों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण को झूला झुलाया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ मटकी फोड़ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मटकी फूटते ही परिसर में खुशी और उल्लास का माहौल बन गया। कार्यवाहक कमांडेंट ललेंद्र रत्नाकर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म, न्याय और अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहने की प्रेरणा देता है। इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में उप कमांडेंट पीयूष सिन्हा, गोबर्धन पुजारी, सहायक कमांडेंट राहुल भरत माली, गौतम आजाद सहित वाहिनी के अधिकारी, जवान और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर 30 शिक्षक सम्मानित



**सिद्धार्थनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर समर्पण, नवाचार एवं शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर से राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार-2025 वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण अम्बेडकर सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने देखा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया।

विधायक विनय वर्मा ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथों में है और उनके सामाजिक एवं शैक्षिक विकास की जिम्मेदारी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने 30 शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि रिंकू पाल, पीडी अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

- **सीएम के कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर**

## समाधान दिवस में 110 शिकायतें आठ का मौके पर निस्तारण

**श्रावस्ती।** तहसील भिनगा में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनका निस्तारण पूरी निष्पक्षता के साथ किया जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित शिकायतों की खुद समीक्षा करें, ताकि कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रहे।

डीएम ने खासतौर पर भूमि विवादों के मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि समाधान दिवस में पुलिस से जुड़ी शिकायतों का समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी फरियादी की शिकायत के निस्तारण में थानाध्यक्ष की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित थानाध्यक्ष के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिले की तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 शिकायतें प्राप्त हुईं। भिनगा में 39 शिकायतों में से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। इकौना में 46 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 का मौके पर ही समाधान हुआ। वहीं जमुनहा में 25 शिकायतों में से 1 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के लिए भेजा गया। इकौना तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ने की, जबकि जमुनहा में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। स दौरान एसडीएम भिनगा आशीष भारद्वाज, मुख्य चिकित्साधिकारी, सीओ भिनगा, परियोजना निदेशक अजय कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के.पी. मिश्र, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व फरियादी मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन सहित श्रावस्ती के थानों में गूंजी कान्हा की किलकारी



**श्रावस्ती।** कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाली खाकी भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पुलिस लाइन सहित जनपद के सभी थानों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच मनाया गया। मंदिरों और पूजा स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा देर रात तक भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा। पुलिस लाइन में आयोजित जन्माष्टमी समारोह में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की आकर्षक झांकी सजाई गई। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और सजावटी सामग्री से पूजा स्थल को भव्य रूप दिया गया। जैसे-जैसे रात बढ़ती गई, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। भजन और संकीर्तन के बीच वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो गया। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का क्षण आते ही पूरा परिसर ह्यनंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पुलिसकर्मियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी जन्मोत्सव में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। जनपद के विभिन्न थानों में भी जन्माष्टमी को लेकर विशेष तैयारियां की गई थीं। थानों में भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां सजाने के साथ ही पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। ड्यूटी के साथ धार्मिक आस्था और परंपरा के प्रति पुलिसकर्मियों का यह समर्पण लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। गौरतलब है कि पुलिस विभाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पुलिसकर्मियों को अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का भी अवसर देता है। दिन-रात कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले पुलिसकर्मी इस अवसर पर परिवार और सहकर्मियों के साथ कुछ पल भक्ति और उल्लास में बिताते नजर आए। श्रावस्ती में पुलिस लाइन से लेकर थानों तक जन्माष्टमी की रात भक्ति, उल्लास और आपसी सौहार्द का संदेश देती रही। खाकी के इस कृष्णमय रूप ने लोगों को यह एहसास कराया कि जिम्मेदारियों के बीच भी भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था के लिए उसके मन में उतनी ही गहरी जगह है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमें में नामजद आरोपी को हिरासत में लेकर शुक्रवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मोतीराम का पुरवा पहाड़पुर में युवक ससुराल आया था। फिरोजाबाद जिले के थाना नगला सिंगी के रामपुर निवासी श्याम सुन्दर शुक्ला पुत्र महेश शुक्ला बीती दो सितम्बर को ससुराल आया था। पत्नी की विदाई को लेकर गांव के प्रदीप मिश्रा ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक की चीख पुकार पर आरोपी द्वारा जानलेवा हमले की नीयत से गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी द्वारा पीड़ित को जानलेवा धमकी भी दी गयी। चोटहिल की तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने आरोपी प्रदीप के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया। दरोगा जगयेस कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के डभियार मार्ग के सराय सेतन मोड़ के समीप पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

## संदिग्ध परिस्थितिमें 17 वर्षीय युवक की मौत


**श्रावस्ती।** कोतवाली भिनगा क्षेत्र के ग्राम पटना खरगौरा में करीब 17 वर्षीय अजय कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान और थाना प्रभारी पुलिस बल तथा फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि रात में अजय की तबीयत खराब हो गई थी। खाना खाने के बाद वह सो गया। सुबह जब परिजनों ने उसे देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। मामले में पुलिस की ओर से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कमान संभालते ही एक्शन में नवागत तहसीलदार शेखर शुक्ला

जिला संवाददाता (vol)

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** बांसी तहसील के नवागत तहसीलदार एवं मजिस्ट्रेट शेखर शुक्ला ने कार्यभार संभालने के साथ ही तहसील की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में सक्रियता दिखाई है। उन्होंने तहसील के राजस्व कर्मीअमिनों की आवश्यक बैठक लेकर राजस्व बकायों की वसूली में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

नवागत तहसीलदार ने तहसील दिवस की सार्थकता पर जोर देते हुए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों की गंभीरता से सुनवाई की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों को समयबद्ध ढंग से न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है।



- **राजस्व वसूली में तेजी के निर्देश, लंबित वादों के त्वरित निस्तारण और फरियादियों को न्याय दिलाने पर जोर**

तहसीलदार शेखर शुक्ला ने कहा कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। तहसीलदार न्यायालय में लंबित वादों की नियमित सुनवाई कर उनका यथासंभव शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा, जिससे वादकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े और उन्हें त्वरित न्याय सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। राजस्व मामलों के निस्तारण से लेकर जनसुनवाई तक प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

कार्यभार संभालने के बाद से ही तहसीलदार शेखर शुक्ला की सक्रिय कार्यशैली और फरियादियों के प्रति सहज एवं व्यवहार-कुशल रवैये की क्षेत्र में चर्चा है। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने भी उनकी कार्यकुशलता, सरल व्यवहार एवं समस्या सुनने के तरीके की सराहना की। नवागत तहसीलदार की सक्रियता से तहसील स्तर पर लंबित मामलों के निस्तारण, राजस्व वसूली और जनसमस्याओं के समाधान में तेजी आने की उम्मीद जगी है।

## पति समेत ससुराली जनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** दहेज उत्पीड़न को लेकर उदयपुर पुलिस ने पति समेत ससुराली जनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे लोका अठेहा निवासिनी वर्षा सिंह पुत्री जगत बहादुर सिंह ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह रायबरेली जिले के नसीराबाद थाने के गडेरियन बेवल गांव में अरविन्द सिंह पुत्र भारत सिंह के साथ हुआ है। तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि शादी के बाद पति अरविन्द सिंह, ससुर भारत सिंह, सास अनीता सिंह व रामदेव सिंह पुत्र रामनरेश, आरती पुत्री रामदेव, महेन्द्र सिंह पुत्र रामदेव तथा सोनी पत्नी महेन्द्र दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों द्वारा पीड़िता का स्त्री धन भी रख लिया गया। पीड़िता ने मायके आकर आपबीती सुनाई तब परिजन आवाक रह गये। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति अरविन्द समेत ससुराली जनों के खिलाफ उत्पीड़न तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कन्हैया की झांकी पर निहाल हुए भक्त, मंदिरों में टेका मत्था



**प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाबा घुइसरनाथ धाम समेत विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने सजी आकर्षक झांकियों का दर्शन कर कन्हैया का विधि विधान से पूजन किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रातः काल से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा दिखा। भक्त भगवान श्रीकृष्ण के लड्डू गोपाल के मनमोहक स्वरूप को निहारते दिखे। वहीं बाबा घुइसरनाथ का भी श्रृंगार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान माधव बिहारी के स्वरूप में देख भक्त आनन्दित हो उठे। लालगंज के हरिहर मंदिरम्, राधा मोहन मंदिर, श्री हनुमत निकेतन, प्राचीन शिव मंदिर समेत विभिन्न स्थानों पर भी भगवान की झांकी आकर्षक सज्जा में भक्तों को मुदित करती दिखी। कोतवाली प्रांगण में देर शाम प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के संयोजन में भजन संध्या में भी श्रीराधे कृष्ण संकीर्तन में भी भक्त मंत्रमुग्ध दिखे। उदयपुर तथा सांगीपुर व लीलापुर थाने में भी मंदिर पर भगवान द्वारिकाधीश की झांकी को श्रद्धालु निहारते दिखे। मंगापुर, अठेहा, दीवानगंज, अमावां, रानीगंज कैथौला, भटनी, रामपुर बावली, धारूपुर, बाबूगंज, सगरासुन्दरपुर, साहबगंज, रानीगंज अजगरा आदि क्षेत्रों में भी कन्हैया के जन्म का उत्सव भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों तथा झांकियों को फूलों व बिजली की रोशनी से खास ढंग से सजाया गया था। वहीं नौनिहालों को राधा रानी के वेश में भक्तिभावना का मनोहारी प्रस्तुतिकरण में देखा गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजारों में भी चहल पहल का माहौल दिखा।

# पटाखा दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सीओ पैनी नजर



**बांसी, सिद्धार्थनगर।** आगामी पर्वों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बांसी पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में शनिवार को क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह ने प्रभारी निरीक्षक बांसी मृत्युंजय पाठक एवं थाना पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संचालित पटाखा दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ शुबेंदु सिंह ने पटाखा दुकानदारों से दुकानों में रखे पटाखों के भंडारण, मात्रा एवं विस्फोटक क्षमता की जानकारी लेते हुए सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। उन्होंने दुकानों में आग से बचाव के लिए उपलब्ध रेत, पानी, अग्निशमन यंत्र एवं अन्य आवश्यक अग्निशमन उपकरणों की स्थिति भी परखी।

सीओ ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पटाखों का भंडारण निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जाए तथा दुकान के आसपास किसी भी प्रकार की ऐसी वस्तु न रखी जाए, जिससे आग लगने या दुर्घटना का खतरा बढ़े। उन्होंने सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक सावधानियों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। वहीं प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने पुलिस टीम के साथ निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और पटाखों के कारोबार में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बांसी पुलिस की इस सक्रिय पहल से पटाखा कारोबारियों में सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। पुलिस टीम ने दुकानदारों को नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से कारोबार करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक बांसी मृत्युंजय पाठक सहित थाना बांसी के अन्य अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# घरेलू और बाहरी मोर्चे पर पूरी तरह विफल है मोदी सरकार : प्रमोद

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार घरेलू एवं बाहरी मोर्चे पर विफलता से जवाबदेही से कतराने के लिए विपक्ष के साथ दमनकारी रवैया अख्तियार कर रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर मोदी सरकार के इशारे पर भाजपा के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समर्थकों की मदद से देश भर में लगातार फर्जी मुकदमें कायम कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में चढ़ावा चंदा चोरी और छात्रों पर पैलट गन का इस्तेमाल करने पर राहुल गांधी सवाल पूछ रहे हैं तब सरकार तानाशाही के जरिये विपक्ष की आवाज को रोकने का असफल प्रयास कर रही है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने अपने स्वागत में उमड़े कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा कि महंगाई तथा बेरोजगारी व विदेश तथा अर्थनीति में भाजपा की सरकार की असफलता को लेकर वह संघर्ष की आवाज तेज करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पीएम की खामोशी और कमजोर विदेशनीति के कारण पड़ोसी बांग्लादेश तथा पाकिस्तान में हिन्दुओं पर हमले और मंदिर ध्वस्तीकरण की असहनीय घटनाओं में इजाफा जारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे में प्रधानमंत्री की चुप्पी देश के लिए समझ से परे है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि सेवा ट्रस्ट के सीईओ के रूप में एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्र के चयन का सांसद प्रमोद तिवारी ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नये सीईओ से वहां आस्था की सुरक्षा के लिए बेहतर उत्तरदायित्व की उम्मीद है। सांसद प्रमोद तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया। यहां धार्मिक आयोजन में उन्होंने कहा कि यह पर्व कर्म का प्रधान बताते हुए हमें याद दिलाता है कि मनुष्य के जीवन में कर्म ही सबसे महान है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर जन समस्याओं की सुनवाई भी की। देर शाम सांसद प्रमोद तिवारी पैतृक गांव संग्रामगढ़ पहुंचे। यहां वह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पुस्तैनी मंदिर में आयोजित धार्मिक उत्सव में शामिल हुये। यहां पूर्व प्रमुख पुष्पा देवी, आशीष उपाध्याय, अवनीश शर्मा, अरूण तिवारी आदि ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल भी मौजूद रहे।

- **सांसद प्रमोद तिवारी का ढोल नगाड़ों और गाजे बाजे के साथ पुष्पवर्षा के बीच हुआ जोरदार स्वागत**

## पटाखा फैक्ट्री विस्फोट का इनामी गिरफ्तार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में 31 अगस्त को हुए पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में 14 लोगों की मौत के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी शकील अहमद को एसओजी और पिपरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार रात सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार शकील इस मामले में वांछित छठा और आखिरी आरोपी था। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एसओजी टीम को सूचना मिली थी कि पटाखा फैक्ट्री विस्फोट का आरोपी शकील अहमद बाइक से जा रहा है। सूचना के आधार पर एसओजी और पिपरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने उसका पीछा किया आरोपी शकील अहमद के मकान और गोदाम को प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार शाम बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

## शिक्षक दिवस पर भेंट की रामचरितमानस

**लालगंज रायबरेली।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर आजीवन रामचरितमानस वितरण के क्रम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रान सिंह ऐहार के प्रधानाध्यापक मनोज पाण्डेय को राम भक्त चंदन त्रिवेदी के द्वारा पवित्र रामचरितमानस धार्मिक ग्रंथ भेंट की गई। रामायण मर्मज्ञ देवेन्द्र मोहन त्रिपाठी और अतुल मिश्रा ने कहा कि तुलसी का सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है। किसी भी महान संस्कृति को अपनी स्थिर आध्यात्मिक नींव पर टिके रहने और जीवन देने वाली प्रेरणा के रूप में कार्य करने के लिए पौराणिक कथाओं और पवित्र चरित्रों की आवश्यकता होती है। मानस ने संसार के कष्टों से त्रस्त लाखों लोगों को आशा और शांति प्रदान की है। वरिष्ठ समाजसेवी श्याम मनोहर शुक्ल ने बताया कि श्रीरामचरितमानस की रचना में 2 वर्ष 7 माह 26 दिन का समय लगा था और गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसे संवत 1633 (1576 ईस्वी) के मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में राम विवाह के दिन पूर्ण किया था।

# मेरठ में गोकशी का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मेरठ।** जिले में पुलिस ने कथित तौर पर गोकशी की तैयारी कर एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। मवाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज लवानिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अटौरा रोड रजवाहे की पटरी के पास गन्ने के खेत में दो लोग एक गोवंश को वध के लिए ले जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर खेत की घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। लवानिया बताया कि इस दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी बिलाल के बाएं पैर में गोली लग गई जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर मवाना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बिलाल का साथी भूरा उर्फ जावेद मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मौके से एक गोवंश, .315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक कारतूस, एक खोखा तथा गोकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में मवाना थाने में भारतीय न्याय संहिता, आयुध अधिनियम और उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लवानिया ने बताया कि बिलाल और भूरा उर्फ जावेद के खिलाफ पहले भी विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# कार्यकर्ताओं ने प्रमोद तिवारी का किया गर्मजोशी से स्वागत

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का शुक्रवार को रामपुर खास पहुंचने पर अभूतपूर्व स्वागत हुआ दिखा। जिले की अगई सीमा पर जैसे ही सांसद प्रमोद तिवारी पहुंचे यहां इंतजार कर रहे हजारों की तादात में उमड़े कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत का भाव देख सांसद प्रमोद तिवारी के चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ प्रसन्नता भी झलकती दिखी। यहां ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू की अगुवाई में सांसद प्रमोद तिवारी का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। डीजे की धुन पर नाचते गाते समर्थकों में सांसद प्रमोद तिवारी के स्वागत को लेकर उमंग व उत्साह सिर चढ़कर बोलता दिखा। आधा दर्जन से अधिक जेसीबी सवार उत्साही युवाओं को



जगह जगह सांसद प्रमोद तिवारी का पुष्पवर्षा में मगन देखा गया। रानीगंज कैथौला बाजार में परसुराम चैराहा पर समाजसेवी पप्पू तिवारी तथा पूर्व प्रधान रामचन्द्र तिवारी व पूर्व प्रमुख ददन सिंह, छोटे सिंह तथा रवि सिंह आदि के संयोजन में व्यापारियों द्वारा भी पुष्प वर्षा के जरिए प्रमोद तिवारी का जोरदार स्वागत हुआ दिखा। अर्जुनपुर मोड़, सारीपुर मोड़, रायपुर तियाई बाजार, कैथौला, रामगंज बाजार, देउम चैराहा में भी सांसद प्रमोद तिवारी के स्वागत के लिए ग्रामीणों तथा महिलाओं की बड़ी संख्या में हाईवे के दोनों किनारों पर उत्साहित देखा गया। स्वागत के जोशीले माहौल के बीच निर्धारित समय पर अगई सीमा पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी अपने अगले कार्यक्रमों के लिए घंटों विलम्ब में भी देखे गये। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्रा, आशीष उपाध्याय, पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, डॉ. अमिताभ शुक्ल, लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, अरविन्द सिंह, अनिल महेश, विकास मिश्र, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, दारा सिंह, शिवबहादुर सरोज, छोटे लाल सरोज, रामसुंदर पटेल, रामू मिश्र, हृदयनारायण मिश्र, आचार्य विद्याधर पटेल, संजय बघेल, राजू मिश्रा, उदय शंकर दुबे, राकेश चतुवेर्दी, पवन शुक्ला, कमल सिंह, जय सिंह, अतुल शुक्ला, त्रिभू तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, राहुल मिश्रा, सत्यम मिश्रा, चंदन पाण्डेय, जितेन्द्र द्विवेदी, विनय पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, झंझटी सिंह, सोनू तिवारी, रामबोध शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, कुबेरपति मिश्र, मनोज तिवारी, आशुतोष शुक्ला, पंकज मिश्रा, प्रीतेन्द्र ओझा, लवलेश पटेल, राम सिंह पटेल, लालजी पटेल, राकेश चतुवेर्दी, अजीत सिंह, प्रिंस दुबे, अक्षत तिवारी, महानंद पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, मंटू उपाध्याय, महंथ द्विवेदी, माता प्रसाद शुक्ला, प्रमोद दुबे, अवनीश शुक्ला, संजय द्विवेदी, जितिन तिवारी, रिंकू पाण्डेय आदि रहे।

संक्षेप

## 20 साल से तैनात है लाइनमैन, हटाने की मांग

**इटावा।** उ.प्र. पावर कारपोरेशन लखनऊ के अध्यक्ष को सुंदरपुर बिजली घर पर तैनाती कर्मचारी के लम्बे समय से एक ही स्थान पर टिके रहने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की अज्ञात की मांग की गई है। प्रेम चन्द्र एडवोकेट पुत्र मूल चन्द्र निवासी करमगंज शहर इटावा ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि सुंदरपुर बिजली घर पर कुछ कर्मचारी उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के नियमों का उल्लंघन करके लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। पावर कॉरपोरेशन के नियमानुसार कोई भी कर्मचारी एक ही स्थान पर अधिकतम 3 से 5 वर्ष तक ही तैनात रह सकता है। कर्मचारी द्वारा अधिकारी को बहला फुसलाकर अपना स्थानांतरण रूकवा लिया जाता है नही तो राजनैतिक दबाव बना लिया जाता जैसे कि राजू उर्फ जगमोहन पिछले 20 से 22 वर्षो से एक ही स्थान पर टिके हुए हैं यह सीधे तौर पर पावर कारपोरेशन के नियमों की खुली अवहेलना की जा रही है। जब भी बिजली घर पर कोई नया अधिकारी आता है तो यह कर्मचारी उन्हें अपनी बातों में फंसा लेता है जिससे आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उच्चाधिकारियों के साथ रहकर अवैध वसूली की जाती है। जनहित और पावर कारपोरेशन के नियमों को ध्यान में रखते हुए इस मामले की संज्ञान में लिया जाये जो आम जनमानस के हित में हो। उक्त संविदा कर्मचारी राजू उर्फ जगमोहन जो लगभग 20 साल से एक ही स्थान पर तैनात है उसका स्थानांतरण तत्काल से किसी अन्य क्षेत्र में किया जाए।

**वाहन की टक्कर से युवक की मौत**

**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत इटावा-कन्नौज हाईवे पर शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 16 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सड़क पर युवक को पड़ा देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

**सूचना**

प्रार्थी के ओरिजिनल omaxe की पेमेंट रिसीप्ट निशातगंज चौराहे के पास खो गये है Receipt no. 1911336 dt. 9-9-2022Amt. 424078 कृपया करके अगर मिले तो बताने का कष्ट करें Satish Chandra Gupta

**NOTICE**

I Inform that prior to my marriage, my name was recorded as Preeti Agrawal in the bank's official records; however, my name is registered as Preeti Mittal on my Aadhaar card and PAN card. Both Preeti Agrawal and Preeti Mittal refer to me.

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अमन को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **साईना पत्नी बबलू नि. 98/18, भूसा मंडी, अमीनाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री रूकसी महमूद उर्फ तलिहा रूकसी पत्नी सलमान अहमद सिद्दीकी को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **डा. महमूद हुसैन पुत्र स्व. यूसुफ हुसैन नि. म.नं. 86/222, राम गोपाल विद्यान्त रोड, मकबूल गंज, थाना कैसरबाग, लखनऊ।**

**एलान गायब गैर मफकूदुल खबर**
**ममला नम्बर: 1369/89**

फरीक अव्वलः अजमी बिन्त मुश्ताक अहमद मरहूम, साकिन 161/347 पुराना टिकैतगंज, लखनऊ

**बनाम**

फरीक दोमः आसिफ अन्सारी वल्द सिकन्दर अन्सारी, साकिन 70/355 अकबरी गेट, लखनऊ

**इत्तिला बनाम (आसिफ अन्सारी) फरीक दोम**

फरीक अव्वल अजमी बिन्त मुश्ताक अहमद मरहूम ने आप के खिलाफ यहाँ दारूल कजा में नान नफ्का न देने, हकूके जौजियत अदा न करने और लम्बे अरसे से गायब व लापता रहने की बुनियाद पर फस्ख ए निकाह का दावा किया है, इस एलान के जरिये आप को इत्तिला दी जाती है कि आप जहाँ कहीं भी हों बतारीख 20 सितम्बर 2026 ई0 दिन इतवार को सुबह दस बजे मरकजी दारूल कजा नदवतुल उलमा टैगोर मार्ग लखनऊ के दफ्तर में खुद हाजिर होकर या अपनी तरफ से किसी को बाकायदा वकील मुकर्रर करके इस मामले की पैरवी करें, मजकूरा तारीख पर पैरवी न पाये जाने की सूरत में इस मामले का तस्फिया एकतरफा तौर पर कर दिया जायेगा और तस्फिया हो जाने के बाद कोई उज्र या बहाना काबिले समाअत नहीं होगा।

**नियाज अहमद नदवी**
**(रूक्न काजी कोन्सिल)**
**मरकजी दारूल कजा नदवतुल उलमा**

# गोरक्षपीठ में सीएम ने मनाया गोपाल का प्राकट्योत्सव

## सीएम ने गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में की पूजा-अर्चना, श्रीकृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप को पालने में झुलाया



जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** भक्ति, प्रेम व धर्म के शाश्वत आलोक, गोपाल, जगतपाल, पूर्ण परब्रह्म, भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्योत्सव का पवित्र पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, शिवावतार महायोगी गोरखनाथ की साधनास्थली गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक श्रद्धा, भव्यता एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। गोरक्षपीठ के इस पारंपरिक कार्यक्रम का नेतृत्व करने के लिए, गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार रात लखनऊ से गोरखपुर पहुंचे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह से मध्य रात्रि तक, मथुरा से लेकर लखनऊ और गोरखपुर तक, समस्त योगियों के परमेश्वर माने जाने वाले योगेश्वर श्रीकृष्ण की साधना में रमे रहे। सुबह उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा स्थित जन्मभूमि मंदिर में कान्हा की विधि विधान से आराधना कर प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। शाम को वह लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में सम्मिलित हुए और फिर रात में गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर उन्होंने पारंपरिक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में प्रभु के प्राकट्य अनुष्ठान को पूर्ण कराया।

गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक पुष्पार्चन किया, उनका आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री यहां पहुंचे और सुमधुर भजनों का आनंद उठाते हुए राधा-कृष्ण बने बच्चों को दुलारकर उन्हें उपहार देते रहे।

गोरक्षपीठाधीश्वर ने मध्य रात्रि गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विधि विधान से विशिष्ट पूजा अर्चना की। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के बाद 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' और ह्यश्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवह्न की मंगल धुन, सोहर गीत और घंट-घड़ियाल की ध्वनि के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें गोद में लेकर गर्भगृह से बाहर आए। सीएम योगी ने, प्रभु श्रीहरि के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को फूलों से सजे पालने में बैठाकर श्रद्धाभाव से उन्हें झुलाया और आरती उतारी। प्रभु श्रीकृष्ण का प्राकट्य अनुष्ठान पूर्ण होने के उपरांत मंदिर की तरफ से श्रद्धालुओं को फलाहार और प्रसाद वितरित किया गया। गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन संध्या कार्यक्रम सुपरिचित लोक गायक डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शाम से ही जारी था। दूसरी तरफ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मुख्य धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के गर्भगृह में रात करीब साढ़े ग्यारह बजे से प्रारंभ हुआ और ठीक मध्य रात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोपरांत मंगल गीत व प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, कई साधु-संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एमसीए पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**बनवारपार, गोरखपुर।** उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल में शनिवार को महान शिक्षाविद एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उपहार और कलम भेंट किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में शिक्षकों के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। बच्चों ने शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान का भाव प्रकट करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य भी पुनः शुरू किया गया। सायंकाल आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, शिक्षा के प्रति उनके योगदान और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने के साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों एवं सद्गुणों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी डॉ. राधाकृष्णन को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। शिक्षा-निदेशिका रत्ना सिंह ने भी शिक्षक वर्ग को संबोधित करते हुए शिक्षक की जिम्मेदारियों और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

# शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट शिक्षकों को डीएम ने किया सम्मानित



**इटावा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने अपने कार्यालय कक्ष में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उन्हें शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं इसी क्रम में पी एम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज इटावा की प्रधानाचार्य अंजू मैडम को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए जिलाधिकारी महोदय ने सम्मानित किया ! जिलाधिकारी ने कहा– शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं ! उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के चरित्र निर्माण और बच्चों को सही दिशा देने में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व और भविष्य को भी आकार देते हैं ! जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों से पूरी निष्ठा, लगन और नवाचार के साथ शिक्षण कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास करने और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर जोर दिया ! उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किए जाने से शिक्षकों में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है, ताकि अन्य शिक्षक भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित हों !

# यमुना पुल से कूदी 75 वर्षीय वृद्धा का दो दिन बाद भी सुराग नहीं

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र में फकीरे की मढ़ैया गांव के पास बॉर्डर पर स्थित यमुना पुल से नदी में कूदी 75 वर्षीय वृद्धा का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। घटना आगरा जिले के बाह तहसील के चित्रहाट थाना क्षेत्र का है स्थानीय गोताखोरों और पीएसी की टीम ने लगातार यमुना नदी में तलाश अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद अभियान बंद कर दिया गया है। वृद्धा के लापता होने से परिवार के लोग परेशान और चिंतित हैं। आगरा जिले के चित्राहाट थाना क्षेत्र के गांव पुरा बीरवल निवासी 75 वर्षीय कल्लो देवी पत्नी शोभाराम बीते दिवस घर से बिना बताए निकल गई थीं। बताया गया कि वह फकीरे की मढ़ैया के पास यमुना पुल पर पहुंचीं और अपनी चप्पल उतारकर नदी में कूद गईं। राहगीरों ने वृद्धा को नदी में कूदते देखा और इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर बलरई थानाध्यक्ष आलोक कुमार और चित्राहाट पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुल पर वृद्धा की चप्पलें पड़ी मिलीं। वृद्धा के बेटे रमेश ने चित्राहाट पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। परिजनों के अनुसार कल्लो देवी के चार बेटे प्रेम सिंह, सत्यवान, देशराज और रमेश हैं। उन्होंने बताया कि वृद्धा अक्सर अपनी बहन के घर चली जाती थीं और दो-तीन दिन बाद वापस लौट आती थीं। इस बार भी घर से बिना बताए जाने पर परिजनों ने यही अनुमान लगाया था कि वह बहन के घर गई होंगी। परिजनों ने बताया कि अधिक उम्र के कारण वह मानसिक रूप से अस्वस्थ भी रहती थीं। यमुना नदी का बहाव तेज होने के कारण तलाश अभियान में काफी दिक्कत आई। स्थानीय गोताखोरों के साथ पीएसी के गोताखोरों ने दो दिन तक पुल के आसपास और नदी के विभिन्न हिस्सों में तलाश की। बाह तहसील क्षेत्र से राजस्व टीम भी मौके पर पहुंची। शनिवार को भी दिनभर यमुना नदी को खंगाला गया, लेकिन वृद्धा का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद गोताखोर वापस लौट गए और तलाश अभियान बंद कर दिया गया।

# शिक्षक दिवस पर सीएम के हाथों सम्मानित हुए 81 शिक्षक

**गोरखपुर।** शिक्षा व्यवस्था के उत्थान और शिक्षकों के सम्मान के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कितने संवेदनशील हैं, इसकी बानगी शनिवार को शिक्षक दिवस पर योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मान समारोह में देखने को मिली। राज्य अध्यापक पुरस्कार और मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित सभी 81 शिक्षकों को सीएम ने अपने हाथों पुरस्कार दिया, जबकि तय कार्यक्रम के अनुसार उन्हें सिर्फ 10 शिक्षकों को ही सम्मानित करना था। मुख्यमंत्री की इस पहल से प्रदेश भर से आए शिक्षक मुदित हो गए।

सीएम योगी को मंच पर राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित बेसिक शिक्षा विभाग के 5 और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 5 यानी कुल 10 शिक्षकों को ही अपने हाथ से पुरस्कृत करना था। पर, जब शिक्षकों को पुरस्कृत करने की बारी आई तो मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी चयनित 81 शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा और वह सभी को खुद पुरस्कृत करेंगे। इसके बाद पहले से तय 10 शिक्षकों के बाद सीएम योगी ने अन्य सभी 71 शिक्षकों को भी मंच पर बुलवाकर खुद पुरस्कृत किया।

मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत हुए शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि के रूप में 25 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक सौंपा। महिला शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने और पुरुष शिक्षकों को बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने अंगवस्त्र पहनाया। बाद में सभी पुरस्कृत शिक्षकों को मां सरस्वती की प्रतिमा भी भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त इन शिक्षकों को आजीवन उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में प्रतिवर्ष 4000 किलोमीटर की निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। साथ ही इनकी सेवानिवृत्ति की सीमा भी दो वर्ष बढ़ जाएगी।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए शिक्षक, बच्चों ने लिया आशीर्वाद

**गगहा, गोरखपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। लीलावती सिंह स्मारक इण्टर कालेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया। केक काटकर कक्षाध्यापकों का स्वागत किया तथा उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राधामोहन सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला हैं। वे विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और जीवन जीने की सही दिशा भी प्रदान करते हैं। उप प्रबंधक सुधाकर तिवारी ने कहा कि शिक्षक का सम्मान वास्तव में ज्ञान और संस्कार का सम्मान है। विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को जीवन में उतारना चाहिए। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसी क्रम में राधिका महाविद्यालय एवं राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, करवल मझगांवा में भी विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। बच्चों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के डायरेक्टर पुनीत से ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र के आरपीडी एकेडमी टिकरी, आरएल मेमोरियल स्कूल करवल मझगांवा, रघुराज सिंह किसान इंटर कॉलेज गगहा, आदर्श इंटर कॉलेज हाटा बाजार, चेतना जागृति एकेडमी सोनइचा, शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल बड़गो वरईपार तथा श्री नृसिंह भगवान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर गड्डी में भी शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दीनानाथ, रविन्द्र सिंह यादव, संजीव श्रीवास्तव, रीहांश सिंह ठाकुर, अभिमन्यु साहनी, ज्ञान प्रकाश सिंह, दीपचंद, मोनू गुप्ता, संजना पाण्डेय, हर्षिता पाण्डेय, काव्या पाण्डेय, अनुष्का पाण्डेय, अंशू यादव, महिमा, अश्वनी, नेहा यादव, सीमा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम : डॉ. रागिनी राय

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** शिक्षक, समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है ।वे विद्यार्थियों को सिर्फ विषय का ही ज्ञान नहीं देते बल्कि उनमें अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते है। उक्त बातें अखिलभाग्य स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रानापार में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रागिनी राय ने कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुधीर कुमार राय ने कहा कि शिक्षक शिल्पकार होता है ।उनका मार्गदर्शन शैक्षिक व व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम का संचालन अर्चिता गुप्ता व प्रियदर्शनी ने किया। योगेंद्र कुमार ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया ।छात्र व छात्राओं ने गीत, नाटक, भाषण व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत सबका मन मोह लिया।

# बारिश से दो कच्चे घर गिरने पर समाजसेवी ने मदद की



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के बिहार कस्बे मे तेज बारिश से दो घर उमाशंकर व राधे पुत्र सुखराम के कच्चे घर पूरी तरह से गिर गये। घर मे जरूरी सामान भी नष्ट हो गया। तभी क्षेत्र भ्रमण से लौट रहें राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह को गिरे घर दिख गये मानवेन्द्र सिंह तत्काल गाड़ी रोंककर पीड़ित असहाय परिजनों के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने गये घर की स्थिति कमजोर होने की जानकारी राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दी तो कृपालु उदार व्यक्तित्व के धनी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने तत्काल आर्थिक सहयोग उमाशंकर व राधे को देकर भारी राहत प्रदान की भविष्य मे भी परिवार की भांति सदैव खड़े रहने का भरोसा दिया इस दौरान क्षेत्रीय आमजनमानस से पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के समाजहित के कार्यों की सराहना की है।

# वृंदावन धाम में हर्षोल्लास से मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**इटावा।** शहर के छैराहा स्थित वृन्दावन धाम राधाबल्लभ मंदिर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व शुक्रबार को श्रद्धाभाव के साथ आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर लडडू गोपाल जी का ग्यारह मन दूध दही से बनाए गए पंचामृत से महाभिषेक किया गया। अभिषेक के समय साक्षात बृज धाम सा नजारा देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में जिले के ही नहीं कई राज्यों से श्रद्धालु महाभिषेक में शामिल होने के लिए आये थे। अभिषेक के समय जय जय श्रीराधे व राधाबल्लभ लाल के जयघोष गुंजायमान रहे। देर शाम फूल बंगला सजाकर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ मंदिर में रही ।जन्माष्टमी पर जो श्रद्धालु मथुरा व वृन्दावन नहीं पहुंच सके उन सभी ने यहीं पर बृज का आनंद उठाया।

ठाकुर जी के चरण सेवक गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी व प्रथम शर्मा ने सुबह सबसे पहले श्री राधा वल्लभ लाल जी महाराज व ठाकुर जी का विशेष पूजन अर्चन किया। सुबह 11 बजे मंदिर के गर्भगृह से ठाकुर जी को शंख व घंटे की ध्वनि व जयघोष के बीच बाहर लाया गया और पत्थर के प्राचीन पथरौटे में विराजमान किया गया। लंगोट धारण किए ठाकुर जी के दर्शनों की एक झलक को भक्त आतुर दिखाई दिए। इसके बाद महाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ।

गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी, चन्द्र प्रकाश गोस्वामी, वृन्दावन से आये योगेश महाराज, अमित गोस्वामी, उमेश तिवारी, प्रथम शर्मा, अंश गोस्वामी, वंश गोस्वामी ने भगवान का अभिषेक किया। दूध, दही, शहद, धृत व पंचमेवा से अभिषेक हुआ और दूध दही की धारा बराबर चलती रही। गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी भगवान के ऊपर चंवर डुलाते रहे। श्री कृष्णभक्ति गीतों के गायक बलवीर पांडे, व्रज रसिक हित आशीष व हित प्रदीप महाभिषेक के बीच में जन्म बधाईयां गाते रहे। भक्ति गीतों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु थिरकते रहे। जन्म बधाईयों पर महिलाएं व बच्चे अपने को थिरकने से नहीं रोक पाए। चरण सेवक गोपाल प्रकाश चंद गोस्वामी ने उपस्थित भक्तों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महात्म भी बताया ।अभिषेक के बाद ठाकुर जी का बाल रुप में बिशेष श्रंगार किया गया। भक्तों को ठाकुर जी के बाल रूप झांकी के विशेष दर्शन सिर्फ श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर होते हैं। भगवान की बाल रूप झांकी के बाद महाआरती उतारी गई और भक्तों को पंचामृत का प्रसाद वितरित किया गया।

देर शाम विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों से फूल बंगला सजा कर ठाकुर जी का मनभावन श्रृंगार भी हुआ श्रंगार दर्शन के लिए मंदिर में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान के जन्मोत्सव के चलते मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर पूरे मंदिर परिसर को बिजली की रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया था सभी भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। षष्टम दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के तहत शनिवार को मंदिर में नंद उत्सव भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा ।

## बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में सभी का मनमोहा

**बनवारपार, गोरखपुर।** बनवारपार न्यायपंचायत क्षेत्र के अगल बगल गावो तथा चौराहों पर स्थित मंदिर लोगों के घरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हर घर के लोगों ने नन्हे-मुन्नों को लड्डू गोपाल, कान्हा व राधा के रूप में मनमोहक झांकी भी सजाया। वही क्षेत्र के खोपापार मठिया डडिया तरयापार पडौली बारानगर मुगवार बनवारपार भवाजीतपुर बेलपार पाठक सडसडा सिसई सहित आदि गावो मे हर घर घर के लोगो द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया लोगो द्वारा अपने अपने घरो पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाई गयी थी घर के छोटे-छोटे बच्चों मे रूद्रा कृष्ण की वेशभूषा मे सम्बृधी राधा की वेशभूषा में सभी का मन मोह लिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने कृष्ण राधा सुदामा गोपी ग्वाल के रूप में सजे थे। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण बन कर लीला की प्रस्तुति देख लोग भक्ति मे लीन हो गये और जय श्री कृष्ण राधा के जयकारे से घर का मंदिर गजयमान हो उठा।

## वृद्ध पुजारी की नहर में मिली लाश

**इकदिल, इटावा।** भोगनीपुर प्रखंड नहर में पिलखर नहर पुल के पास शनिवार को एक वृद्ध का शव उतराता मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। नहर किनारे बकरी चरा रहे ग्रामीणों ने शव को पानी में बहते देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया और आसपास के लोगों से उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। कुछ देर बाद शव की पहचान थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के गांव लोकशाही निवासी फूलचंद्र (वृद्ध) पुत्र स्व. खुशीलाल के रूप में हुई। मृतक के छोटे बेटे गिरेन्द्र ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अपने पिता के रूप में की।

# कई गांव बाढ की चपेट में

**पाटन, उन्नाव (वीओएल)।** तहसील क्षेत्रलगातार हो रही बारिश से गंगा और लोन नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। शुक्रवार को सांसद साक्षी महाराज, विधायक आशुतोष शुक्ल, एडीएम सुशील कुमार गौड़, मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, बीघापुर सीओ मधुप नाथ मिश्रा, एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह नायब तहसीलदार सहित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। सांसद व प्रशासनिक अधिकारियों ने सबसे पहले गंगा नदी के बाढ़ क्षेत्र में आने वाले जयराजमऊ, गढ़ेवा गांव का निरीक्षण किया। इसके बाद लोन नदी की बाढ़ से प्रभावित बीघापुर तहसील क्षेत्र के पोरई गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी लेते हुए राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति भी परखी। बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सांसद साक्षी महाराज की ओर से जयराजमऊ में 200, गढ़ेवा में 200, अटवट में 150 तथा ग्रामसभा पोरई में 300 राहत किट वितरित की गईं। राहत सामग्री मिलने पर ग्रामीणों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। बाढ़ पीड़ितों को संबोधित करते हुए सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जिन लोगों के घर बाढ़ में



गिर गए हैं, उनके लिए पक्के मकान की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और विश्वगुरु राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। इसी संकल्प के तहत हर जरूरतमंद परिवार तक पक्का घर, नल से जल और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं, राशन, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएंगी। किसी भी पीड़ित को कोई परेशानी हो तो वह तत्काल प्रशासन या जनप्रतिनिधियों को सूचना दे, ताकि बिना देरी के मदद पहुंचाई जा सके। वहीं एडीएम सुशील कुमार व सीडीओ कृतिराज ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की डूबकर मौत

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के गाँव तालिबपुर रहली निवासी एक युवक की पानी में संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से हालत गम्भीर होने पर परिजन उसे सी एच सी ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है लेकिन परिजन उसे किसी निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज चल रहा है। गाँव निवासी रमेश का लगभग बीस वर्षीय पुत्र कल्लू शनिवार को गाँव के पास बने खेल के मैदान जिसमें पानी भरा था आस पास के लड़कों के साथ नहाने चला गया जहां अज्ञात कारणों से पानी में गिरकर डूबने लगा तो साथ के कुछ लड़कों ने उसे पानी से निकाला और घरवालों को सूचना दी जिसपर पहुंचे परिजन उसे सी एच सी ले गए जहां से रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उसे साथ नहा रहे युवकों पर डुबोने का अंदेशा जताया है।

## सीएम के मार्गदर्शन में बेसिक शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति : संदीप सिंह

**गोरखपुर।** समारोह में सीएम योगी का स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि विगत नौ वर्षों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सरकार शिक्षकों के सम्मान व कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। शिक्षा को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़कर उसे वर्तमान और भविष्य के अनुकूल बनाया गया है। हमारी सरकार के लिए शिक्षा राजनीति नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। नए बदलाव के क्रम में प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक गुणवत्तापरक शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रदेश में 150 (प्रति जनपद 2) मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालयों का निर्माण 4500 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। योगी सरकार शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों की समस्याओं के प्रति सदैव संवेदनशील रही है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि के ऐतिहासिक निर्णय लिए गए और व्यापक स्तर पर समारोह आयोजित करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। हाल में रसोइयों के मानदेय एवं ड्रेस धनराशि में वृद्धि की गयी, कैशलेस चिकित्सा योजना कार्ड का वितरण कराया गया। आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा के रूप में दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाने हेतु बैंक से एमओयू किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि परस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इन्जीनियर(टीआरएस), लोको शेड, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं. M/DSL/IZN/TC/OT/127 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए, सिंगल पैकेट सिस्टम के आधार पर खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:– **कार्य का नामः** ट्रांसपोर्टेशन ऑफ 08 लोको सैट (16 अदद) एमजी डीजल लोकोमोटिव बोगीज फ्राम लोको शेड, इज्जतनगर टू मैलानी एण्ड मैलानी टू लोको शेड, इज्जतनगर ऑन रोड ट्रेलर ऑफ सुटेबल कैरींग कैपेसिटी विद लोडिंग/अनलोडिंग ऑफ बोगीज ऑन रोड ट्रेलर ऐट मैलानी फॉर दा पीरियड ऑफ टू इयर्स। **कार्य की अनुमानित लागत (₹में):** ₹8,79,958.80 (सभी कर सहित); **अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी (₹में):** ₹17,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹0.00; **कार्य की अवधिः** 02 वर्ष; **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 28.09.2026 को समय 15:00 बजे। • निविदाकार ई–निविदा को **दिनांक 28.09.2026** को समय 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं ई–निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरि० मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस**
**मुजाधि/विद्युत–172** इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

## धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

पसगवां खीरी। पसगवां क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज में कई स्थानों पर कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से मनाई गई है। जिसमें नेशनल हाईवे स्थित शनिदेव मंदिर स्थान पर श्री राधा सर्वेश्वरी लीला संस्थान वृंदावन द्वारा सुन्दर झांकिया दिखाई गयी। जिसमें सबसे सबसे पहले गणेश जी, राधा कृष्ण, बालाजी, शंकर पार्वती, कृष्ण सुदामा, भस्मासुर शंकर जी व कृष्ण अवतार की भी सुन्दर झांकी वसुदेव द्वारा सूप में रखकर प्रदर्शित की गयी। माखन चोरी, मसाने की होली रंग गुलाल के साथ खेली गयी। व सुंदर भजनों के साथ नृत्य का भी किया गया कृष्ण जन्म उपरांत प्रसाद बांटा गया। इसी तरह राधा कृष्ण मंदिर पुराने रामलीला मैदान में, खुन्नी सिंह बाजार मन्दिर में, डाक्टर ओमकार सक्सेना के अस्पताल में व शिवम्मिश्रा के आवास स्थित मंदिर पर व चौकी जंगबहादुरगंज में भी कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया।

## गौवंश की टक्कर से मोपेड पर सवार महिला की मौत

मोहम्मदी खीरी। गोला मोहम्मदी रोड स्थित पिपरिया धनी के पास मोपेड पर सवार दंपति हाईवे पर छुट्टा गोवंश से टकरा जाने पर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान पत्नी को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी अनुसार तुर्कहटा निवासी रामकुमार अपनी मोपेड पर ससुराल छतैनिया से पत्नी गुड्डी देवी (55) को पीछे बैठ कर अपने घर आ रहे थे उनकी मोपेड गांव पिपरिया धनी पहुंचते ही सड़क पर घूम रहे गोवंश हमलावर हो गया जिससे उनकी मोपेड दूर जा गिरने से दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए बाजार में मौजूद राहगीरों ने ब मुश्किल दोनों को गोवंश से बचाया और इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल भेजा डॉक्टर ने जांच के दौरान गुड्डी देवी को मृत घोषित कर दिया है। सूचना मिलती है घर में कोहराम मच गया मृतका अपने पीछे पति राम कुमार, पुत्र प्रदीप और अंकित को रोते बिलखते छोड़ गई है।

## शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसे दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया है। शिक्षक दिवस पर उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी, टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, न्यू एन टी आई पब्लिक स्कूल, और दून पब्लिक स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। विद्यालय के प्रबंधक अनिल गुप्ता, आनंद गुप्ता, शाहनवाज खां और डॉ गुरु मेजर सिंह ने शिक्षक दिवस पर कहां शिक्षक मोमबत्ती की तरह है जो खुद जलकर सबको उजाला देता है। गुरु के स्थान को ईश्वर से भी बढ़कर बताया है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों को उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया है।

# विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में शिक्षक की भूमिका अहम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित कर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका और उनके योगदान पर वक्ताओं ने विचार रखे।

- शिक्षकों के सम्मान और योगदान को समर्पित रहा शिक्षक दिवस समारोह

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम का ज्ञान देने तक सीमित नहीं होते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार और भविष्य को दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता के बाद शिक्षक ही विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुभव और अनुशासन के माध्यम से सही राह दिखाते हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के साथ ही जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी आगे बढ़ते हैं। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान और संस्कार विद्यार्थियों के जीवन में लंबे समय तक मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिबाला राबडा ने शिक्षकों के समर्पण और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षक दिवस समारोह के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक बाजपेई ने किया और उन्होंने कार्यक्रम को क्रमबद्ध रूप से आगे बढ़ाते हुए वक्ताओं को अपने विचार रखने का अवसर दिया।

## विद्यार्थियों ने गुरुजनों को किया सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का 138वां जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर डॉ. राधाकृष्णन को श्रद्धापूर्वक याद किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी, श्रीमती मंजरी गिरि एवं प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। निदेशक मोहित पुरी ने छात्र-छात्राओं से सदैव अपने शिक्षकों का सम्मान करने तथा अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से जोहा, वैष्णवी, देवशीएवं यशमीत ने किया।

## शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का किया सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया।

इस अवसर पर शिक्षिकाओं नीरज मिश्रा, अंजना रंजन, वीणा तिवारी एवं शिक्षक महेन्द्र नाथ पाठक ने अपने विचार व्यक्त किए। बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ कौशल और दक्षता प्रदान करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि श्रेष्ठ शिक्षक वही है, जो अपने आचरण एवं व्यवहार से विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कार देता है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## 40 शिक्षक हुए सम्मानित




सीतापुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम-2026 धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चैहान व नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में करीब 300 शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उपस्थित लोगों को दिखाया गया। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत पर्यावरणीय पौधे, पुष्पगुच्छ और ओडीओपी के तहत दरी भेंट कर किया गया। कम्पोजिट विद्यालय जमैयतपुर के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रत्येक विकासखंड से दो-दो शिक्षकों समेत कुल 40 शिक्षकों, दो केजीबीवी वार्डन, दो उत्कृष्ट एमआरपी तथा सभी एसआरजी को सम्मान प्रमाणपत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## नपा की 90 साल की विकास यात्रा पर मना स्थापना दिवस




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद ने शनिवार को अपनी स्थापना के 90 वर्ष पूरे कर लिए। इस अवसर पर नगर पालिका सभागार में स्थापना दिवस समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, सभासदों और गणमान्य नागरिकों ने केक काटकर नगर पालिका के स्थापना दिवस की खुशियां मनाईं और एक-दूसरे को बधाई दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगर पालिका की स्थापना 5 सितंबर 1936 को हुई थी। इन 90 वर्षों में नगर ने विकास की लंबी यात्रा तय की है। समय के साथ नगर की आवश्यकताएं बदलीं और उसी के अनुरूप नगर पालिका ने विकास एवं जनसुविधाओं के क्षेत्र में लगातार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नगर को और बेहतर बनाने तथा नागरिकों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पालिका की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर का विकास केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नगरवासियों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। स्वच्छता, विकास और जनसुविधाओं के क्षेत्र में नागरिकों के सहयोग से नगर को और बेहतर बनाया जा सकता है। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने नगरवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर नगर के निर्माण में पालिका के साथ नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने नगरवासियों से स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और पॉलीथीन का इस्तेमाल न करने में सहयोग की अपील की। इस मौके पर विश्वनाथ सिंह, केजी त्रिवेदी, राजेश्वर सिंह, मिथलेश अवस्थी, जगदेव सिंह, अकरम खान, रामहरि मिश्रा, अजयभान अवस्थी, समाजसेवी पंकज बाजपेयी, चित्रकार राजेंद्र सोनी, सभासद धर्मेंद्र वाल्मीकि, रियाजुद्दीन, शाहिद अंसारी, रज्जन खान, आशीष अवस्थी, सुरेश जायसवाल, राजेश वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी टीटू, नानक चंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ पीड़ितों से मिलने रेहरिया कला पहुंचे एडीएम

लखीमपुर खीरी। शनिवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह तहसील सदर के ब्लॉक नकहा अंतर्गत बाढ़ प्रभावित रेहरिया कला गांव पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर गांव में बाढ़ की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। मौके की स्थिति देखने के बाद संबंधित अधिकारियों को राहत एवं व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



एडीएम ने गांव में पहुंचकर केवल बाढ़ की स्थिति का जायजा ही नहीं लिया, बल्कि ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी परेशानियां भी सुनीं। जलभराव, आवागमन और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी समस्याओं के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, इसके लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बाढ़ प्रभावित परिवारों की तत्काल जरूरत को देखते हुए गांव में लंच पैकेट का वितरण भी कराया गया। एडीएम ने स्वयं ग्रामीणों से संवाद करते हुए लंच पैकेट का वितरण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों की जरूरत के अनुसार राहत सामग्री की उपलब्धता और वितरण में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा में प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना है। ग्रामीणों को भोजन, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।

### बाढ़ के पानी के साथ बीमारी की चिंता, मेडिकल टीम ने संभाला मोर्चा

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जलजनित और संक्रामक बीमारियों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव पहुंची। मेडिकल टीम ने ग्रामीणों के बीच जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान जरूरतमंद लोगों को आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें जरूरी चिकित्सकीय सलाह भी दी। एडीएम ने स्वास्थ्य टीम की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। ग्रामीणों को समय पर उपचार और दवाएं मिलती रहें, यह सुनिश्चित किया जाए।

बाढ़ प्रभावित गांव में ग्रामीणों के साथ उनके पशुधन की चिंता भी प्रशासन के एजेंडे में रही। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी को ग्रामीणों के पशुओं के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। पशुधन के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और जरूरत पड़ने पर तत्काल जरूरी कार्रवाई की जाए। वहीं, ग्रामीणों को वितरित किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी एडीएम ने स्वयं जांची।

## डीएम ने निर्माणाधीन गौ संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण, लगायी फटकार

सीतापुर। विकासखण्ड कसमण्डा के ग्राम हरदी में निमार्णाधीन वृहद गौ संरक्षण केंद्र के निरीक्षण में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए। शनिवार को औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने पिलरों और नांद में सरिया बाहर निकली देख नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को कड़ी हिदायत देते हुए निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए। डीएम ने साफ कहा कि जहां-जहां सरिया दिखाई दे रही है, वहां आवश्यकतानुसार निर्माण तोड़कर दोबारा सही ढंग से कराया जाए, ताकि केंद्र तैयार होने के बाद संरचना की मजबूती पर कोई सवाल न उठे। उन्होंने निर्माण में अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री इस्तेमाल करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इससे पहले डीएम ने सिधौली नगर पंचायत पुनर्गठन पेयजल योजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाइप लाइन मानकों के अनुसार सही ढंग से बिछाने और शेष कार्य समयसीमा में पूरा कराने को कहा, ताकि नगरवासियों को जल्द स्वच्छ पेयजल मिल सके। उन्होंने चेताया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्थिति में समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## डीएम ने एएनएम का 15 दिन का वेतन रोका

सीतापुर। सिधौली विकासखण्ड के ग्राम टड़ई कलां के पंचायत भवन में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य और पंचायत व्यवस्था की खामियां सामने आईं। वीएचएसएनडी सत्र की जांच के दौरान ड्यू लिस्ट, एचआरपी रजिस्टर, एचआरपी ट्रैकिंग रजिस्टर सहित अन्य विभागीय अभिलेखों में कमियां मिलीं। इस पर डीएम ने एएनएम को नोटिस जारी करने के साथ 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईस बॉक्स, टीकाकरण किट और रक्तचाप मशीन का भी निरीक्षण किया। गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर उनके टीकाकरण संबंधी अभिलेख देखे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विभागीय अभिलेखों में कमियां मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद पंचायत भवन के अभिलेखों की जांच में आय और जाति प्रमाण पत्र तथा पुस्तकालय संबंधी रिकॉर्ड में त्रुटियां मिलीं। कई महत्वपूर्ण अभिलेख पंचायत भवन में उपलब्ध नहीं थे। इस पर पंचायत सहायक के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। पंचायत भवन में आवश्यक सामग्री पूरी न होने और बैठक संबंधी दस्तावेज अधूरे मिलने पर सचिव को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## अरविंद गिरि की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पूर्व विधायक अरविंद गिरि की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा के साथ रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्री राजेंद्र गिरि मैरिज लॉन में होने वाले कार्यक्रम में स्व. अरविंद गिरि को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ मानव सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम भूतनाथ रेलवे क्रॉसिंग के निकट स्थित श्री राजेंद्र गिरि मैरिज लॉन में सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा के अलावा रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर स्व. अरविंद गिरि को श्रद्धांजलि देने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। एक व्यक्ति का रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। जनार्दन गिरि, प्रधान लाल्हापुर और विधायक अमन गिरि ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर स्व. अरविंद गिरि को श्रद्धांजलि देने तथा रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से मानव सेवा के इस अभियान में भागीदारी करने की अपील की है।

## भैरव बाबा मंदिर पर धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

पिपरिया धनी खीरी। रेहरिया पुलिस चैकी स्थित भैरव बाबा मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं पर आधारित भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। भक्ति गीतों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। कार्यक्रम के समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया,



जिसे भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस मौके पर साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार, आरक्षी शशि कपूर, आरक्षी करनवीर सिंह, आरक्षी उमेश यादव, आरक्षी अनुराग यादव, पत्रकार धनपाल सिंह, पत्रकार प्रदीप अग्निहोत्री, रिंकू शुक्ला, महिपाल सिंह, धर्मेंद्र राज, विनोद सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

पलियाकलां खीरी। अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस पर जगदीश आर, उप निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया के निर्देशन में दुधवा टाइगर रिजर्व में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम। प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के प्रथम शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में दिनांक 05 सितंबर, 2026 को दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के अंतर्गत विभिन्न रेंजों में अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय जनमानस, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को गिद्धों के पारिस्थितिक महत्व, पर्यावरण एवं जैव विविधता के संरक्षण में उनकी भूमिका तथा गिद्धों के संरक्षण की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन विभाग द्वारा जनमानस से गिद्धों के संरक्षण में सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता प्रदान करने की अपील की गई। विभिन्न रेंजों में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम सठियाना रेंज के अंतर्गत सुमेरनगर चौकी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोग, बच्चे एवं राजगीर उपस्थित रहे। इस दौरान वन दरोगा बृजेश शुक्ला, वन्यजीव रक्षक पुनीत कुमार तथा एसटीपीएफ के जवानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी, मैलानी श्री नवीन कुमार दीवाकर, वरिष्ठ सहायक श्री रमेश कुमार एवं सुशांत सिंह, वन दरोगा लीलाधर, वन रक्षक उदय प्रताप सिंह एवं सुश्री सोनम, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी रोहित रवि, आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज विपिन सैनी, अपूर्व गुप्ता, कंप्यूटर ऑपरेटर श्री हेमंत सिंह, देवेश दीक्षित, हरिशंकर सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे।

## नंद के घर कान्हा के जन्म लेते ही भक्ति में डूबा सीतापुर

सीतापुर। नंद के घर कान्हा के जन्म लेते ही शुक्रवार की मध्यरात्रि पूरा सीतापुर कृष्ण भक्ति में डूब गया। शहर से लेकर गांवों तक मंदिरों, घरों और धार्मिक स्थलों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। रात 12 बजते ही शंख, घंटे-घड़ियाल और भजन-कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाकर आरती उतारी और पालना झुलाया। जन्माष्टमी को लेकर कई दिन से तैयारियां चल रही थीं। शुक्रवार को बाजारों में दिनभर रौनक रही। बच्चों और अभिभावकों ने श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं, पोशाक, झूले, फूल और पूजन सामग्री खरीदी। घरों में पूजा स्थलों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों के साथ पुलिस लाइन, पीएसी के राधा-कृष्ण मंदिर, थानों और चैकियों में भी आकर्षक सजावट की गई। भगवान के बाल रूप और लीलाओं पर आधारित झांकियां सजाई गईं। श्रद्धालुओं ने भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर माखन-मिश्री, फल और मिष्ठान का भोग लगाया। देवकी, वासुदेव, बलदाऊ, नंद और यशोदा का भी पूजन किया गया। कृष्ण जन्म की घोषणा होते ही बधाई गीत और जयकारे गूंज उठे। लोगों ने व्रत रखकर देर रात तक आराधना की।

## झांकियों ने मोहा मन, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

सीतापुर। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पुलिस लाइन और मंदिर परिसर को विद्युत झालरों व फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप और उनकी लीलाओं पर आधारित मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर., पुलिस



अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह व दुर्गेश कुमार सिंह समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। रात 12 बजे विधि-विधान से भगवान का पूजन, पंच स्नान, भोग और महाआरती हुई। बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं, पुलिसकर्मियों और अतिथियों को प्रसाद वितरित किया गया। पीएसी के राधा-कृष्ण मंदिर समेत जिले के विभिन्न थानों और चैकियों में भी पुलिसकर्मियों ने पूजा-अर्चना कर जन्माष्टमी मनाई।

## जन्माष्टमी पर खीरे ने बढ़ाई व्रत की लागत, 60 रुपये तक पहुंचा भाव

सीतापुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पूजा में इस्तेमाल होने वाले खीरे के दाम ने श्रद्धालुओं की जेब पर असर डाला। व्रत और पूजा के लिए खीरे की मांग बढ़ने के साथ बाजार में इसके भाव भी चढ़े रहे। सामान्य दिनों की तुलना में जन्माष्टमी पर खीरा 50 से 60 रुपये प्रति नग तक बिका। पूजा के लिए खीरा खरीदने पहुंचे लोगों का कहना था कि एक दिन के धार्मिक आयोजन के लिए भी फल और पूजन सामग्री महंगी हो गई है। इसके अलावा केला 60 से 80 रुपये दर्जन, सेब 100 से 130 रुपये किलो, नागा 120 रुपये किलो और अनार 80 से 100 रुपये किलो तक बिका। दाम बढ़ने के बावजूद जन्माष्टमी के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना के लिए आवश्यक फल और सामग्री खरीदी।

# उत्कृष्ट कार्यों से समाज को नयी दिशा देने वाले 61 शिक्षक पुरस्कृत

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। भावी पीढ़ी को संवारने, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने और अपने उत्कृष्ट कार्यों से समाज को नई दिशा देने वाले जिले के 61 शिक्षकों का शनिवार को शिक्षक दिवस पर सम्मान किया गया।

- डीएम बोले, ज्ञान के साथ संस्कार देकर राष्ट्र निर्माण की नींव मजबूत करें शिक्षक

भारत रत्न व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस (शिक्षक दिवस) के अवसर पर शनिवार को बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ₹जनपदीय शिक्षक सम्मान समारोह₹ का कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में भव्य आयोजन हुआ। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र के साथ दीप प्रज्वलित कर तथा मॉ. सरस्वती तथा पूर्व राष्ट्रपति, विद्धान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। शिक्षक दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गुरु को भारतीय संस्कृति में सर्वोच्च स्थान दिया गया है। शिक्षक विश्वास और संस्कार के प्रतीक हैं। उनके कंधों पर बच्चों के भविष्य निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है। डीएम ने कहा कि शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के साथ उनमें अच्छे संस्कार भी विकसित करें। सभ्य, अनुशासित और दक्ष समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थियों की दशा और दिशा दोनों तय करता है।



### मुख्यमंत्री के हाथों लखीमपुर के दो शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में परिषदीय विद्यालय रतसिया के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार वर्मा को राज्य शिक्षक पुरस्कार तथा माध्यमिक शिक्षा के अधीन संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड) के प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री शिक्षक राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया।

### इन शिक्षकों को मिला सम्मान

जनपदीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के 21, बेसिक शिक्षा परिषद के 35 शिक्षकों के साथ पूर्व के वर्षों में राज्य पुरस्कार प्राप्त पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक शिल्पकार की तरह गढ़ते हैं व्यक्तित्व

कार्यक्रम की शुरूआत में0डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने समारोह की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही इंसान को जीवन की सही दिशा दिखाता है। जिस प्रकार शिल्पकार पत्थर को तराशकर मूर्ति का रूप देता है और कुम्हार कच्ची मिट्टी को तपाकर उसे उपयोगी आकार देता है, उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थियों के अवगुणों को दूर कर उन्हें योग्य और सक्षम नागरिक बनाता है। शिक्षक ज्ञान का ऐसा अविरल स्रोत हैं, जो लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने का कार्य करते हैं।

## बक्से में रखे जेवर और ढाई लाख नकद ले उड़े चोर

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ब्राह्मणी टोला में शनिवार भोर चोरों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक घर को निशाना बना लिया। परिवार के लोग घर में सोते रहे और चोर पीछे की तरफ से छत के रास्ते अंदर दाखिल होकर कमरों को खंगालते रहे। चोर बक्सा उठाकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने चोरी गए जेवरात और नकदी की कीमत करीब छह लाख रुपये बताई है। ब्राह्मणी टोला निवासी इमरान खान पुत्र शराफत के मुताबिक, भोर करीब तीन बजे चोर छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए। कमरों में रखा सामान खंगालने के बाद चोर एक बक्सा लेकर भाग निकले। सुबह करीब पांच बजे परिजनों की नींद खुली तो घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। बक्सा गायब मिलने पर चोरी का पता चला। पीड़ित के अनुसार बक्से में करीब 12 ग्राम सोने की जंजीर, 10 ग्राम सोने की झाले-झुमकी, चांदी की दो जोड़ी पायल और करीब ढाई लाख रुपये नकद रखे थे। सूचना पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

संक्षेप

### प्रा.विद्यालय से हजारों का सामान चोरी

परसदेपुर,रायबरेली। विकास खंड डीह अंतर्गत बछवल खुर्द में शुक्रवार की रात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय के रसोईघर को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। चोरी की घटना के संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने चोरी की सूचना की लिखित तहरीर परसदेपुर पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात डीह थाना के परशदेपुर चौकी अंतर्गत बछवल खुर्द के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा सबसे पहले विद्यालय की रसोईघर की दीवार में सेंध लगाने का प्रयास किया गया,दीवार में सेंध लगाने में असफल चोरों ने रसोईघर के दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर दाखिल हुए और रसोईघर के अंदर रखे एक गैस सिलेण्डर, एक गैस भट्ठी, एक अग्निशमन यंत्र,एक बड़ा भगौना सहित 15 लीटर की क्षमता का प्रेशर कुकर उठा ले गए। शनिवार की सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई चोरी की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार ने परसदेपुर चौकी पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है,जांच की जा रही है, जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### संस्कृत प्रतिभा अन्वेषण प्रतियोगिता संपन्न

सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित संस्कृत प्रतिभा अन्वेषण जनपद स्तरीय प्रतियोगिता-2026 का आयोजन श्री संस्कृत मध्य विद्यालय करौंदिया में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य कृपाशरण द्विवेदी रहे। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में पूर्णिमा चतुर्वेदी ने प्रथम, अंजली मिश्रा ने द्वितीय और वरुण उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान में अभिराज उपाध्याय प्रथम, अभिषेक पाठक द्वितीय और कु. दुर्गेश तृतीय रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. विजय प्रकाश मिश्र, डॉ. पूनम मिश्र, डॉ. शशि मौलिनाथ पाण्डेय और पं. सत्य प्रकाश त्रिपाठी शामिल रहे। आयोजन में रीता देवी, अंगद मिश्र, शिव नारायण पाण्डेय, सुधाकर मिश्र, पंचदेव पाण्डेय और शिव मोहन शुक्ल ने सहयोग किया। जनपदीय संयोजक दिनेश नारायण शुक्ला ने विजेताओं को सम्मानित करसंस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने वाला शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटने और मिठाइयां वितरित करने के बाद गोष्ठी और विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि बच्चों के अति प्रिय महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा उनके जन्मदिन को न मना के बच्चों से इस दिन को शिक्षक दिवस के उत्सव के रूप में मनाने की इच्छा व्यक्त करने के बाद से ही इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल कक्षा में पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि वह शिल्पकार है जो विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देकर एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण करता है। गुरु वो नहीं जो सिर्फ अक्षरों का ज्ञान दे बल्कि गुरु वो है जो जीवन को सही अर्थ दे। प्रधानाचार्य शिक्षा दुबे ने कहा कि माता-पिता हमें जीवन देते हैं, लेकिन शिक्षक उस जीवन को सही दिशा देते हैं।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करायें अधिकारी : सीडीओ

## कुल 56 शिकायतें आयीं, 10 का तत्काल हुआ निस्तारण




रायबरेली। सीडीओ अंजुलता की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

सीडीओने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 30, पुलिस 11, विकास 06 एवं अन्य 9 कुल 56 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एसडीएम सदर गौतम सिंह, तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

छतोह, रायबरेली। ग्राम विकास इंटरमीडिएट कॉलेज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत भव्य और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों में राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक वेशभूषा से सभी का दिल जीत लिया। नर्सरी की छात्रा मिशिका वर्मा श्री कृष्ण के बाल रूप में और यूकेजी की छात्रा तृषा पांडे राधा जी की मनमोहक वेशभूषा में नजर आईं। विद्यालय के छात्रों द्वारा श्री कृष्ण जन्म और उनकी बाल लीलाओं से संबंधित विभिन्न गीतों, नृत्यों और झांकियों का सुंदर आयोजन किया गया।

# एम्स ने प्रसूति व स्त्री रोग विभाग ने मनाया चौथा स्थापना दिवस

रायबरेली। एम्स ने प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने 2 सितंबर को अपना चौथा स्थापना दिवस मनाया। यह दिन 2022 में लेबर रूम में सेवाएं शुरू होने के बाद से विभाग की चार साल की यात्रा का प्रतीक है। इस मौके पर संस्थान के नेतृत्व, प्रतिष्ठित फैकल्टी, सीनियर व जूनियर रेजिडेंट्स, नर्सिंग अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभाग की शानदार यात्रा का जश्न मनाया और महिलाओं की स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. अमिता जैन ने प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग को चार साल की समर्पित सेवा पूरी करने पर बधाई दी। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों की सराहना की और फैकल्टी व टीम को महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाली, व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में प्रयास जारी रखने और क्लिनिकल देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान में और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। विशेषज्ञों में नई दिल्ली के पूर्व प्रो., प्रो.जेबी शर्मा ने जेनिटल ट्यूबरकुलोसिस पर एक ज्ञानवर्धक लेक्चर दिया। लखनऊ के क्वीन मैरी हॉस्पिटल की पूर्व प्रो. और हेड, प्रो. उमा सिंह ने सर्वाइकल इंट्रा-एपिथेलियल नियोप्लासिया के मैनेजमेंट पर जानकारीपूर्ण लेक्चर दिया। कार्यक्रम में सीनियर रेजिडेंट्स, जूनियर रेजिडेंट्स व नर्सिंग ऑफिसर्स को उनकी एकेडमिक उपलब्धियों, प्रोफेशनल एक्सीलेंस, समर्पण और मरीजों की देखभाल व डिपार्टमेंट की गतिविधियों में उनके योगदान के लिए अवॉर्ड्स दिए गए। वहीं प्रसूति एवं स्त्री रोग अपनी क्लिनिकल सेवाओं, एकेडमिक प्रोग्राम्स और रिसर्च पहलों को और मजबूत करने के लिए तत्पर है। इसका मकसद महिलाओं की हेल्थकेयर में खुद को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के तौर पर स्थापित करना और इस क्षेत्र में मां और प्रजनन स्वास्थ्य के नतीजों को बेहतर बनाने में सार्थक योगदान देना है। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख प्रो. पारुल सिन्हा ने पिछले चार वर्षों में विभाग की प्रभावशाली प्रगति पर प्रकाश डाला। शुरुआत में ओपीडी में लगभग 15 मरीज आते थे, लेकिन अब विभाग रोजाना लगभग 300 मरीजों को सेवाएं देता है। यह एम्स रायबरेली द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में समुदाय के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में एम्स रायबरेली के सभी डीन और अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज श्रीवास्तव, उप-निदेशक (प्रशासन), कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल उपेंद्र नाथ राय सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# कूरेभार क्षेत्र कृष्णमय, गूंजा जय कन्हैया लाल का जयघोष



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को कूरेभार क्षेत्र कृष्ण भक्ति में डूबा नजर आया। गुप्तारगंज बाजार में तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। वहीं कूरेभार थाना परिसर और कस्बे के करीब आधा दर्जन पूजा पंडालों में देर रात तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहे। जय श्रीकृष्ण और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से वातावरण भक्तिमय रहा। गुप्तारगंज के चंडिका देवी धाम, गायत्री मंदिर परिसर समेत विभिन्न स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए। शाम होते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचे। झूले, खिलौने और खान-पान की दुकानों से मेले की रौनक बढ़ी। मध्यरात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म के साथ घंटा-घड़ियाल और शंखनाद से पूरा बाजार गूंज उठा। कूरेभार थाना परिसर स्थित मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उपेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संभ्रांतजन और पत्रकारों ने दर्शन-पूजन किया। भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते रहे। कस्बे के पूजा पंडालों में भी विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आतिशबाजी हुई। प्रसाद वितरित किया गया। भीड़ को देखते हुए पुलिस देर रात तक सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रही।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, मां-बेटी की मौत, दो घायल

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर शुक्रवार रात खेड़ी गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक अज्ञात वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेजा। मौके पर सदर एसडीएम गरिमा सौनकिया और थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इनायतपुर निवासी अवधेश (28) शुक्रवार रात अपनी भाभी रेखा (38) पत्नी राम सजीवन, भतीजे तेजस (9) और भतीजी वर्षा (12) को बाइक से लेकर गुप्तारगंज में जन्माष्टमी का मेला देखने गए थे। रात करीब साढ़े दस बजे सभी घर लौट रहे थे। खेड़ी गांव के पास झांकी के नजदीक पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रेखा और वर्षा गंभीर रूप से घायल हो गईं। रेखा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से अवधेश, तेजस और वर्षा को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेजा, जहां चिकित्सकों ने वर्षा को भी मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक अज्ञात वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मां-बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घायल अवधेश और तेजस की हालत ठीक बताई जा रही है। वर्षा ग्रामीणगंज स्थित विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा थी, जबकि तेजस गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता है। मृतका रेखा के पति राम सजीवन धम्मौर स्थित पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डंपर और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## तालाब में मिला 45 वर्षीय अधेड़ का शव

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। अयोध्या सीमा से सटे मुसहर नचना गांव में शनिवार को तालाब में 45 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान राम चन्दर निषाद (45) पुत्र राम केदार निषाद निवासी हथिगो, थाना हैदरगंज के रूप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार तालाब किनारे मोबाइल पड़ा मिलने पर लोगों ने आसपास देखा तो पानी में शव उतराता दिखाई दिया। सूचना पर कूरेभार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक कुछ लोगों के साथ तालाब में मछली पकड़ने आया था। वह तालाब में कैसे डूबा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के पुत्र राजेंद्र कुमार समेत परिजन थाने पहुंचे। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 10 सितंबर को निकलेगी भव्य कलश यात्रा, हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की तैयारी

रायबरेली। प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने पत्रकार वार्ता में आगामी महाशिवपुराण कथा को लेकर तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 11 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाली महाशिवपुराण कथा से रायबरेली ही नहीं, बल्कि पूरा प्रदेश शिवमय होगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) के श्रीमुख से होगा, जिनकी वाणी से कथा स्थल पर शिवभक्ति की गंगा प्रवाहित होगी। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि महाशिवपुराण कथा के आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कथा में करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के बैठने के लिए वाटरप्रूफ भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य लगभग पूर्ण होने की ओर है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, चिकित्सालय, पेयजल, साफ-सफाई, बड़ी संख्या में शौचालय तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। इस यात्रा में 10 हजार से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। यात्रा में हाथी, घोड़े और ऊंट आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा में शामिल शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की भी योजना बनाई जा रही है। इससे कलश यात्रा को और भव्य एवं यादगार बनाने की तैयारी है। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इतने बड़े धार्मिक आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम स्थल और आसपास पर्याप्त पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, सफाई, शौचालय तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने और प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि रायबरेली की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देने वाला अवसर है। महाशिवपुराण कथा के माध्यम से बड़ी संख्या में लोग भगवान शिव की महिमा का श्रवण करेंगे और जिले में आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होगा।

# बंद स्कूलों में सपा ने मनाया शिक्षक दिवस



अयोध्या। शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को सामने लाने के लिए अनूठे अंदाज में जिले के बंद पड़े प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक दिवस मनाया। तारुन, मिल्कीपुर, मया, सोहावल, मसौधा, अमानीगंज और पूरा बाजार सहित विभिन्न विकासखंडों में पार्टी पदाधिकारी बंद विद्यालयों में पहुंचे और शिक्षकों के योगदान को नमन करते हुए शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर सरकार को घेरा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि हवियालय महज ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि गांव और समाज के भविष्य को गढ़ने का केंद्र हैं। जिस विद्यालय में बच्चों की किलकारियां गूंजनी चाहिएं, यदि वहां ताले लटक रहे हैं तो यह बेहद गंभीर चिंता का विषय है।

शिक्षक दिवस पर बंद विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर सपा ने सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों को शिक्षा की वास्तविक तस्वीर दिखाने का काम किया है ह्न उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है और गांवों के विद्यालयों को हर हाल में सुचारु रूप से संचालित किया जाना चाहिए। मिल्कीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने अमानीगंज विकासखंड के बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय विनायकपुर में शिक्षक दिवस मनाते हुए कहा कि ह्नशिक्षा किसी भी समाज की तरक्की की बुनियाद है। गांव के गरीब और सामान्य परिवारों के बच्चों की उम्मीद सरकारी विद्यालयों से जुड़ी होती है। विद्यालय बंद रहेंगे तो बच्चों के भविष्य का निर्माण कैसे होगा। सरकार को बंद विद्यालयों को खोलने, पर्याप्त शिक्षक नियुक्त करने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीरता से काम करना चाहिए। मसौधा विकासखंड के खरगूपुर में कार्यक्रम के दौरान हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों को माला पहनाने और शुभकामनाएं देने का दिन नहीं है, बल्कि यह सोचने का अवसर है कि हमारे गांव के बच्चों को कैसी शिक्षा मिल रही है। बंद पड़े विद्यालयों में शिक्षक दिवस मनाकर समाजवादी पार्टी ने शिक्षा के उस सवाल को उठाया है, जिससे सीधे हजारों बच्चों का भविष्य जुड़ा है।

# निमिषा कॉन्वेंट स्कूल में छात्रों ने शिक्षक बनकर संभाली शिक्षा की कमान




सलोन, रायबरेली। निमिषा कॉन्वेंट स्कूल मटका सलोन में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर उनको याद किया। इसके बाद कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक बनकर शिक्षण व्यवस्था का संचालन किया। जिसमें प्रिंसिपल के रूप में वान्या शुक्ला तथा आयुष पटवा और छात्र शिक्षकों ने शिक्षा की बागडोर अपने हाथ में लेकर शिक्षण कार्य सम्पन्न कराया। शिक्षक दिवस पर मुख्य अतिथि बी आर दुबे पूर्व चेयरमैन इंडियन पब्लिक स्कूल सोसाइटी एवं पूर्व प्रधानाचार्य सिंधिया पब्लिक स्कूल ग्वालियर ने शिक्षकों को मार्गदर्शन देकर सच्चे मन से शिक्षा के प्रति समर्पण भाव से काम करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक विवेक शुक्ला ने शिक्षक दिवस पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दिया। प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस देश के दूसरे राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है इनका जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। डॉ राधाकृष्णन शिक्षा और अध्यापन के प्रति बेहद समर्पित थे और वे मानते थे कि सच्चे शिक्षक वे होते हैं जो हमें खुद के बारे में सोचना सिखाते हैं। इस अवसर पर शिक्षा बागडोर संभालने वाले सभी छात्र शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं व बधाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षक विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय सभागार में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निदेशक ने भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि शिक्षक व्यक्तित्व निर्माण व उज्वल भविष्य की नींव रखने वाला मार्गदर्शक होता है। शिक्षक विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध भी विकसित करते हैं। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच विश्वास एवं संवाद की मजबूत कड़ी शिक्षा को प्रभावी बनाती है। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को समझकर उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करना ही एक अच्छे शिक्षक की पहचान है। वहीं दूसरी तरफ पशु चिकित्सा महाविद्यालय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर अधिष्ठाता डा. नमिता जोशी ने कहा कि शिक्षक का दायित्व क्लास तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना शिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दौरान विरबैक एनीमल हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के शैलेश कुमार ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह व मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा. सत्यव्रत सिंह के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत संबोधन निदेशक डा सुशांत श्रीवास्तव व कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. श्वेता त्रिपाठी व मंजूरी ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर स्कूल-कॉलेजों में दिखा गुरु-शिष्य का प्रेम



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। शिक्षा क्षेत्र कूरेभार के परिषदीय विद्यालयों से लेकर इंटर कॉलेजों और डिग्री कॉलेजों में शुक्रवार को शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कई विद्यालयों में केक काटकर शिक्षकों का मुंह मीठा कराया गया तो विद्यार्थियों ने पुष्प और उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। चाचा नेहरू इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में केक काटा और उपहार भेंट किए। विद्यालय प्रबंधक मिर्जा अल्ताफ बेग ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। शिक्षक ज्ञान का प्रकाश देकर विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने और अनुशासन के साथ लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, राज इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, रानी लक्ष्मीबाई स्मारक इंटर कॉलेज समेत विभिन्न विद्यालयों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण और अन्य प्रस्तुतियां हुईं। पूरे क्षेत्र में गुरु-शिष्य के बीच स्नेह और सम्मान का माहौल रहा।

# सड़क दुर्घटना में भाजपा के जिला मंत्री वीरसेन सिंह काका की मौत

अयोध्या। सहादतगंज ओवरब्रिज पर हुए सड़क हादसे में भाजपा जिला मंत्री वीरसेन सिंह काका का आकस्मिक निधन हो गया। किसी अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद ओवरब्रिज से नीचे गिरने के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही भाजपा नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी नेताओं ने उनके निधन को संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए भाजपा कार्यालय सहादतगंज लाया गया। जहां भाजपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। मसौधा ब्लॉक क्षेत्र के भिखनापुर गांव निवासी करीब 60 वर्षीय वीरसेन सिंह काका लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता और समर्पण के कारण उन्हें पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती रहीं। वह दो बार रानी बाजार और भदरसा मंडल के अध्यक्ष रहे। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें कृष्णानगर मंडल का प्रभारी बनाया गया था। इसके अलावा श्रीराम मंदिर दर्शन यात्रा के दौरान सलारपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की व्यवस्था एवं समन्वय की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई थी। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि वीरसेन सिंह काका का निधन अत्यंत पीड़ादायक और स्तब्ध करने वाला है। उनका निधन भाजपा संगठन के लिए ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि वीरसेन सिंह काका एक समर्पित, कर्मठ और सरल स्वभाव के कार्यकर्ता थे। संगठन ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी, उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसका निर्वहन किया। उनका असमय जाना भाजपा परिवार के लिए बेहद दुखद है।

# शिक्षक दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ समारोह

सुलतानपुर (वीओएल)। शिक्षक दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समर्पण, नवाचार और शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बेसिक शिक्षा विभाग के 20 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। इसमें सुलतानपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर के शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद शिक्षकों ने इसका प्रसारण देखा और खुशी जताई। समारोह को



संबोधित करते हुए सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने बच्चों में अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षण कार्य में तकनीक के प्रभावी उपयोग की जरूरत बताई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका शिक्षित प्रदेश से समर्थ प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत कड़ी हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ उनमें संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी शिक्षक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करता है।

### इन शिक्षकों को मिला सम्मान

समारोह में नगर क्षेत्र के लालजी राव, धनपतगंज के जितेंद्र कुमार मौर्य, भदैया के हरीश चंद्र विश्वकर्मा व वंदना यादव, दुबेपुर के संदीप सिंह, स्पेशल एजुकेटर जयप्रकाश, अभयराज वर्मा, अंजना तिवारी, कस्तूरबा विद्यालय के मनोज सिंह व पूनम, राम प्रकाश मिश्रा, कायाकल्प कार्य के लिए सुमन पांडेय और अखिलेश कुमार वर्मा, स्काउट-गाइड में आभा गुप्ता व राम निरंजन तथा सर्वाधिक नामांकन के लिए शिव सहाय पांडेय, ब्रिज किशोर तिवारी, राजकुमार, मनीषा और बीना सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, एडीआईओएस जटा शंकर यादव, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, दिलीप पांडेय, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, शिक्षामित्र संघ के बृजेश पांडेय, दिनेश चंद्र समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे। बीएसए ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया।

## शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षक और शिक्षामित्र सम्मानित

सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में शनिवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जन्मोत्सव एवं शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षामित्र सम्मान समारोह आयोजित कर करीब 65 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने शिक्षक हितों के लिए प्रदेश से लेकर दिल्ली तक संघर्ष किया है और आगे भी शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। विशिष्ट अतिथि बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि उनके स्तर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष मालती सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना सभी का दायित्व है। जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने आभार जताया। समारोह में पुष्पा सिंह, आभा गुप्ता, भानमती, कविता, नियाज अहमद, बजरंग यादव, उमाशंकर मिश्रा, राजेंद्र सिंह समेत 65 शिक्षक एवं शिक्षामित्र सम्मानित हुए। संचालन सर्वेश सिंह ने किया। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गंगा प्रसाद दुबे ने की।

संक्षेप

## उत्कृष्ट फसल उत्पादन करने वाले किसानों को मिलेगा पुरस्कार

**देवरिया।** फसल वर्ष 2026-27 में अधिक उत्पादन करने वाले उत्कृष्ट किसानों को किसान सम्मान दिवस पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। किसानों का चयन जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि फसल प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक किसान निर्धारित प्रारूप पर 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। कृषि के साथ पशुपालन, कुक्कुट, मत्स्य, मधुमक्खी पालन अथवा शाकभाजी उत्पादन तथा कृषि तकनीकी अपनाने वाले किसानों को विशेष योग्यता का लाभ मिलेगा। अनुसूचित जाति/जनजाति के 25 प्रतिशत किसानों तथा लघु-सीमांत और महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। पूर्व में पुरस्कार प्राप्त किसान पात्र नहीं होंगे।

उन्होंने बताया कि 1 से 10 अक्टूबर तक क्रॉप कटिंग और 11 से 13 अक्टूबर तक उत्पादन का आकलन होगा। 14 अक्टूबर को जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा और 15 अक्टूबर तक चयनित किसानों की सूची कृषि निदेशालय भेजी जाएगी। 23 दिसंबर को पुरस्कार वितरण होगा।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि विकासखंड स्तर पर क्रॉप कटिंग का मूल्यांकन सहायक विकास अधिकारी (कृषि)/वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ह्यबीह्न की अध्यक्षता में लेखपाल/प्राविधिक सहायक ग्रुप-ह्यसीह्न की देखरेख में कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

# जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध: डीएम



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के खड्डा तहसील सभागार में डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसामान्य द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का आवश्यकतानुसार स्थलीय सत्यापन कर पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व, पुलिस, विकास सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी की मानवीय संवेदनशीलता भी सामने आई। तमकुहीराज तहसील में तैनात लेखपाल शम्भू कुमार के फाजिलनगर में मार्ग दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी श्री तंवर ने तत्काल अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सदर उप जिलाधिकारी को फोन कर घायल लेखपाल को हर संभव चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लेखपाल मधुकर श्रीवास्तव, अजीत, विभव शर्मा आदि को घायल लेखपाल के परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी लेने तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे घायल लेखपाल को सरकारी अथवा निजी, जिस भी अस्पताल में बेहतर उपचार संभव हो, वहां तत्काल भर्ती कराएं और उन्हें इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि घायल लेखपाल के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवाद, आपसी विवाद एवं अन्य संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने को कहा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 62 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 55 प्रकरणों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। प्राप्त प्रकरणों में राजस्व विभाग के 18, पुलिस विभाग के 09, पुलिस एवं राजस्व के संयुक्त 04, विकास विभाग के 07 तथा अन्य विभागों के 24 प्रकरण शामिल रहे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा जन समस्याओं के निराकरण में संवेदनशील एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली अपनाने पर बल दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी खड्डा, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी खड्डा, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद एवं तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश



**देवरिया।** सदर तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में समय से उपस्थित नहीं होने पर जिलाधिकारी ने 13 कानूनगो का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए. सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए और सभी लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए. सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 24 राजस्व, सात पुलिस, दो विकास तथा नौ अन्य विभागों से संबंधित मामले शामिल रहे। इनमें से नौ प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थानाध्यक्षों को शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरुओं के योगदान को सलाम कर रोटरी क्लब देवरिया सदर ने किया सम्मान



**देवरिया।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब देवरिया सदर की ओर से स्थानीय मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्लब के सदस्यों ने शिक्षकों और बच्चों के बीच पहुंचकर गुरु के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य इंद्र कुमार दीक्षित, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन राकेश धर द्विवेदी, असिस्टेंट गवर्नर डॉ. विपिन बिहारी शर्मा, प्रधानाचार्य नीरज शुक्ला और सचिव हिमांशु सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। क्लब अध्यक्ष राकेश धर द्विवेदी ने सभी का स्वागत और आभार जताते हुए कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक दायित्वों के साथ जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए भी लगातार कार्य करता है। उन्होने शिक्षकों के शिक्षा के प्रति योगदान की सराहना की। इस दौरान शिक्षक पूनम तिवारी, आशा यादव, ममता द्विवेदी, संध्या यादव, श्वेत भारती, सोनी मिश्रा, दुर्गा बाजपेयी, ममता सिंह और नीरज शुक्ला को क्लब की ओर से अंगवस्त्रम, स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अग्रसेन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य यशपाल राव, एसएसबीएल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अजय मणि त्रिपाठी, महिला डिग्री कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शाहीन चिश्ती, दुर्गा पांडेय, बीके झा और केके राम को भी क्लब के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। सचिव हिमांशु सिंह ने कहा कि माता-पिता के बाद गुरु ही बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बंदूक साफ करते वक्त चली गोली, चौकीदार घायल



**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना कोतवाली में चौकीदार के पद पर तैनात छोटेलाल जायसवाल शनिवार को उस समय घायल हो गए, जब बंदूक की सफाई के दौरान अचानक गोली चल गई। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने घायल चौकीदार को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक चौकीदार छोटेलाल जायसवाल बंदूक की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान हथियार से अचानक गोली चल गई और वह इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। गोली चलने की आवाज से आसपास मौजूद लोगों में भी हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल और घटना की स्थिति परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बंदूक की सफाई के दौरान गोली आखिर किन परिस्थितियों में गोली चली और हथियार में गोली कैसे मौजूद थी।

घायल चौकीदार को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के मुताबिक फिलहाल घायल चौकीदार छोटेलाल की हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह महज हादसा था या बंदूक चलने के पीछे कोई अन्य परिस्थितियां थीं।

## शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट शिक्षक, एआरपी, एसआरजी व डायट मेंटर्स सम्मानित



**देवरिया।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), रामपुर कारखाना में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी और रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य ने शिक्षकों के योगदान की सराहना की। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयास समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि शिक्षक समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ ही उनके व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने के साथ उनके भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े सभी कर्मियों को बधाई दी और इसी तरह बेहतर कार्य करते रहने की अपेक्षा क जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे शिल्पकार हैं। बेसिक शिक्षा विभाग का प्रयास है कि नवाचारी शिक्षकों के प्रयासों और नवाचारों के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के शैक्षिक स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और मेंटर्स को अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। खंड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा ने कहा कि समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान देने के साथ उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और जिज्ञासा का विकास करते हैं। नवाचारी शिक्षकों, एआरपी, एसआरजी और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं के प्रयास सराहनीय हैं। समारोह में विभिन्न विकासखंडों से चयनित उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाएं, एआरपी, एसआरजी और डायट मेंटर्स को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं नवाचारों के लिए प्रशस्ति पत्र, सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता कुलदीप नारायण सिंह, इंद्रजीत ओझा, खंड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा एवं विजय कुमार ओझा सहित बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक आशुतोष शुक्ला, गोरख यादव और महेंद्र मिश्र मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. पंकज शुक्ला एवं आलोक पाण्डेय ने किया। अंत में अतिथियों, अधिकारियों और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शिक्षक दिवस पर बुद्धा पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में गुरुजन हुए सम्मानित




**कुशीनगर।** बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर स्थित भंते सभागार में पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों और नवागंतुक शिक्षकों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने शिक्षकों, छात्र/ छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवानिवृत शिक्षक ने जीवन में केवल विषय नहीं पढ़ाए बल्कि आपने समाज के उस पीढ़ी को तैयार किया, जो आज विकसित भारत मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रो. माधव पांडेय का स्मरण करते हुए कहा कि जीवन में समय का बहुत महत्व है।

जीवन में कोई भी काम करें तो सम्मान के साथ करें। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि सम्मान से कभी भी समझौता नही करें। बिना बुलाये कहीं भी ना जाएं। आप संकल्प लें कि सेवा से मुक्त होने के बाद शिक्षण कार्य निशुल्क करें। शिक्षण का विषय ऐसा है, जो बच्चो का मनोविज्ञान समझ गए तो आप अच्छे शिक्षक हो गए। अपनी वाणी से शिक्षक बच्चों में अद्भुत मेधा शक्ति का विकास करते हैं। शिक्षक और छात्रों का नाता आत्मीय होता है, जो कभी नहीं टूटना चाहिए। सेवा निवृत शिक्षक प्रो. राम भूषण मिश्रा प्रो. हरिशंकर पांडेय, डॉ. वीणा कुमारी, नवागंतुक शिक्षक डॉ. जय सिंह, डॉ. अम्बरीष कुमार सिंह को अतिथियों एवं आयोजक शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. सौरभ द्विवेदी के नेतृत्व में शिक्षकों ने उनका फुल मालाओ से माल्यार्पण, अंग वस्त्र, धार्मिक ग्रंथ रामचरित मानस और गीता की पुस्तक सहित आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मानित सेवा निवृत शिक्षकों ने अपने शिक्षण जीवन का स्मरण सुनाए और भावुक होते हुए कहा कि अपने पढ़ाएं बच्चों की सफलता पर हमें गर्व की अनुभूति होती है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय की शुरू से ही परम्परा रही है शिक्षकों और कर्मचारियों को सम्मानित करने का। सेवानिवृत शिक्षक की विद्वता या परिपक्वता का लाभ लेने के लिए शिक्षक, विद्यार्थी उनसे प्रेरणा लें। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती और डॉ. राधा कृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्चन किया गया। संचालन शिक्षक संघ मंत्री डॉ. राजेश कुमार जायसवाल ने किया। आभार ज्ञापन डॉ. राम नवल प्रसाद ने व्यक्त किया। इस दौरान प्रो. अमृतांशु शुक्ला, प्रो. गौरव तिवारी, डॉ. निगम मौर्य, डॉ. कमाल हसन, डॉ. जितेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ. त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, डॉ. सीमा त्रिपाठी, डॉ. रेखा, डॉ. कृष्ण कुमार जायसवाल, डॉ. दुर्ग विजय पाल सिंह, डॉ. राकेश सोनकर, डॉ. राकेश चतुर्वेदी सहित भारी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## भक्तिरस में डूबे रहे श्रद्धालु, आधी रात को हुआ श्रीकृष्ण का जन्म



**जौराबाजार, कुशीनगर।** क्षेत्र के जौरा बाजार के उपाध्याय टोले में शुक्रवार की सायंकाल अशोक उपाध्याय के दरवाजे पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गांव के युवकों द्वारा देर रात तक हरिकीर्तन किया गया, जिससे पूरा वातावरण कृष्णभक्ति के रंग में सराबोर रहा। मध्य रात्रि में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, श्रद्धालुओं में उल्लास छा गया। भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसका श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर विधिवत आरती की और सुख-समृद्धि की कामना की। हरिकीर्तन में शिक्षक कृपाशंकर चौबे, सुरेश उपाध्याय, वृषभान उपाध्याय, घनश्याम उपाध्याय, नीलेश उपाध्याय, कुलदीप उपाध्याय, सत्यानंद उपाध्याय तथा बिट्टू उपाध्याय ने भक्ति गीतों और हरि नाम का गायन कर माहौल को भक्तिरस से भर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य मधुसूदन मणि त्रिपाठी, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पवन उपाध्याय, विनोद उर्फ झकारी उपाध्याय, रामाशीष उपाध्याय, अश्वनी उपाध्याय, राकेश साहनी, आनंद उपाध्याय, संजय उपाध्याय, धर्मेंद्र उपाध्याय, बुनेला यादव, पिंटू उपाध्याय, शक्तिधर, डब्ल्यू, आशीर्वाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पेड़ों की टहनियां बन रहीं बिजली की दुश्मन आज तीन घंटे गुल रहेगी पडरौना की सप्लाई

**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना विद्युत उपकेन्द्र मे विद्युत आपूर्ति मे बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग रविवार, 6 सितंबर को पडरौना उपकेंद्र क्षेत्र में पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई का कार्य कराएगा। इसके चलते सुबह 7 बजे से 10 बजे तक पडरौना उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के अनुसार 33 केवी लाइन से सट रही पेड़ों की टहनियां कई बार विद्युत आपूर्ति में व्यवधान और फाल्ट का कारण बनती हैं। इसी समस्या को देखते हुए लाइन के आसपास उगी टहनियों की आवश्यकतानुसार कटाई-छंटाई की जाएगी। विभाग का दावा है कि इस कार्य के बाद ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी तथा विद्युत आपूर्ति को अधिक सुचारु बनाया जा सकेगा। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि में सहयोग बनाए रखें और विद्युत आपूर्ति बाधित रहने को लेकर अनावश्यक परेशानी न उठाएं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड पडरौना की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

## मिनी मैराथन में वाराणसी के अभिषेक और खुश्बू ने मारी बाजी

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय नगर स्थित ध्येय एकेडमी के तत्वावधान में पांच किलोमीटर की राज्यस्तरीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में दो किलोमीटर अलग-अलग किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र चौरसिया एवं नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह रहे। मिनी मैराथन की शुरूआत सुबह करीब आठ बजे नकहनी चौराहे से हुई। प्रतिभागियों ने भाटपाररानी मार्ग पर निर्धारित पांच किलोमीटर की दूरी तक दौड़ लगाई। प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से पहुंचे युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा के साथ खेल भावना का प्रदर्शन किया। दौड़ के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बालक वर्ग में वाराणसी के अभिषेक प्रजापति ने प्रथम, गोरखपुर के अभिषेक कुमार ने द्वितीय तथा प्रतापगढ़ के राजकुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में वाराणसी की खुश्बू कुमारी प्रथम, गोपालगंज की रीपू यादव द्वितीय तथा मऊ की अर्चना कुमारी तृतीय रहीं। विजेता प्रतिभागियों को विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण एवं छोटे शहरों की प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनीष दीक्षित ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। नियमित खेलकूद से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक फिटनेस बढ़ती है। ध्येय एकेडमी आगे भी खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा।

● राज्यस्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम

## भारी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ मिश्रौली का डोल मेला




**कुशीनगर।** संवेदनशीलता के लिहाज से प्रशासन की अग्निपरीक्षा माने जाने वाला पडरौना कोतवाली क्षेत्र का मिश्रौली डोल मेला शनिवार को कड़े सुरक्षा घेरे और आपसी सौहार्द के बीच सकुशल संपन्न हो गया। मेला शुरू होने से लेकर डोल विसर्जन तक पुलिस और पीएसी के जवान चप्पे-चप्पे पर मुस्तैदी से डटे रहे। प्रशासन की पैनी निगाह हर गतिविधि पर रही और अधिकारियों की लगातार मौजूदगी ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती दी। भगवान श्रीकृष्ण व माँ काली की आकर्षक झांकियों और डोल के साथ उमड़े श्रद्धालुओं के बीच भक्ति, उल्लास और आस्था का रंग साफ दिखाई दिया

**दो दिन पहले से शुरू हो गई थी सुरक्षा की तैयारी**

मिश्रौली डोल मेले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने दो दिन पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली थी। शनिवार को दोपहर होते-होते अधिकारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ मेला क्षेत्र में पहुंच गए। डोल जिन रास्तों से होकर गुजरना था, उन सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। गांवों और बाजार के संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। मंगलपुर पटेरहा, सनेरामल छपरा, बरकंटी, पकड़ियार, सोहरौना, विश्रामपट्टी, आधार छपरा बाजार टोला, आधार छपरा खास, शिवाला टोला, दल बहादुर छपरा, कोइरी टोला, सिसवलिया, सहुआडीह, चंदरपुर समेत करीब डेढ़ दर्जन गांवों से डोल मिश्रौली पहुंचा। डोल यात्रा के दौरान भक्ति गीतों पर युवा झूमते नजर आए। वहीं कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी।

**350 जवानों के साथ डेढ कंपनी पीएसी ने संभाला मोर्चा**

सुरक्षा व्यवस्था की कमान सदर उपजिलाधिकारी विवे मिश्रा, क्षेत्राधिकारी आरपी सिंह, तथा पडरौना कोतवाली प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने संभाली। इनके अलावा करीब एक दर्जन इंस्पेक्टर, एक दर्जन दरोगा, करीब 350 पुलिसकर्मी व 75 महिला पुलिसकर्मी, टीएसआई, 10 ट्रैफिक पुलिसकर्मी, डेढ कंपनी पीएसी, फायर सर्विस के जवान तथा एंबुलेंस को तैनात किया गया था। अधिकारियों ने मेला क्षेत्र के साथ डोल मार्गों और आसपास के संवेदनशील स्थानों का लगातार जायजा लिया। भीड़ को नियंत्रित करने से लेकर यातायात व्यवस्था तक पर पुलिस की पैनी नजर रही।

**विश्रामपट्टी डोल को लेकर खास सतर्कता**

अतिसंवेदनशील माने जाने वाले विश्रामपट्टी गांव से डोल निकलने को लेकर प्रशासन विशेष रूप से सतर्क रहा। बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गांव में मौजूद रहे। सदर उपजिलाधिकारी विवेक मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद डोल को रवाना कराया। गाजे-बाजे के साथ डोल मिश्रौली बाजार पहुंचा और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए।

**जब तक खत्म नहीं हुआ मेला, अटकी रही प्रशासन की सांस**

सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील माने जाने वाले मिश्रौली डोल मेले को सकुशल संपन्न कराना प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। यही वजह रही कि मेला शुरू होने से पहले ही पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा का ऐसा मजबूत घेरा तैयार किया कि किसी भी अप्रिय स्थिति की गुंजाइश न रहे। मेला समाप्त होने तक अधिकारी मौके पर डटे रहे। आसपास के गांवों के सामाजिक और प्रबुद्ध लोगों के साथ लगातार संवाद कायम रखा गया। प्रशासन ने पूर्व में ही विभिन्न गांवों में बैठकें कर लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की थी। आखिरकार प्रशासन की सतर्कता, पुलिस की मुस्तैदी औरा अतिसंवेदनशील डोल मेला बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

## गोबर फेंकने के विवाद में महिला की हत्या, दो घायल

**बांदा।** जिले में गोबर फेंकने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद धारदार हथियारों से किए गए हमले में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी (सदर) सौरभ सिंह ने बताया कि घटना शुक्रवार को जसपुरा थाना क्षेत्र के बरेहटा गांव में हुई। उन्होंने बताया कि राजबहादुर निषाद (50), उनकी पत्नी गीता (45) और बेटा अनिल (23) बच्चों द्वारा साझा पैतृक जमीन पर गोबर फेंकने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे पक्ष से बात करने गए थे। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान राजबहादुर के बड़े और छोटे भाई ने कथित रूप से हंसिया और कुल्हाड़ी से तीनों पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गीता को मृत घोषित कर दिया। राजबहादुर और अनिल का इलाज किया जा रहा है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। राजबहादुर की शिकायत के आधार पर उनके भाइयों रामबहादुर और शिवलोचन, उनकी पत्नियों और भतीजे राजू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी रामबहादुर को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

संक्षेप

## सड़क हादसों में तीन की मौत

शाहजहांपुर। जिले में शनिवार सुबह दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक थाना तिलहर अंतर्गत एक घटना में मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों की बस से टक्कर लगने से मौत हो गई जबकि दूसरी घटना में एक खराब गाड़ी को सही कर रहे उसके चालक को अज्ञात ट्रक ने कुचल दिया जिससे उसकी भी मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने शनिवार को बताया कि कनेग गांव के रहने वाले सोमेश शुक्ला (24), मोहित अवस्थी (23) मोटरसाइकिल से मंदिर जा रहे थे और जब उनकी मोटरसाइकिल भेदपुर के पास पहुंची तभी, पीछे से आ रही एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां दोनों की मौत हो गई। दूसरी घटना में जयपुरिया स्कूल के पास एक गाड़ी खराब हो गई थी जिसका चालक सतीश (26) उसे ठीक कर रहा था तभी पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने उसे कुचल दिया।

## लापता युवक का खेत में मिला कंकाल

सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के उदनापुर कोरैया गांव के मजरा कोरैय्या में शनिवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों को कब्रिस्तान के दक्षिण दिशा में नर कंकाल पड़ा दिखाई दिया। कंकाल मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कटेसर चौकी प्रभारी विकास यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि कोरैय्या निवासी किशोरी उर्फ गोलू (26) करीब 17 दिन से लापता था। परिजनों को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर मिले कपड़े और चप्पल के आधार पर परिजनों ने कंकाल की पहचान किशोरी उर्फ गोलू के रूप में की। परिजनों के मुताबिक युवक के लापता होने के बाद उसकी काफी तलाश की गई थी। कोई सुराग नहीं मिलने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। अब खेत में नर कंकाल मिलने के बाद युवक की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि नर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## डॉक्टर ने जांच कर दिव्यांग बच्चों के बनाये प्रमाण पत्र

मोहम्मदी खीरी। गांव सहदेवा के सिविलियन विद्यालय में जिला समन्वय समेकित शिक्षक माला श्रीवास्तव की देखरेख में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें जिले से आये डॉक्टर ने परीक्षण कर 57 बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए हैं। शनिवार को विद्यालय में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें शारीरिक अक्षमता वाले छात्र-छात्राओं की जांच की गई है जिसमें विशेष शिक्षक लाट साहब, रामकुमार और अनीता कुमारी की देखरेख में डॉ निखिल आर्य द्वारा छात्र-छात्राओं का शारीरिक परीक्षण किया गया जांच के दौरान शारीरिक अक्षम बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर उन्हें वितरित किया गया हैं।

## जनकपुर गांव में भी पहुंचा मोहाना का पानी

तिकुनियां खीरी। मोहाना नदी के उफनाने से जनकपुर गांव में पानी भर गया है। लोगों ने अपना अपना सामान पैक कर ऊंचे स्थानों पर जाने की कवायद शुरू कर दी है। लेखपाल व कानूनगो मौके पर डटे हुए है। भारत नेपाल सीमा पर बह रही मोहाना नदी उफना गई है, नदी के उफनाने से जनकपुर गांव जलमग्न हो गया है। इस गांव में करीब 120 घर है। गांव निवासी देवीदयाल, संतराम, गुड्डू ने बताया कि मोहाना नदी का पानी गांव में भरने लगा है सभी लोगो ने सामान पैक कर लिया है। गांव के गया प्रसाद और राकेश कुमार ने बताया कि गांव में 120 घर है और सभी लोग पड़ोस में स्थित गुरुद्वारा कौड़ियाला घाट में शरण लेंगे और जानवरों को सड़क के किनारे ऊंचे स्थान पर बांधा जायेगा। प्रधानपति मो मियां की सूचना पर पहुंचे लेखपाल फूलचंद और कानूनगो देवीचरन त्रिवेदी ने बताया कि सभी को ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

# 3000 से अधिक स्कूली छात्र बने फर्स्ट रिस्पॉन्डर



**सोनभद्र**। सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक ज्ञान और जीवन रक्षक कौशल प्रदान करने की दिशा में बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0 चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत एनसीएल द्वारा अब तक 56 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 3086 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्राथमिक उपचार देने के तौर-तरीकों से अवगत कराना है। साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को जीवन रक्षक कौशल से सशक्त बनाते हुए उन्हें जरूरत के समय तत्काल और सही सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

इस दौरान विद्यार्थियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन), सड़क दुर्घटना के दौरान तत्काल प्राथमिक उपचार, सर्पदंश की स्थिति में आवश्यक सावधानियां, जलने एवं गंभीर चोटों में त्वरित राहत, रक्तचाप की जांच तथा सामान्य रोगों की पहचान से संबंधित प्राथमिक जानकारी दी जा रही है।

विद्यार्थियों को विशेष रूप से इस बात के लिए जागरूक किया जा रहा है कि दुर्घटना अथवा किसी अन्य आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता पहुंचने से पहले उठाए गए सही कदम कई बार जीवन रक्षक साबित हो सकते हैं।

गौरतलब है कि एनसीएल ने ह्यबेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0ह्व के फेज-1 के तहत अपने पोषित विद्यालयों के 3,200 विद्यार्थियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। एनसीएल की यह पहल विद्यालयीन शिक्षा को जीवन कौशल से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का ज्ञान देने के साथ-साथ उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में जिम्मेदार और सक्षम फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में तैयार किया जा रहा है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

सोनभद्र। भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आज 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। वे महान शिक्षक, दार्शनिक एवं शिक्षाविद थे। उनके शिक्षा के प्रति समर्पण और योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जयंती को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। समारोह में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ जी, सदर विधायक भूपेश चैबे, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, जिला पंचायत सदस्य सजीव त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, सदर ब्लाक प्रमुख्य अजीत रावत, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे।

समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक और राष्ट्र के भविष्य के निमार्ता हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। शिक्षकों का सम्मान वास्तव में राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का सम्मान है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षा और शिक्षक की महत्ता को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया। शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा देकर उनके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि शिक्षक देश के भविष्य को आकार देने वाले वास्तविक राष्ट्रनिमार्ता हैं। विद्यालय में शिक्षक की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, संवेदनशीलता, रचनात्मक सोच एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी शिक्षक का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका उत्कृष्ट कार्य अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन





सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उमंग भवन ऑडिटोरियम में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के अमूल्य योगदान को उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) मणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) डॉ.विनोद कुमार भराली, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (वीएसआर ओवरहालिंग) एच. पी.देवांगन, महाप्रबंधक (रसायन) टी.एन. सीतारमन, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रुमा दे शर्मा, डीपीएस, डीपॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं चैतन्य कोचिंग अकादमी के प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों के स्वागत, उन्हें गुलाब के पुष्प एवं स्मृति-चिन्ह भेंट करने के साथ हुआ। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधन का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रुमा दे शर्मा ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु समाज के पथप्रदर्शक होते हैं, जो ज्ञान, संस्कार और प्रबोधन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान रविंद्र मिश्रा द्वारा स्वरचित गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के मनोरंजन हेतु फन गेम्स, क्विज प्रतियोगिताएँ एवं स्केटिंग डांस जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों ने शिक्षकों के समर्पण, निष्ठा एवं उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दिवस की खुशी साझा करते हुए केक कटिंग का आयोजन भी किया गया। अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता ने शिक्षकों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं अथक प्रयासों के लिए बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं, जिनका योगदान सदैव प्रेरणादायी और अतुलनीय रहेगा। इस अवसर पर डीपीएस, डीपॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं चैतन्य कोचिंग अकादमी के प्राचार्यों को मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्यों ने इस सराहनीय पहल के लिए एनटीपीसी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आरटीओ के औचक निरीक्षण से परिवहन कार्यालय में मचा हड़कंप



सीतापुर। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर शनिवार को जनपद गोंडा मंडल के संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार मौर्य ने खैराबाद स्थित सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे आरटीओ को देखकर कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। उन्होंने मौजूद आवेदकों से कर्मचारियों के व्यवहार, आवेदन प्रक्रिया, खर्च और अतिरिक्त धनराशि की मांग को लेकर सीधे जानकारी ली। आवेदकों के जवाब से अधिकारी संतुष्ट नजर आए। आरटीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यालय में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या बिचैलिये का प्रवेश नहीं होना चाहिए। किसी अधिकारी, कर्मचारी या अन्य व्यक्ति द्वारा काम के बदले रुपये मांगने पर तत्काल एआरटीओ को सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने फिटनेस यार्ड में वाहनों की जांच प्रक्रिया का जायजा लिया और निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी फिटनेस परीक्षण के निर्देश दिए। ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र में सिम्युलेटर और सीसीटीवी की जांच कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान बायोमेट्रिक कार्य में लगे कुछ कर्मचारी बिना पहचान पत्र के मिले। कंपनी की ओर से पहचान पत्र जारी न किए जाने की जानकारी पर आरटीओ ने तत्काल कंपनी से पत्राचार कर पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पटलों, अभिलेख कक्ष और सीसीटीवी व्यवस्था का निरीक्षण कर पारदर्शिता, जवाबदेही और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

## गौशाला पर 6.19 लाख का टैक्स, पूर्व विधायक ने नगर पालिका पर साधा निशाना

सीतापुर। निराश्रित, असहाय और वृद्ध गोवंशों के संरक्षण के लिए संचालित धर्मार्थ गौशाला पर नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा 6 लाख 19 हजार 466 रुपये का गृह एवं जल कर लगाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व विधायक मिश्रिख-महोली एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनूप कुमार गुप्ता ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर भारी-भरकम कर बिल को तत्काल निरस्त करने और गौशाला को स्थायी रूप से करमुक्त किए जाने की मांग की है। गुप्ता के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए गौशाला के नाम जारी कर बिल में 6,19,466 रुपये की देनदारी दर्शाई गई है। उन्होंने इसे संवेदनहीन और अमानवीय बताते हुए कहा कि गौशाला का उपयोग किसी व्यावसायिक, औद्योगिक अथवा निजी आवासीय लाभ के लिए नहीं हो रहा है। परिसर में केवल दो सेवादार गोवंशों की देखभाल के लिए रहते हैं। पत्र में दावा किया गया है कि गौशाला उत्तर प्रदेश गौशाला अधिनियम, 1964 के तहत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त धर्मार्थ संस्था है। इसका संचालन व्यापारियों, गौ-भक्तों और आम लोगों के सहयोग से चारे, भूसे और दाने आदि की व्यवस्था कर किया जाता है। यहां दूध की बिक्री अथवा किसी प्रकार का आर्थिक कारोबार नहीं होता। पूर्व विधायक ने उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 157 का हवाला देते हुए कहा कि धर्मार्थ एवं जनहितकारी संपत्तियों को कर से छूट देने का प्रावधान है। उन्होंने नगर पालिका से बिल निरस्त करने के साथ बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर गौशाला को गृह कर और जल कर से स्थायी रूप से मुक्त करने की मांग की है। मामला सामने आने के बाद नगर पालिका की कर व्यवस्था और धर्मार्थ संस्थाओं के प्रति उसके रवैये पर सवाल उठने लगे हैं।

## यूजीसी कानून के विरोध में सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज



सीतापुर। यूजीसी से संबंधित कानून के विरोध और विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों ने शहर में पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी महाराणा प्रताप चौक से नारेबाजी करते हुए लालबाग पहुंचे। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे प्रदर्शनकारियों ने यहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने मौके पर डीएम को बुलाकर ज्ञापन सौंपने की मांग की। इससे पुलिस-प्रशासन के सामने यातायात और कानून-व्यवस्था संभालने की चुनौती खड़ी हो गई। सीओ सिटी कपूर कुमार, एसडीएम सदर जनार्दन कुमार समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी करीब 45 मिनट तक प्रदर्शनकारियों को समझाते रहे, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट जाने को राजी हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने जमीन पर बैठकर फिर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी से संबंधित कानून वापस लेने, शिक्षा व्यवस्था में समानता और सामाजिक समरसता समेत विभिन्न मांगें उठाईं। प्रदर्शन के दौरान फिल्म अभिनेत्री स्वरा भास्कर के कथित विवादित बयान को लेकर भी आपत्ति जताई गई। प्रदर्शनकारियों ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कोतवाली गेट पर भी प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया। प्रदर्शनके दौरान अनिल सिंह पाताबोझ, संदीप अवस्थी, विजय कुमार अवस्थी, अखंड प्रताप सिंह, करणी सेना जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, पूनम मिश्रा, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अंशुल सिंह, विकास हिंदू, अधिवक्ता विक्रम सिंह, हरिओम मिश्रा, लोकतंत्र सेनानी जिलाध्यक्ष संतराम त्रिवेदी, विशंभर तिवारी, रविंद्र तिवारी गुरु जी, अशोक सिंह इस्माईलगंज, मनोज सिंह, रामनारायन त्रिवेदी, पवन पतौजा, अभिषेक त्रिपाठी, और कमलेश पांडे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कृष्ण जन्माष्टमी की झांकी देखकर लौट रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत

कन्नौज। जिले में जन्माष्टमी पर झांकी देखकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे तीन युवकों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसा शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में डुडवा बुजुर्ग चौराहे के पास हुआ। थाना प्रभारी अजय अवस्थी ने बताया कि बैंसन पुरवा गांव निवासी अनुराग (18), आशीष (17) और अमोलर तालग्राम निवासी अमन उर्फ कृष्णा (18) जन्माष्टमी के अवसर पर गुरसहायगंज में झांकियां देखने गए थे। तीनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखवा दिया है और अज्ञात वाहन तथा उसके चालक का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों की मौत

कानपुर। कानपुर जिले के कल्याणपुर इलाके में एलपीजी सिलेंडर लदे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान मसवानपुर-रावतपुर निवासी सचिन वाल्मीकि (25) और उसके दोस्त सूरज (35) के रूप में हुई है। दोनों शुक्रवार रात करीब आठ बजे मोटरसाइकिल से पनकी की ओर जा रहे थे तभी एलपीजी सिलेंडर ले जा रहे ट्रक ने आगे निकलने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक के पहियों के नीचे आ गए। सहायक पुलिस आयुक्त (कल्याणपुर) दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक कथित तौर पर मौके से भाग गया, लेकिन स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने पनकी नहर के पास उसे रोक लिया। ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल और वाहन के पंजीकरण संबंधी विवरण के आधार पर मृतकों की पहचान की और उनके परिजनों को सूचना दी। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। सचिन के भाई नितिन ने बताया कि परिवार में सबसे छोटा सचिन एक निजी कंपनी में काम करता था और करीब तीन महीने पहले उसकी सोनी से शादी हुई थी। शुक्रवार शाम वह सूरज के साथ घर से यह कहकर निकला था कि दोनों पनकी जा रहे हैं। बाद में दोनों परिवारों ने ट्रक चालक के खिलाफ कल्याणपुर पुलिस को लिखित शिकायत दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## डीएम के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच टीम गठित, मौके पर पहुंचकर जांच शुरू

सोनभद्र। निजी अस्पतालों में उपचार के दौरान एक महिला एवं एक बच्ची की मृत्यु तथा परिजनों द्वारा उपचार में लापरवाही के लगाए गए आरोपों से संबंधित प्रकाशित समाचारों का जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संज्ञान लेते हुए दोनों प्रकरणों की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है। जांच टीम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को शामिल किया गया है। टीम को दोनों प्रकरणों की जांच कर दो दिवस के भीतर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं मुख्य चिकित्साधिकारी ने घोरावल स्थित नेशनल हॉस्पिटल, धर्मशाला रोड पहुंचकर बच्ची की मृत्यु से संबंधित प्रकरण की मौके पर जांच शुरू की। अधिकारियों द्वारा अस्पताल में उपलब्ध उपचार संबंधी अभिलेखों एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। आवश्यक अभिलेखों को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत रिकॉर्ड रूम को सील करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई। जांच के दौरान अस्पताल में उपस्थित संबंधित चिकित्सक का बयान दर्ज किया गया। उपचार से संबंधित अभिलेखों, दस्तावेजों एवं अन्य तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है। महिला की मृत्यु से संबंधित प्रकरण में भी उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर जांच की कार्यवाही की जा रही है। दोनों प्रकरणों में जांच निष्पक्ष एवं तथ्यों के आधार पर की जा रही है। जांच कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित अवधि में स्पष्ट जांच आख्या जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

## श्रीकृष्ण-राधा के वेश में बच्चों ने मोहा मन

सोनभद्र। मानवीय चेतना के महानायक श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का यादगार पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी संपूर्ण मानवता के लिए आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक तिथि मात्र का स्मरण नहीं है। यह आंतरिक पांच महाविकारों और अज्ञानता की जंजीरों से स्वतंत्र होने का पर्व है। परमात्मा का अवतरण ही उस समय होता है जब अधिक अधर्म फैला हुआ होता है। इसी प्रकार मनुष्य का जीवन जब सबसे अधिक भय, अहंकार, सत्ता और समाज के डर से घिरा होता है तो जीवन में दिव्य चेतना के जन्म लेने की संभावना विद्यमान होती है। इसलिए जीवन की सभी परिस्थितियों में श्रीकृष्ण के समान समभाव होकर चलते रहना चाहिए। यही जन्माष्टमी का अध्यात्मिक संदेश है। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के विकास नगर स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र की मुख्य संचालीका बीके सुमन दीदी ने जनपद के विभिन्न भागों से आए हुए श्रद्धालुओं से कहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवन और समाज की परिस्थितियां हमारे लिए हमारी सकरात्मक मनोवृति के कारण प्रेरणा का माध्यम बन जाती है। ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग के अभ्यास से जीवन में सकारात्मक मनोवृति का निर्माण होता है। बीके दीपशिखा बहन नें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य बताई। सभी का स्वागत नृत्य कु0साक्षी व कु0प्रियंसी ने किया। अनेक मनमोहक नृत्य नाटक नायरा, रिया, मोना, ज्योति, निक्की, कविता, जिया, आरती, ओम, देव, दीप, बैभव, हर्षित, पूनम, बच्चों के द्वारा इतना आकर्षक नृत्य नाटिका देखकर सभी का मन प्रफूल्लीत हो गया। लक्ष्मी के रूप मे-रिद्धि, नारायण-के भेष मे प्रीति ने अपना रूप धारण किया था इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे बीके सीता, बीके सरोज, बीके कविता, बीके दीपशिखा, डॉ अनुपमा सिंह, बीके हरीन्द्र भाई, डॉ0संजय सिंह, अवधेश भाई, राजीव भाई, बृजकिशोर भाई, रामप्रवेश भाई आदि का विशेष योगदान रहा।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

### घंटा-घड़ियाल के बीच गूंजे नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे

जिला संवाददाता



दुद्धी,सोनभद्र। धर्म एवं आस्था की नगरी दुद्धी नगर व क्षेत्र में शनिवार, 5 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि 12 बजे नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। घंटा-घड़ियाल और शंखध्वनि के बीच मंदिर परिसर ह्यनंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्व, ह्यमदना गोपाल कीह्व जैसे जयकारों से गूंज उठे।

नगर पंचायत परिसर स्थित श्रीसंकट मोचन मंदिर, प्राचीन शिवाला, विष्णु मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, मां काली मंदिर, चैकी कस्बा थाना मंदिर, पंचदेव मंदिर, प्राचीन शिवाजी तालाब मंदिर, डिहवार बाबा मंदिर सहित विभिन्न ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मल्लदेवा स्थित डॉ.हर्षवर्धन प्रजापति के यहां भी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान नगर एवं क्षेत्र की भजन-कीर्तन मंडलियों के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। बड़ी देर भई नंदलाला, एक राधा, एक मीरा, दोनों ने श्याम को चाहा, अंतर क्या दोनों की चाह में, बोलो एक प्रेम दीवानी, एक दरस दीवानी सहित अन्य भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। जन्मोत्सव के बाद जमकर आतिशबाजी हुई और पटाखे फोड़े गए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात तक मंदिरों में दर्शन-पूजन कर भगवान के समक्ष मत्था टेका।

जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों को रंग-बिरंगी आकर्षक झालरों एवं विद्युत सजावट से सजाया गया था। वहीं लड्डू गोपाल का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें मनमोहक परिधानों से सजाया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, युवतियों और बच्चों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी रही। कई बच्चे भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण कर सजे-धजे नजर आए और मंदिरों व सड़कों पर घूमते हुए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर चौधरी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुद्धी विश्वनाथ प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय सिंह, महिला थाना प्रभारी संतु सरोज, उपनिरीक्षक श्याम जी यादव सहित महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी विभिन्न मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। पुलिस की सतर्कता और श्रद्धालुओं के सहयोग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ।

## विपिन सिंह बने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक फेरबदल के तहत वरिष्ठ एवं संघर्षशील नेता विपिन सिंह को भाजपा काशी क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया गया यह निर्णय रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस घोषणा के बाद से ही काशी क्षेत्र के सभी 16 जिलों के भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह की लहर है। यह नियुक्ति मिशन 2027 के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह उत्तर प्रदेश का काशी क्षेत्र राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील और निर्णायक माना जाता है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहराने के लिए संगठन को एक ऐसे अनुभवी चेहरा की आवश्यकता थी, जिसकी पकड़ बूथ स्तर तक हो। विपिन सिंह की छवि एक निष्ठावान, कर्मठ और सर्वसमावेशी नेता की रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि उनकी यह नियुक्ति 'मिशन 2027' के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगी। उनके सांगठनिक अनुभव और रणनीतिक कौशल का सीधा लाभ पार्टी को आगामी चुनावों में मिलेगा। विपिन सिंह का राजनीतिक जीवन सादगी, समर्पण और आम कार्यकर्ताओं के साथ सीधे जुड़ाव के लिए जाना जाता है। वे सदैव जमीनी स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर उनके मनोनयन से बूथ और मंडल स्तर के कार्यकताओं में एक नया विश्वास जगा है। कार्यकताओं का कहना है कि विपिन सिंह के रूप में उन्हें एक ऐसा सुलभ और सशक्त मार्गदर्शक मिला है, जो हर स्थिति में उनके साथ खड़ा रहता है। इस निर्णय से कैडर में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, जो 2027 के चुनावी रण में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। ?काशी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 16 जिलों में विपिन सिंह का व्यापक जनसंपर्क रहा है। आगामी दिनों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और विपक्ष के नैरेटिव का करारा जवाब देने में उनकी भूमिका अहम रहेगी। वे क्षेत्र के हर जिले और विधानसभा स्तर पर कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर संगठन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में कार्य करेंगे। उनकी दूरदर्शी सोच से न केवल पारंपरिक वोट बैंक मजबूत होगा, बल्कि नए मतदाताओं और युवाओं को भी संगठन से जोड़ने में गति मिलेगी।

### 2027 में एतिहासिक विजय का संकल्प

काशी क्षेत्र में विपिन सिंह की नियुक्ति से यह स्पष्ट संदेश गया है कि पार्टी अपने समर्पित और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को हमेशा आगे बढ़ाती है। उनके नेतृत्व में काशी क्षेत्र का भाजपा कैडर एक बार फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के संकल्प के साथ मैदान में उतरने को तैयार है। समस्त क्षेत्रवासियों और पार्टी पदाधिकारियों ने विपिन सिंह को इस नए दायित्व के लिए अनंत बधाई दी है और विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में भाजपा काशी क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक सफलता दर्ज करेगी।

संक्षेप

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को

**बहराइच**। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 12 सितम्बर, 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

## अतिक्रमण हटाये जाने की मांग

**बांदा**। कमासिन क्षेत्र के पन्नाह में नाला से अतिक्रमण हटाने की शिकायत एसडीएम से की गई है। बारिश के पानी के साथ-साथ पूरे गांव का पानी नाला से होकर बहता था। लेकिन नाले में अतिक्रमण के कारण पानी का बहाव रुकने से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। शनिवार को ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है। ग्राम पन्नाह निवासी इंद्रपाल यादव ने शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के ही दो व्यक्तियों ने गाटा संख्या 666 व 673 से बहने वाले नाले पर अतिक्रमण कर लिया है। अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है।--

## सपा ने बंद स्कूलों के विरोध में लगायी चौपाल

**बांदा**। शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने चैपाल लगायी। पदाधिकारियों ने प्रदेश में बंद किए गए हजारों प्राथमिक विद्यालयों के विरोध में ग्राम बजरंगपुरवा में बैठक कर विरोध दर्ज कराया। पदाधिकारी ओमनारायण त्रिपाठी विदित, चैपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान लोकसभा प्रभारी उमेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान अली राजू, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता राजा, लालमन यादव, रामलाल प्रजापति, राजन चंदेल, सरताज खान, रोहित प्रजापति आदि रहे।

## नदी किनारे के लोगों को किया अलर्ट गोताखोर तैनात

**बांदा**। केन और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। केन नदी का जलस्तर 102.36 मीटर तक पहुंच गया था, हालांकि अब इसमें गिरावट देखी जा रही है। वहीं, यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए प्रशासन ने नदी के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। 5 सितंबर को दोपहर 12 बजे भूरागढ़ गेज स्थल पर केन नदी का जलस्तर 102.36 मीटर दर्ज किया गया। केन नदी का चेतावनी स्तर 103 मीटर और खतरे का निशान 104 मीटर है। यानी नदी अभी खतरे के निशान से 1.64 मीटर नीचे बह रही है। फिलहाल, इसका जलस्तर गिरने का ट्रेंड दर्ज किया गया है। दूसरी ओर, यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। चिल्लाघाट गेज स्थल पर सुबह 8 बजे यमुना का जलस्तर 93.83 मीटर दर्ज हुआ। यमुना का चेतावनी स्तर 99 मीटर और खतरे का निशान 100 मीटर है।

यमुना का जलस्तर अभी भी बढ़ते ट्रेंड में है। मध्य प्रदेश में हुई भारी बारिश के बाद गंगऊ बांध से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया था। इसी पानी के कारण केन नदी का जलस्तर बढ़ा था। इसके बाद से नए सिरे से पानी छोड़े जाने की कोई सूचना नहीं है। केन नदी में गिरावट से कुछ राहत मिली है, लेकिन यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

केन नदी में बढ़ते पानी को देखते हुए सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग लगाई गई है। यह बैरिकेडिंग वहां लगाई गई है, जहां तक पानी पहुंचा है, उससे करीब 100 मीटर पहले।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें: मंडलायुक्त



जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर**। मुरादाबाद मंडल की मंडलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील परिसर पहुंचने पर मंडलायुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

शनिवार को मुरादाबाद मंडलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में तहसील चांदपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 120 शिकायती एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मंडलायुक्त ने शेष शिकायतों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का स्थलीय परीक्षण एवं नियमानुसार प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

शिकायतकर्ता की संतुष्टि को निस्तारण की गुणवत्ता का महत्वपूर्ण आधार बनाया जाए। मंडलायुक्त ने 25 शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीमें गठित करने के निर्देश दिए, ताकि मौके पर जाकर प्रकरणों की जांच कर उनका गुणवत्तापरक समाधान कराया जा सके। इस अवसर पर मंडलायुक्त संगीता सिंह ने तहसील परिसर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए 8.97 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित रैंप का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को शासकीय कार्यालयों में सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित




**बहराइच**। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह सितम्बर के प्रथम शनिवार को तहसील मिहींपुरवा में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होनें स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। साथ ही निस्तारित प्रार्थना पत्रों की आख्या समयावधि में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा में प्राप्त 28 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# जनशिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



**बांदा**। जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने संयुक्त रूप से नरैनी तहसील समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण करते हुए संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें।

भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण एवं अन्य मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रभावी कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान उप जिलाधिकारी नरैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बबेरू तहसील में समाधान दिवस एसडीएम अवनीश त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। एसडीएम और सीओ कृष्णकांत त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां 78 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

# पुलिस कप्तान ने उड़ायी दलालों से गठजोड़ रखने वाले चापलूस थानेदारों की नींद

शहजाद अंसारी (vol)

**बिजनौर**। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनपद का चार्ज संभालते ही अपराधियों से संबन्ध रखने वाले नकारा पुलिसकर्मियों पर लगाम कसना तैयारी शुरू कर दी है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने मात्र अपने दो हफ्ते के कार्यकाल में ही अपराधी, दलाल, छुटभैया व उनसे सम्बन्ध रखने वाले निकम्मे पुलिस कर्मियों की कुण्डली खंगाल कर उनमे दहशत पैदा कर दी है। प्रदेश में अपनी तेजतर्रार कार्यशैली के लिए नामचीन पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने 22 अगस्त 2026 को जनपद का पुलिस कप्तान के रुप में चार्ज संभाला था। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने चार्ज संभालते ही जनपद के अपराधियों, छुटभैया, दलाल व भू-माफियाओं की गोपनीय जांच कराकर उनकी कुण्डली खंगाल ली है। गोपनीय रिपोर्ट आने के बाद अपराधी, छुटभैया, दलाल, भू-माफिया व उनसे गठजोड रखने वाले सिपाही से लेकर दरोगा व थानाध्यक्ष तक भी एसपी की रडार पर आ गए है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई की चेतावनी के बाद जनपद के समस्त थानों के मुख्य गेट पर आनन फानन में दलालों का प्रवेश वर्जित के फ्लेक्सी बोर्ड लगाए गए है। थाना कोतवाली नगीना के मुख्य गेट पर लगा दलालों का प्रवेश वर्जित का फ्लेक्सी बोर्ड इस बात की गवाही दे रहा है कि एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के राज में अब थानों में न तो दलालों की एंट्री होगी और न ही कोई थानाध्यक्ष दलालों से कोई गठजोड़ रखेगा। थाना कोतवाली नगीना की बात करें तो लगभग ढाई वर्ष पूर्व इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के तबादले के बाद से ही इंस्पेक्टर रैंक का थाना कोतवाली नगीना दरोगाओं के बलबूते चल रहा है। इन ढाई वर्षो में दरोगा हरिओम चैहान, तेजपाल सिंह, संजय तोमर, अवनीत मान थाना कोतवाली नगीना की कुर्सी पर बैठ चुके है और वर्तमान में भी थाना कोतवाली नगीना दरोगा विकास कुमार के बलबूते चल रहा है जबकि कोतवाली चलाने वाले कई कर्मठ व योग्य इंस्पेक्टर पुलिस विभाग के अन्य ऑफिसों में फाइलें साफ करने को मजबूर है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई की रडार पर ऐसे भी दरोगा है जो चापलूसी व सिफारिश




के दम पर थानों से लेकर कोतवाली तक के चार्ज पर झपटा मारे बैठे है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई की आमद से जहां अपराधी, दलाल व भू-माफियाओं में खौफ पैदा हो गया है वही चापलूसी व सिफारिश के दम पर थानों से लेकर कोतवाली तक का चार्ज संभालने वाले ऐसे थानेदारों की भी नींद उड गई है जो अब तक कई तरह के हथकंडे अपनाकर योग्य इंस्पेक्टरों का हक मारकर चार्ज हांसिल कर चुके है।

# पुलिस लाइन में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**बांदा**। पुलिस लाइन में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस दौरान पुलिस लाइन परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली बालिकाओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्र दिया गया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में डीआईजी राजेश एस., जिलाधिकारी अमित आसेरी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्पना, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। इसी तरह कमासिन थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाकर भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी तैयार की गई। जिले के अन्य थानों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन बड़ी ही श्रद्धा के साथ हुआ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह



**बांदा**। आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनायी गई। शिक्षक दिवस समारोह की अध्यक्षता अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी ने की। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस रेखा सियाक, सीओ मेविस टॉक रहीं। जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि रेखा सियाक, मेविस टॉक ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के विवेकपूर्ण प्रयोग की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अतिथियों के साथ संवाद एवं प्रश्नोत्तरी सत्र में भाग लिया। छात्रों ने जीवन में सफलता प्राप्त करने, लक्ष्य निर्धारण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े प्रश्न पूछे। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को बुके भेंट कर व अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया।

# भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया



**महोबा**। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर में पुलिस परिवार के सदस्यों की सहभागिता से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पारंपरिक रीति-रिवाज एवं भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन-पूजन कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। पूजा-अर्चना के दौरान जनपदवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि तथा जनपद में आपसी सौहार्द, शांति एवं सद्भावना बनाए रखने की कामना की गई। जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा भक्तिमय वातावरण में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। पुलिस परिवार के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने श्रद्धाभाव के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, अपर जिलाधिकारी इन्द्र नन्दन सिंह, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार, क्षेत्राधिकारी अजय पाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रविन्द्र मलिक, प्रभारी एलआईयू राजीव कान्त सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइंस में हर्षोल्लास से मनायी गयी जन्माष्टमी






जिला संवाददाता

**बहराइच**। पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ; पुलिस मॉडर्न स्कूल के बच्चों, मेट्रो डांस अकादमी, पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने प्रस्तुत किए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम।* श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स, बहराइच में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन्स स्थित मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी स्थापित की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस मॉडर्न स्कूल के बच्चों, मेट्रो डांस अकादमी, पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों द्वारा विभिन्न भव्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन्स परिसर में पूरे दिन भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के शुभ अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के साथ ही ‟जय श्रीकृष्ण” एवं ‟जय कन्हैया लाल की” के जयघोष से सम्पूर्ण पुलिस लाइन्स परिसर भक्तिमय हो उठा। जन्मोत्सव के उपरान्त श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जनपद के समस्त थानों में पुलिसकर्मियों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## राधानगर पुलिस ने चोर को दबोचा

**फतेहपुर**। थाना राधानगर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद।

घटना का वादी मनोज कुमार पुत्र रामचरन निवासी फरिदावाद टिकरी, थाना गाजीपुर, जनपदफतेहपुर द्वारा थाना राधानगर पर सूचना दी गई कि उनकी नई बस्ती राधानगर स्थित निमार्णाधीन मकान पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें अमित कुमार पासवान पुत्र रामौतार निवासी डुंडरा, थाना गाजीपुर, जनपद फतेहपुर मजदूरी कर रहा था तथा पिछले 04–05 दिनों से उनके यहां कार्य कर रहा था। बारिश के कारण निर्माण कार्य बंद था। वादी समय करीब अपने निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे तो देखा कि वहां लगी पानी की टुल्लू मोटर गायब थी। वादी द्वारा आसपास तलाश करने पर मोटर का कोई पता नहीं चला।

# सिटी डिग्री कॉलेज नगीना में आज लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नगीना, बिजनौर**। सिटी डिग्री कॉलेज, नगीना, जनपद बिजनौर में आगामी 6 सितंबर दिन रवीवार को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में शुगर, थायरॉयड, हृदय रोग, बवासीर, कोलेस्ट्रॉल, चर्मरोग तथा महिला संबंधी विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। शिविर में प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य डॉ. जुबैर अंसारी मरीजों को देखकर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में आवश्यक परामर्श प्रदान करेंगे सिटी डिग्री कॉलेज नगीना के संस्थापक फहीमुद्दीन अंसारी एंव नाजिर अनवर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि सिटी डिग्री कॉलेज नगीना शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहा है। इससे पूर्व कॉलेज परिसर में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों के लेंस प्रत्यारोपित कर उनकी जिंदगी में रोशनी लौटाने का कार्य किया जा चुका है। संस्था का प्रयास है कि भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहें। फहीमुद्दीन अंसारी एवम नाजिर अनवर ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सिटी डिग्री कॉलेज में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# शिक्षामित्रों की शिक्षक का दर्जा देने की मांग




**बांदा**। टेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र उत्थान समिति ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष कल्याण सिंह, मूलचंद सोनी, राधेश्याम यादव, कमलेश कुमार, सुशील, सबलराज आदि ने ज्ञापन में कहा कि बेसिक शिक्षा में 25 वर्षों से कार्यरत टेट-सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र को उत्तराखंड राज्य की भांति विधिक नियमावली बनाकर नियमित किया जाए। पदाधिकारी ने कहा की बेसिक शिक्षा विभाग में विगत 25 वर्षों से सेवारत लगभग 80 हजार शिक्षामित्र स्नातक, बीटीसी, टेट, सीटेट उत्तीर्ण हैं। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई संस्था द्वारा सहायक अध्यापक पद के लिए निर्धारित अहताओं को पूरा करते हैं। इसके बावजूद प्रदेश में 10 वर्षों से शिक्षामित्र भटक रहा है। मांग की है कि उत्तराखंड सरकार द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया का प्रदेश में भी अमल किया जाए। टेट-सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र को नियमित किया जाए। आने वाली क्रमिक शिक्षक भर्तियों में टेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र को उम्र में छूट, कायार्नुभव के आधार पर भारांक, मध्य प्रदेश राज्य की भांति सीटों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। शिक्षामित्र को विभागीय टेट में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाए। शिक्षामित्र ने इस संबंध में शीघ्र शासनादेश जारी करने की मांग की है। इस दौरान सुरेश रावत, यशवंत कुशवाहा, अखिलेश चतुवेर्दी, रामलली, मनोज तिवारी, शिवशरण, रामराज, राकेश, संतोष, मधुराज, बद्री प्रसाद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटकऔर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बहराइच**। महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में शुक्रवार को राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 2026 के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री की अध्यक्षता में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को मरणोपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करना, नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों एवं आशंकाओं को दूर करना तथा अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए जागरूक करना रहा। इस अवसर पर एमबीबीएस विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर, हस्ताक्षर अभियान चला कर तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नेत्रदान के महत्व का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि मरणोपरांत नेत्रदान से जरूरतमंद व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान करने में मदद मिल सकती है। वहीं चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों द्वारा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन कर नेत्रदान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री ने कहा कि, ‟नेत्रदान महादान है।

हमारे जाने के बाद हमारी आँखें किसी ऐसे व्यक्ति के जीवन में रोशनी ला सकती हैं, जो अंधकार में जीवन जीने को मजबूर है। नेत्रदान केवल किसी व्यक्ति की दृष्टि लौटाने का माध्यम नहीं, बल्कि एक परिवार के जीवन में उम्मीद और खुशियाँ वापस लाने का पुनीत कार्य है।” उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रत्येक व्यक्ति को मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लेना चाहिए और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन से ‟नेत्रदान करें, किसी के जीवन में रोशनी भरें” के संदेश के साथ अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

# शिव मंदिर में हुआ भव्य भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**फतेहपुर**। शहर के पत्थरकटा चौराहा स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जय मां दुर्गा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे का आयोजन गुलाब मार्बल एंड टाइल्स की ओर से कराया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर पिछले कई वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस वर्ष भी भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर परिसर में पहुंचे भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करने के बाद भंडारे में पूड़ी-सब्जी सहित प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों एवं कार्यकताओं ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा की।

इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजक गुलाब मार्बल एंड टाइल्स की ओर से बताया गया कि धार्मिक पर्वों के अवसर पर सेवा एवं भंडारे का आयोजन करने की परंपरा आगे भी जारी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि भंडारे के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा करने से आत्मिक संतुष्टि मिलती है और समाज में आपसी भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है।

भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में भक्तों ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर गुलाब सिंह, अभिनव कुमार, पिंटू, सोनू, अभय, संजय, गुड्डू कश्यप, विक्की, आदित्य, नवनीत, साहिल सहित अन्य भक्तगण एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय कानून को कायम रखने की आवश्यकता

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को यहां ब्रिक्स प्रधान न्यायाधीश फोरम (ब्रिक्स-सीजेएफ) में स्वस्थ असहमति और विचार-विमर्श की संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस फोरम में ब्रिक्स के सदस्य और साझेदार देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों तथा प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय की समयबद्ध और पूर्वानुमेय व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।

इस अवसर पर ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और समूह के अन्य सदस्य एवं साझेदार देशों के न्यायिक अधिकारियों ने भी संबोधित किया। ब्राजील के सर्वोच्च संघीय न्यायालय के अध्यक्ष लुइज एडसन फाचिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया। रूस के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश इगोर क्रास्नोव, चीन के प्रधान न्यायाधीश और सर्वोच्च जन न्यायालय के अध्यक्ष झांग जुन, मिस्र के सर्वोच्च संवैधानिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बौलोस गहमी इस्कंदर बौलोस और इंडोनेशिया के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुनार्तो ने भी अपने विचार रखे। अन्य वक्ताओं में संयुक्त अरब अमीरात के संघीय सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष मोहम्मद हमद अल बादी अल धाहेरी, बेलारूस के सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष आंद्रेई श्वेद, कजाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष असलम्बेक मर्गालियेव, दक्षिण अफ्रीका की सर्वोच्च अपील अदालत अध्यक्ष महुबे बेट्टी मोलेमेला, ईरान के प्रधान न्यायाधीश अयातुल्ला गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई और उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय की उपाध्यक्ष मलिकाखोन कलंदरावा शामिल थीं। ब्राजील के सर्वोच्च संघीय न्यायालय के अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने वैश्विक अस्थिरता और बदलाव के मौजूदा दौर में अंतरराष्ट्रीय कानून के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में कानून के शासन को कायम रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। चीन के प्रधान न्यायाधीश ने न्यायिक सहयोग को ब्रिक्स सदस्य देशों के लिए महत्वपूर्ण योगदान बताया और सदस्य एवं साझेदार देशों के बीच एकजुटता एवं सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने मौजूदा औद्योगिक बदलाव के दौर में नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता और न्याय को बढ़ावा देने में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने न्यायिक कार्यप्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका का भी उल्लेख किया और सीमापार वाणिज्यिक विवादों के समाधान में न्यायपालिका की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। चीन के प्रधान न्यायाधीश ने कानूनी प्रणालियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और विश्व न्यायिक सभ्यता के निर्माण में योगदान देने का भी आह्वान किया। मिस्र के सर्वोच्च संवैधानिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने एक स्वतंत्र और निष्पक्ष कानूनी व्यवस्था तथा वैश्विक स्तर पर साझा आवाज की जरूरत पर बात की। वहीं, इथियोपिया के संघीय सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष ने वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र पर ध्यान केंद्रित किया और कानून के शासन तथा आर्थिक विकास के बीच संबंध पर चर्चा की।

# जलवायु परिवर्तन पर नेपाल की चिंताओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाएंगे पीएम बालेंद्र



काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे और संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह संभवतः जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाएंगे और विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मुआवजे की मांग करेंगे। नेपाल-तिब्बत सीमा के पास 26 अगस्त को चट्टानों के खिसकने और हिमस्खलन के कारण अचानक आई बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के शहरों एवं गांवों में भारी तबाही मचाई थी। इसमें 1,300 से अधिक लोगों की मौत हुई तथा करीब 4,900 लोग अब भी लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र के आधिकारिक वक्ताओं के कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री शाह 24 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र को संबोधित करेंगे। यह 27 मार्च को पदभार संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा में नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। महासभा में नेपाल का पक्ष तय करने के लिए विभिन्न स्तरों पर चर्चा और विचार-विमर्श जारी है। अधिकारियों के अनुसार, विदेश मंत्रालय इस यात्रा की तैयारियों में जुटा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर नेपाल और विदेशों के विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की है। ऐसी संभावना है कि नेपाल संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाएगा और इससे हुए नुकसान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मुआवजे की मांग करेगा। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल भी इस उच्चस्तरीय यात्रा पर शाह के साथ जाएंगे। खनाल ने कुछ दिन पहले नेपाल स्थित विभिन्न देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों के साथ क्लाइमेट जस्टिस (जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान और उससे निपटने की जिम्मेदारी को लेकर न्यायसंगत व्यवस्था) के मुद्दे पर व्यापक चर्चा की थी। नेपाल इस मुद्दे को वैश्विक मंच पर उठाने की योजना बना रहा है। सरकार आपदा से हुए जान-माल के नुकसान का आकलन कर रही है। वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय संयुक्त रूप से एक रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

संक्षेप

## टाटा उत्तराधिकार की दौड़ में नरेंद्रन, अग्रवाल व आशीष चौहान शामिल

नयी दिल्ली। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के उत्तराधिकारी की तलाश तेज कर दी है और इसके लिए तीन प्रमुख कॉरपोरेट दिग्गजों -टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) टी वी नरेंद्रन, टाटा संस के कार्यकारी निदेशक एवं समूह सीएफओ सौरभ अग्रवाल, और एनएसई के एमडी एवं सीईओ आशीष चौहान के नाम उभरकर सामने आए हैं। मामले से परिचित लोगों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, जहां आंतरिक उम्मीदवारों में नरेंद्रन सबसे आगे चल रहे हैं, वहीं अग्रवाल भी अपने निवेश बैंकिंग और पूंजी आवंटन अनुभव के साथ दौड़ में बने हुए हैं। दूसरी ओर, भारत के पूंजी बाजारों के दिग्गज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के संस्थापक अधिकारियों में से एक चौहान इस दौड़ में अप्रत्याशित दावेदार साबित हो सकते हैं। चयन प्रक्रिया अभी जारी है और कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## आई-ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे 500 से अधिक निवेशक

नयी दिल्ली। आई-ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 में 500 से अधिक संस्थागत निवेशक, पेंशन निधियां और पारिवारिक संपत्ति प्रबंधन संस्थाएं शामिल होंगी। इन निवेशकों के पास कुल 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की संपत्ति प्रबंधन के तहत है। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में 12 और 13 सितंबर को दो दिवसीय 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसका मकसद ब्रिक्स के 21 सदस्य एवं साझेदार देशों में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा तथा डिजिटल क्षमता से जुड़ी बैंक योग्य परियोजनाओं के लिए संप्रभु पूंजी और निवेशकों के बीच संपर्क स्थापित करना है। सॉवरेन वेल्थ फंड इंस्टीट्यूट ने एक बयान में कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं बदलती व्यापार परिस्थितियों, अमेरिका की शुल्क नीतियों और डॉलर में लेनदेन की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों के बीच अपनी रणनीतियों को बदल रही हैं।

## बिहार : गंगा ने पार किया उच्चतम बाढ़ 10 लाख प्रभावित

पटना। बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के 11 जिलों में करीब 10.26 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, वहीं भारी बारिश के बीच शनिवार सुबह पटना के गांधी घाट पर गंगा नदी का जलस्तर 10 सेंटीमीटर बढ़कर उच्चतम बाढ़ स्तर को पार कर गया। आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंत्रियों और अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में रहकर राहत कार्यों की निगरानी करने को कहा गया है, क्योंकि गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

# विहिप ने महाराष्ट्र में गरबा और डांडिया में मुसलमानों की भागीदारी पर रोक लगाई

एजेंसी

मुंबई। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में मुसलमानों के शामिल होने पर रोक लगाने का फैसला किया है। साथ ही, आयोजकों के लिए प्रतिभागियों की हिंदू पहचान की पुष्टि करने के लिए दिशानिर्देश भी तय किए हैं। इन उपायों में कार्यक्रम में आने वालों के आधार कार्ड की जांच करना और उनके माथे पर तिलक लगाना शामिल है। नवरात्र उत्सव 11 अक्टूबर से शुरू होगा। विहिप के प्रवक्ता और संयुक्त सचिव श्रीराज नायर ने कहा कि संगठन ने गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भागीदारी रोकने का निर्णय लिया है। नायर ने कहा, हमने नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा-डांडिया नृत्य में मुसलमानों को भाग लेने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, नवरात्र केवल गीत और नृत्य का त्योहार नहीं है, बल्कि यह देवी की पूजा का पर्व है। जो मुसलमान मूर्ति पूजा के खिलाफ हैं, उन्हें इस उत्सव में क्यों शामिल होना चाहिए? विहिप ने आयोजकों के लिए जारी दिशा-निर्देशों में कार्यक्रम में आने वाले लोगों के आधार कार्ड की जांच करने और उनके माथे पर तिलक लगाने जैसे कदमों का उल्लेख किया है, ताकि उनकी हिंदू पहचान सुनिश्चित की जा सके। नायर ने कहा कि इन प्रतिबंधों का मतलब यह नहीं है कि विहिप किसी खास समुदाय के खिलाफ है। उन्होंने इन्हें एहतियाती कदम बताया, जिनका मकसद हिंदू त्योहारों की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, विहिप धर्मांतरण और गो-हत्या रोकने के अपने मुख्य एजेंडे पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं है, उसका मानना है कि ये त्योहार हिंदुओं की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा हैं

## दही हांडी उत्सव के दौरान महिला की मौत, मुंबई में कई गोविंदा घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे में दही हांडी उत्सव के दौरान लोहे के ढांचे का एक हिस्सा गिरने से 45-वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जबकि मुंबई में कम से कम 32 गोविंदा घायल हो गए। ठाणे जिले में भी उत्सव के दौरान 10 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ उपनगर के ओल्ड सांगवी इलाके की रहने वाली सलमा सलाउद्दीन पठान की मौत शुक्रवार रात दही-हंडी कार्यक्रम के लिए लाउडस्पीकरों को सहारा देने के लिए बनाये गये लोहे के एक अस्थायी ढांचे के गिरने से हो गयी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात उस समय हुई।

# मेघालय: उपराष्ट्रपति सात सितंबर को 1,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी



शिलांग। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सात सितंबर को मेघालय का दौरा करेंगे और इस दौरान 1,010.95 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं से राज्य में जल आपूर्ति, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं एवं बिजली ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति शिलांग में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगे और राज्य की तीन प्रमुख जनजातियों सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। अधिकारियों के अनुसार, उपराष्ट्रपति जिन पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनमें उमंगोट नदी पर 110 मीटर लंबे पुल का निर्माण, न्यू शिलांग जल आपूर्ति योजना का दूसरा चरण और 30 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल का निर्माण शामिल है। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी परियोजना 850.58 करोड़ रुपये की न्यू शिलांग जल आपूर्ति योजना का दूसरा चरण है और इसके तहत न्यू शिलांग शहर और आसपास के 32 गांवों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, योजना के पूरा होने पर 4.34 लाख लोगों और करीब 86,900 घरों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, इसमें मेघालय की पहली शहर-स्तरीय स्मार्ट मीटरिंग और पानी की खपत के आधार पर बिलिंग व्यवस्था शुरू की जाएगी।

# हाइपरवॉल्ट हैदराबाद में 70,000 करोड़ तक करेगी निवेश

नयी दिल्ली। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की अनुषंगी कंपनी हाइपरवॉल्ट ने हैदराबाद में बड़े स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) डेटा सेंटर परिसर विकसित करने के लिए 264 एकड़ जमीन हासिल की है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना में कुल 70,000 करोड़ रुपये तक का निवेश किया जाएगा। हाइपरवॉल्ट ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस उद्देश्य के लिए तैयार किए जा रहे परिसर की क्षमता एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक होगी। उसने कहा, कंपनी ने हैदराबाद में एक गीगावाट तक क्षमता वाला बड़े स्तर का एआई डेटा सेंटर परिसर विकसित करने के लिए 264 एकड़ जमीन हासिल की है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना से क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई हजार रोजगार पैदा होंगे। हाइपरवॉल्ट और उसके साझेदार इस बुनियादी ढांचे के निर्माण और प्रबंधन में 70,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेंगे। परियोजना को ग्राहकों की मांग और प्रौद्योगिकी संबंधी जरूरतों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस परियोजना को राज्य और देश के लिए ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा, यह दर्शाता है कि हैदराबाद अब बुनियादी ढांचे पर मजबूत ध्यान के साथ वैश्विक एआई क्रांति में सबसे आगे है। यह दशक एआई का है।

# मेट्रो रेल नेटवर्क मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ देगा भारत : मनोहर

एजेंसी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को कहा कि भारतीय शहरों में मेट्रो रेल सेवा का तेजी से विस्तार हो रहा है और देश अब इसके नेटवर्क की लंबाई के मामले में अमेरिका से महज 216 किलोमीटर पीछे है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत अगले दो वर्षों में अमेरिका को पीछे छोड़कर चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश बन जाएगा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने इंदौर में मेट्रो रेल की 2,850 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विस्तारित सेवा का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन समारोह में कहा, चीन में फिलहाल करीब 8,000 किलोमीटर लम्बी मेट्रो रेल लाइन है, जबकि अमेरिका में 1,386 किलोमीटर का मेट्रो रेल नेटवर्क है।

भारत में इंदौर की विस्तारित लाइन को मिलाकर मेट्रो रेल नेटवर्क 1,170 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले दो वर्षों में हम अमेरिका को पीछे छोड़ देंगे और (चीन के बाद) दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश बन जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, उस समय पांच शहरों में सिर्फ 245 किलोमीटर लंबी लाइन पर मेट्रो रेल का संचालन हो रहा था, जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चल रही है और इसके नेटवर्क की कुल लंबाई 1,170 किलोमीटर हो गई है। मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो रेल केवल यातायात का साधन नहीं है, बल्कि यह सेवा लोगों के लिए ईज ऑफ लिविंग बढ़ाने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल का विस्तार 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य से भी जुड़ा हुआ है। समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मेट्रो रेल सेवा इंदौर में विकास का नया अध्याय लिख रही है और इसे उज्जैन तथा अन्य नजदीकी क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा।

# एथर एनर्जी लिमिटेड ने लॉन्च किया कोणार्क के



लखनऊ। एथर एनर्जी ने आज लखनऊ में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर, कोणार्क के लॉन्च की घोषणा की। यह उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक स्कूटर को मेनस्ट्रीम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोणार्क को एथर के नए ईएल प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है, जो रोजमर्रा की राइड, कम्फर्ट, रेंज, ड्यूरेबिलिटी और ईज ऑफ ओनरशिप का रिफाईंड अनुभव प्रदान करेगा। सौरभ शर्मा, हेड ऑफ मार्केटिंग, एथर एनर्जी ने कहा कि कोणार्क एस और जैड प्रोडक्ट लाईंस के साथ छः वैरिएंट्स में उपलब्ध है, जो 200 किलोमीटर तक की आईडीसी रेंज प्रदान करते हैं। इस स्कूटर में एथर की टेक्नोलॉजी के साथ रोजमर्रा की राइडिंग को बेहतर बनाने वाले फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकिंग सिस्टम, मैजिक की, ऑटोपॉप और एयरवॉक शामिल हैं। उत्तर प्रदेश एथर के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

## पेज एक का शेष

### यूपी समेत

राज्य के अन्य हिस्सों के लिए जनगणना 2027 की संदर्भ तिथि पांच जनवरी 2027 की रात 12 बजे होगी। इसमें कहा गया है, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बर्फ से ढके गैर-समकालिक क्षेत्रों तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके गैर-समकालिक क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 की रात 12 बजे होगी। पिछले महीने जारी एक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, लद्दाख तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके गैर-समकालिक क्षेत्रों में जनसंख्या की गणना एक सितंबर से 30 सितंबर तक की जाएगी। जून 2025 को जारी एक सरकारी बयान में कहा गया था कि लद्दाख, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बर्फ से ढके गैर-समकालिक क्षेत्रों तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके गैर-समकालिक क्षेत्रों को छोड़कर देश के बाकी हिस्सों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी। गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की विधानसभा का कार्यकाल मई 2027 तक समाप्त हो जायेगा। एक अधिकारी ने कहा कि बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी, मुख्य रूप से शिक्षक, जनगणना और चुनावी कार्यों में लगे हुए हैं। ऐसे में इन दोनों प्रक्रियाओं को एक साथ संचालित करना मुश्किल हो जाता है। शनिवार को आरजीआई द्वारा जारी एक अन्य अधिसूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने मणिपुर में जनगणना 2027 के लिए मकान-सूचीकरण का कार्य भी स्थगित कर दिया है। स्वतंत्रता के बाद होने वाली आठवीं जनगणना दो चरणों में कराई जा रही हैपहले चरण को मकान-सूचीकरण और आवास जनगणना कहा जाता है, जबकि दूसरे चरण को जनसंख्या की गणना कहा जाता है।

### सच की हुंकार

कि इस संस्थान ने अपनी अलग पहचान बनाई है और कारोबार, सार्वजनिक जीवन तथा समाज में नेतृत्व करने वाली पीढ़ियों को तैयार किया है। मोदी कॉलेज के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए परिसर पहुंचे। वह मेट्रो से कॉलेज पहुंचे और इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस कॉलेज ने बरसों से अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक उत्कृष्टता, संस्थान-निर्माण और कारोबार, सार्वजनिक जीवन तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की नयी पीढ़ियों को तैयार करने के लिए जाना जाता है।

### शिक्षा में

में आए सकारात्मक परिवर्तन की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बेसिक और माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था में सुदृढ़ता लाने का काम वर्ष 2017 से पहले भी हो सकता था। पर, तत्कालीन सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने तंज कसा, ह्यजितना पैसा आप सैफई महोत्सव में खर्च करते थे, उसी में थोड़ा सा पैसा शिक्षा की तरफ डाइवर्ट करते तो लाखों बच्चों का भविष्य बन चुका होता। जितने पैसे में बकिंघम की बग्गी मंगा कर अपना जन्मदिन मनाते थे, उतना पैसा शिक्षा पर खर्च करते, तो बच्चों का भविष्य बनता, पहचान का संकट नहीं आता। मुख्यमंत्री ने शिक्षा पर राजनीति करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि चुनावी घोषणा अलग बात है, लेकिन स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी बनाना कठिन होता है, यह आज प्रदेश में दिखाई दे रहा है। बयान देना आसान है, लेकिन 1.60 करोड़ बच्चों के अकाउंट में डीबीटी से पैसा पहुंचाना कठिन है और यह हुआ है। संस्कृत की छठी क्लास से लेकर आचार्य तक, बच्चों को स्कॉलरशिप के साथ जोड़ना कठिन था, लेकिन सरकार ने वह भी किया। प्रोजेक्ट अलंकार, ऑपरेशन कायाकल्प से बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में परिवर्तन कठिन था, पर इसे भी किया गया। टिप्पणी करना बहुत आसान है, लेकिन करके दिखाना मुश्किल। सीएम योगी ने यूपी को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य के जर्जर विद्यालय भवन का वीडियो झांसी का बताकर चलाया गया। यूपी के शिक्षा जगत को अपमानित करने का प्रयास करने वालों को स्मार्ट क्लास, ऑपरेशन कायाकल्प जैसे व्यापक परिवर्तन दिखाई नहीं देते। लेकिन, हमारी प्रतिस्पर्धा चुनावी घोषणाबाजों से नहीं, समय से है। जिस बच्चे को आप पढ़ा रहे हैं, अगर उसमें चूक हो गई तो उसका बचपन दोबारा नहीं आने वाला। इसलिए सही समय पर सही दिशा में सही निर्णय लेने की आदत होनी चाहिए। शिक्षा के प्रति विश्वास को बनाए रखना सरकार और शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बदलती टेक्नोलॉजी पर हम मौन नहीं रह सकते। हमें एआई, रोबोटिक्स व ड्रोन टेक्नोलॉजी के अनुरूप खुद को तैयार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों को प्रदेश में चार बार शासन करने का अवसर मिला और जिस कांग्रेस को लगभग छह दशक तक यूपी में शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ था, वे दोनों प्रदेश की बदलती व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। पुराने जर्जर भवन दरअसल उन्हीं के स्मारक थे, जिन्हें हम रिप्लेस कर चुके हैं, वे शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। डबल इंजन की सरकार शिक्षा व्यवस्था को एक्सक्लूसिव, अधिक संसाधनपूर्ण तथा पारदर्शी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कोई ऐसा शिक्षक नहीं होगा, जिसने नौ वर्ष पहले और आज के उत्तर प्रदेश का परिवर्तन नहीं देखा हो। 2017 से पहले उपद्रव, कर्फ्यू, दंगे व अराजकता के माहौल में स्कूल-कॉलेजों के चलने की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। अब कहीं कोई संकट नहीं। कोई उत्सव से पहले उपद्रव नहीं कर सकता। कल जन्माष्टमी थी। सभी 1586 थानों में, देव मंदिरों में, 75 जनपदों की पुलिस लाइन में, सभी जेलों में, हर मोहल्ले-गांव में इसके आयोजन हुए, लेकिन कहीं कर्फ्यू या दंगे का नाम भी नहीं सुना होगा।

### सीएम योगी

राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के 45 जिले बाढ़ से प्रभावित होते थे और दर्जनों जनपदों में मस्तिष्क ज्वर से बच्चे कालकवलित होते थे। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा, इतनी राहत सामग्री पहले नहीं मिलती थी। तब एक सूखी ब्रेड मिलती थी और हम देते हैं 50 किलो की किट, जिसमें 26 प्रकार के सामान होते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की डूबी फसलों का सर्वे किया जा रहा है। उन्हें भी मुआवजा देने के आदेश कर दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि उस समय न बच्चों के लिए दूध था, न गर्म भोजन, न राशन और न डिग्निटी किट। यही सामग्री या यही पैसा 2017 के पहले ये सपाई सब खा जाते थे। गरीब का हक खाकर डकार जाते थे। जब अच्छी सरकार आती है, अच्छी स्कीम लेकर आती है, लूट-खसोट पर रोक लगाती है और गरीब को उसका हक उपलब्ध करवाती है।

### मुख्यमंत्री योगी

भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव करते हुए शेष 71 शिक्षकों को भी मंच पर बुलाया और स्वयं उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री की इस पहल से प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे शिक्षक बेहद प्रसन्न और भावुक नजर आए।

सम्मानित शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार राशि के रूप में 25 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। महिला शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी और पुरुष शिक्षकों को बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। समारोह के बाद सभी पुरस्कृत शिक्षकों को मां सरस्वती की प्रतिमा भी भेंट की गई।

राज्य स्तरीय अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में आजीवन प्रतिवर्ष 4,000 किलोमीटर तक निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उनकी सेवानिवृत्ति की आयु सीमा में भी दो वर्ष की वृद्धि की जाएगी।

### एके-203 राइफल

अंतर-सरकारी समझौते के तहत भारतीय सशस्त्र बलों के लिए एके-203 राइफल के निर्माण के मकसद से 2019 में की गई थी। इसका विनिर्माण संयंत्र उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के कोरवा में स्थित है। इस संयुक्त उद्यम में भारतीय शेयरधारक - एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड और म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड हैं, जबकि रूस के शेयरधारक कंसर्न कलाश्निकोव और रोसोबोरोन एक्सपोर्ट हैं। रक्षा मंत्रालय ने आईआरआरपीएल को एके-203 राइफल के स्वदेशी उत्पादन के लिए जिम्मेदार संयुक्त उद्यम के रूप में चुना है। सरकार ने दिसंबर 2021 में कंपनी के साथ 6,01,427 एके-203 राइफल के निर्माण के लिए अनुबंध किया था। इन राइफल का निर्माण कोरवा स्थित संयंत्र में किया जाना है। अदाणी डिफेंस ने भारत में छोटे गोला-बारूद के निर्माण की क्षमता विकसित की है। कंपनी का कानपुर में भी एक उत्पादन संयंत्र है।

### झीरम घाटी

कि बचाव पक्ष ने अपना पक्ष मजबूती से रखा और उम्मीद है कि आरोपियों को उच्च न्यायालय से न्याय मिलेगा। चौधरी ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार 11 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई शुरू हुई थी, जिनमें से एक की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। दोषी ठहराए गए कोसा कवासी के भाई गुड्डू कवासी ने दावा किया कि उनके भाई और मुक्का मंडावी को इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

उन्होंने दावा किया कि जब हमला हुआ, तब कोसा कवासी परिवार में एक शादी समारोह की तैयारी में लगे थे, जबकि मंडावी भी गांव में शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। गुड्डू ने कहा वे हमले के समय वहां मौजूद नहीं थे। जो लोग इसमें शामिल थे, उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया और आजादी से रह रहे हैं, जबकि जो लोग शामिल नहीं थे, वे सजा भुगत रहे हैं। परिवार के लोग टूट चुके हैं। यह हमला 25 मई 2013 को हुआ था, जब माओवादियों ने बस्तर जिले के दरभा पुलिस थाना इलाके के अंतर्गत झीरम घाटी में एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर घात लगाकर हमला किया था।

### रूस ने 72

दोनों अमेरिकी दूत रविवार को यूक्रेन की राजधानी का दौरा करेंगे। अमेरिकी दूतों की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों पक्षों ने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। क्रेमलिन द्वारा पड़ोसी देश यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू किए जाने के करीब साढ़े चार साल बाद भी संघर्ष जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिकी दूतों की यात्रा के दौरान यूक्रेन हवाई हमले रोक देगा और मॉस्को से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया था।

### युवा प्रतिभा

एक-दूसरे की संस्कृति और परंपराओं को करीब से जान पाते हैं। आपसी संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से राज्यों के बीच संबंध मजबूत होते हैं और युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना और गहरी होती है। उन्होंने मैरी कॉम, मीराबाई चानू, लवलीना बोरगोहेन, बाइचुंग भूटिया और भारत रत्न भूपेन हजारिका जैसी हस्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। उचित मंच और अवसर मिलने पर पूर्वोत्तर का युवा विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ा सकता है।

### ताइवान की

के साथ भी निवेश, संयुक्त उपक्रम और दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर बातचीत हुई। आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए राज्य के औद्योगिक बुनियादी ढांचे, प्रगतिशील प्रोत्साहन नीतियों, कुशल कार्यबल और मजबूत टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम विकसित करने की योजनाओं की जानकारी दी।




# दलीप ट्रॉफी फाइनल : पडिक्कल, सूर्यवंशी की नजरें बड़े स्कोर पर



चेन्नई। वैभव सूर्यवंशी, देवदत्त पडिक्कल और तिलक वर्मा पूर्वी क्षेत्र और दक्षिणी क्षेत्र के बीच रविवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के फाइनल में लाल गेंद क्रिकेट में अपने हाल के प्रदर्शन को और बेहतर करने की कोशिश करेंगे जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की निगाह लय हासिल करने पर होगी। पडिक्कल को साई सुदर्शन के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम में जो मौका मिला, उसका उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भरपूर फायदा उठाया। कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने दो टेस्ट मैचों में दो शतक लगाए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

दलीप ट्रॉफी के फाइनल में दक्षिण क्षेत्र की तरफ से खेलते हुए वह इस प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे। पडिक्कल अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे निश्चित रूप से उनकी टीम को 2023 के बाद खिताब वापस जीतने में मदद मिलेगी। इससे वह तीसरे नंबर पर अपना दावा और मजबूत करना चाहेंगे। सूर्यवंशी और तिलक दोनों ही फिलहाल भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं है। लेकिन भारत के टी20 उप-कप्तान तिलक ने हाल ही में बेंगलुरु में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक और अर्धशतक बनाकर टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा पेश किया। इसके बाद उन्होंने खुलकर कहा कि उनका लक्ष्य टेस्ट टीम में जगह बनाना है। पूर्वी क्षेत्र से खेलने वाले सूर्यवंशी ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में 92 और 40 रन बनाकर यह साबित कर दिया कि वह परिस्थितियों के अनुसार अपना खेल खेलने में माहिर हैं और उन्हें केवल सीमित ओवर के प्रारूपों तक ही सीमित नहीं माना जाना चाहिए। अगर वह फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हैं तो उनकी सभी प्रारूप में खेलने की संभावना बढ़ जाएगी। अनुभवी तेज गेंदबाज सिराज को न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में आना होगा। वह दक्षिण क्षेत्र की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज विदवत कावेरप्पा की जगह ले सकते हैं। सिराज श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में प्रभाव नहीं छोड़ पाए और वह किसी भी समय लय में नहीं दिखे। उनके इस प्रदर्शन को देखते हुए कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि सिराज को अपनी लय वापस पाने की जरूरत है। इशान किशन पूर्व क्षेत्र की कप्तानी करेंगे और अगले सप्ताह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल होने से पहले वह कुछ रन बनाने के लिए उत्सुक होंगे। केएल राहुल भी अगले महीने न्यूजीलैंड दौरे की तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

हालांकि मैच से 24 घंटे पहले तक राहुल दक्षिण क्षेत्र की टीम से नहीं जुड़ पाए थे। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मुकेश कुमार और स्पिनर अनुकूल रॉय की मौजूदगी में पूर्वी क्षेत्र का गेंदबाजी आक्रमण गेंदबाजों की मददगार रही पिच पर राहुल के कौशल की परीक्षा लेगा। शमी का यहां 100वां प्रथम श्रेणी मैच होगा जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। वह राष्ट्रीय टीम में वापसी की कोशिश में लगे हैं और वह यहां अच्छा प्रदर्शन करके अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। भारत के लिए उन्होंने अपना आखिरी मैच मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के रूप में खेला था।

# टी20 टीम में जुड़ना चुनौतीपूर्ण, लेकिन ढलना हमारा काम : किशन, तिलक

चेन्नई। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के सदस्य ईशान किशन और उपकप्तान तिलक वर्मा ने माना है कि दलीप ट्रॉफी के फाइनल के तुरंत बाद अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला में उतरना आसान नहीं होगा लेकिन दोनों खिलाड़ियों का मानना है कि पेशेवर क्रिकेटर के तौर पर उन्हें परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा और इसके लिए किसी तरह को बहानो नहीं बनाया जा सकता। पांच दिवसीय दलीप ट्रॉफी का फाइनल रविवार से शुरू होगा और 10 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद भारतीय टीम 13 सितंबर से नयी दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला खेलेगी।

पूर्व क्षेत्र की कप्तानी कर रहे किशन ने मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह समझना जरूरी है कि आप किस प्रारूप में खेल रहे हैं। जब आप टेस्ट मैच खेल रहे हों और अचानक सफेद गेंद के प्रारूप में पहली गेंद से ही आक्रामक बल्लेबाजी करनी पड़े, फिर वापस घरेलू टीम में जाकर बिल्कुल अलग भूमिका निभानी हो, तो यह मुश्किल हो जाता है। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान और भारत के टी20 उपकप्तान तिलक वर्मा ने भी माना कि लगातार पांच दिन खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़ना चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा,



हां, यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण जरूर होगा। यहां पांच दिन खेलने के बाद फिर भारतीय टीम से जुड़ना होगा। यहां से हम दिल्ली जाएंगे इसलिए हमारे पास करीब दो दिन का अंतर रहेगा। वहां हम अभ्यास कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण होगा।

इस स्थिति से निपटने के सवाल पर किशन और तिलक दोनों ने परिस्थितियों से ढलने की अपनी क्षमता पर भरोसा जताया। तिलक ने कहा, हमने पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेला है और हर तरह की परिस्थितियों में खेल चुके हैं, इसलिए हम खुद को उसके मुताबिक ढाल सकते हैं। हमें पता है कि अपनी मानसिकता कैसे बदलनी है और शरीर को पर्याप्त तरल पदार्थ तथा अन्य जरूरी चीजों के साथ कैसे तैयार रखना है। उन्होंने कहा, हम पहले भी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मैच खेल चुके हैं इसलिए हम इसके काफी अभ्यस्त हैं। तिलक ने बेंगलुरु में सेमीफाइनल जीतने के बाद दलीप ट्रॉफी के फाइनल में खेलने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर की थी। अब उनका मानना है कि फाइनल के बाद सीधे टी20 क्रिकेट में लौटने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। किशन ने कहा, एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर परिस्थितियों के अनुसार ढलना हमारा काम है। जब हमें पहले से पता है कि अगले कुछ दिनों की दिनचर्या कैसी रहने वाली है,

तो हम बहाने नहीं बना सकते। इसलिए बेहतर है कि हम ऐसी स्थिति ही न आने दें जहां हमें बहाने बनाने पड़ें। उन्होंने कहा, साथ ही हमें यह भी पता होना चाहिए कि आगे क्या होने वाला है। इसके बाद मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलूंगा, इसलिए मेरी भूमिका अलग होगी। लेकिन शुरुआती मैच से पहले हमें दो दिन अभ्यास का समय मिल रहा है और मेरे हिसाब से यह काफी है। दक्षिण क्षेत्र की बल्लेबाजी को लय में चल रहे देवदत्त पडिक्कल के टीम में शामिल होने से मजबूती मिली है।

## संक्षेप

### अनाहत लंदन स्क्वाश क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में हारी

लंदन। भारत की अनाहत सिंह क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी शिवसंगारी सुब्रमण्यम से हारकर लंदन स्क्वाश क्लासिक पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता से बाहर हो गई। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत को शुक्रवार को 4-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। अनाहत ने विश्व की नंबर 11 खिलाड़ी नेली गिलिस को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज यह भारतीय खिलाड़ी अब 12 सितंबर से शुरू होने वाले कतर क्लासिक टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी का हिस्सा है।

### इंडियन वुमैन्स लीग का नया सत्र 16 अक्टूबर से शुरू होगा

नयी दिल्ली। देश की शीर्ष स्तर की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) का नया सत्र अगले महीने शुरू होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। नया सत्र 16 अक्टूबर से शुरू होगा। पिछले सत्र की छह टीम ईस्ट बंगाल एफसी, सेतु एफसी, किकस्टार्ट एफसी, नीता एफए, गोकुलम केरला एफसी और गढ़वाल यूनाइटेड एफसी के साथ प्रमोट हुई एचओपीएस एफसी और जुबा सांघा एफसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। आईडब्ल्यूएल-2 का ग्रुप चरण 23 अक्टूबर से शुरू होगा जिसमें 20 टीम को पांच-पांच टीमों के चार समूहों में बांटा जाएगा। चारों ग्रुप की विजेता टीम और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम को छह टीम के फाइनल दौर में जगह मिलेगी। फाइनल दौर की शुरुआत 25 नवंबर से होगी।

### भारत को अपनी ताकत पर करना होगा विश्वास : काफू

मुंबई। ब्राजील के दिग्गज और पूर्व कप्तान काफू ने शनिवार को कहा कि भारत को फुटबॉल के नक्शे पर अपनी निचली रैंकिंग के बारे में सोचने के बजाय अपनी क्षमता पर विश्वास करना चाहिए और आगे बढ़ने के लिए खेल तथा शिक्षा में निवेश करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ब्राजील इस क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। काफू ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतर संपर्क और सहयोग के जरिए भारत और ब्राजील इसे संभव बना सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जापान और चीन अतीत में पांच बार की विश्व कप विजेता ब्राजील से मदद ले चुके हैं। भारत और ब्राजील तीन अक्टूबर को कोलकाता में पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेंगे। काफू ने स्वीकार किया कि दोनों राष्ट्रीय टीमों के स्तर में अंतर हो सकता है, लेकिन भारत के लिए इस मुकाबले से सकारात्मक चीजें हासिल की जा सकती हैं। काफू ने शनिवार को यहां ग्लोबल इम्पैक्ट फोरम में चर्चा के दौरान भारत-ब्राजील मैत्री मैच पर बाइचुंग भूटिया की टिप्पणी के जवाब में कहा, भारत को वास्तव में इसी तरह की सोच रखने वाले किसी व्यक्ति की जरूरत है।

# भारत ने पाक को सात विकेट से हराया

## वीमेंस एशिया कप का सबसे छोटा स्कोर, श्री चरणी और प्रेमा को 3-3 विकेट

एजेंसी

दुबई। भारतीय महिला टीम ने टी-20 एशिया कप में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। उसने 56 रन का टारगेट 8.4 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में शनिवार को पाकिस्तान की टीम 55 रन पर ऑलआउट हो गई। यह टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान का सबसे छोटा स्कोर है। पाकिस्तान की 8 बल्लेबाज ही दहाई तक नहीं पहुंच सकी। सबसे ज्यादा 14 रन शवाल जुल्फिकार ने बनाए। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी और प्रेमा रावत को 3-3 विकेट मिले। दीप्ति शर्मा को 2 विकेट मिले। शनिवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान की 2 बल्लेबाज ही दहाई तक पहुंच सकी।

सबसे ज्यादा 14 रन शवाल जुल्फिकार ने बनाए। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी और प्रेमा रावत को 3-3 विकेट मिले। दीप्ति शर्मा को 2 विकेट मिले। भारत ने विमेंस एशिया कप में पाकिस्तान के 8 बैटर्स को पवेलियन भेज दिया है। दुबई में चल रहे इस मैच में 16 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 53/8 है। 14वें ओवर में ईमान फातिमा 5 रन बनाकर रनआउट हुईं। इससे पहले दीप्ति शर्मा ने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को जीरो पर आउट किया। प्रेमा रावत ने सदफ शमास को आउट किया। श्री चरणी ने 3 विकेट झटके। शेफाली वर्मा को भी एक विकेट मिला। टॉस के समय भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। भारतीय कप्तान ने 14 जून को खेले गए विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के मैच में भी पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिला था। 22 अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बीच हैंडशेक नहीं करने की नीति देखी जा रही है। हरमनप्रीत ने 14 जून को विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप मैच में भी पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिला था।



भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तानियों से नो-हैंडशेक पॉलिसी पिछले साल मेंस एशिया कप से शुरू हुई थी। जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। हरमनप्रीत कौर 150वें मैच में कप्तानी कर रही हैं। वे टी-20 इंटरनेशनल में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। 10वें ओवर की पहली बॉल पर दीप्ति शर्मा ने फातिमा सना को छइह आउट किया। फातिमा अंपायर के फैसले से नाखुश दिखीं, लेकिन ऊफर उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। फातिमा सना 7 गेंदों पर 0 रन बनाकर आउट हुईं।

9वें ओवर की आखिरी बॉल पर प्रेमा रावत ने सादफ शमास को बोल्ड कर पाकिस्तान को 5वां झटका दिया। सादफ शमास 8 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हुईं। 8वें ओवर की दूसरी बॉल पर श्री चरणी ने तीसरा विकेट हासिल किया। उन्होंने आयशा जफर को आउट किया। स्टंप्स पर फुल और अंदर आती गेंद पर आयशा ने मिड-ऑन के ऊपर से खेलने की कोशिश की, लेकिन हरमनप्रीत कौर के हाथों में मार बैठीं। आयशा जफर 7 गेंदों पर 2 रन बनाकर आउट हुईं। पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही है। टीम ने पावरप्ले में 29 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। छठे ओवर में श्री चरणी ने दो विकेट झटके। उन्होंने गुल फिरोजा और शवाल जुल्फिकार को आउट किया। 5वें ओवर की तीसरी बॉल पर शेफाली वर्मा ने मुनीबा अली को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने स्टंप्स पर तेज गेंद डाली, जिसे मुनीबा कट करने से चूक गईं। गेंद टर्न लेते हुए ऑफ स्टंप की बेल्स से टकरा गई। मुनीबा अली 15 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुईं, जिसमें एक चौका शामिल था। तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर पाकिस्तानी ओपनर मुनीबा अली को जीवनदान मिला।

क्रांति गौड़ की गेंद पर कवर-पॉइंट पर प्रतिका रावल से आसान कैच छूट गया। मैच के पहले ओवर में पाकिस्तान ने 4 रन बनाए। क्रांति गौड़ ने पहली बॉल वाइड डाली। उनकी चौथी बॉल पर 3 रन आए। इस ओवर में पाकिस्तान ने कोई विकेट नहीं गंवाया। टीम इंडिया पिछले 4 मैचों से अजेय है। पाकिस्तान ने आखिरी बार अक्टूबर 2022 में एशिया कप के मुकाबले में ही भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी। यह एशिया कप टी-20 में भारत के खिलाफ उसकी इकलौती जीत भी है। टूर्नामेंट में खेले बाकी के 6 मुकाबले भारत ने अपने नाम किए। दोनों टीमें टी-20 इंटरनेशनल में 17 बार भिड़ी हैं। इनमें भारत ने 14 मैचों में पाकिस्तान को हराया है। पाकिस्तान 3 मुकाबलें ही जीत सका है। ग्रुप में भारत 4 अंकों के साथ पहले और पाकिस्तान 2 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। यह मैच जीतने पर पाकिस्तान टॉप-4 में पहुंच जाएगा।

# श्रीनिति ने दो खिताब जीते, फजल ने जीता लड़कों का खिताब

बेंगलुरु। स्थानीय खिलाड़ी श्रीनिति चौधरी ने शनिवार को यहां केएसएलटीए विश्व टेनिस जूनियर जे30 बेंगलुरु में लड़कियों के एकल और युगल दोनों खिताब जीत लिए। पंद्रह वर्षीय चौथी वरीयता प्राप्त श्रीनिति ने पहले एकल फाइनल में शहर की अपनी साथी खिलाड़ी आहिदा सिंह को 6-4, 6-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने रिद्धि शिंदे के साथ जोड़ी बनाकर युगल खिताब भी अपने नाम किया। दोनों ने फाइनल में जोहा कुरैशी और दीप्ति वेंकटेशन की जोड़ी को 4-6, 6-2, 13-11 से मात दी। लड़कों के एकल फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त फजल अली मीर ने अमेरिका के तीसरी वरीयता प्राप्त नियांथ बद्रीनारायणन के रिटायर होने पर 6-4, 4-6, 2-0 से जीत दर्ज की। बद्रीनारायणन ने इसके बाद मैच से हटने का फैसला किया। चुक्का लक्ष्य वर्धन और पार्थिव नल्लागुंडला की जोड़ी ने लड़कों के युगल का खिताब जीता।

उन्होंने एक रोमांचक फाइनल में नितिनभारत केएस और अभिवाद्या मिश्रा को 6-7 (3), 7-6 (3), 10-4 से हराया। दसवीं कक्षा की छात्रा श्रीनिति पिछले सप्ताह हैदराबाद में आईटीएफ जे60 का खिताब जीतकर बेंगलुरु पहुंची थीं और इसके बाद जे30 में दोनों खिताब अपने नाम कर शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सेरेना और वीनस विलियम्स एक बार फिर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र रहीं, लेकिन वे वापसी पर जीत हासिल नहीं कर पाई जबकि अप्रैल के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में खेल रहे कार्लोस अल्काराज़ ने अपना विजय



अभियान जारी रखा। सेरेना और वीनस ने हालांकि महिला युगल के पहले दौर के मैच में कड़ी चुनौती पेश की। इन दोनों बहनों ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचाया। उनके पास जीत का शानदार मौका था लेकिन टाईब्रेकर में उन्होंने 5-0 की बढ़त गंवा दी और और आखिर में हाओ-चिंग चान और माया जॉइंट से 6-3, 6-7 (6), 7-6 (10-7) से हार गईं। यह 2022 के बाद यूएस ओपन में उनका पहला मैच था। उन्होंने यहां दो बार युगल खिताब जीता है। तीसरे सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए सेट को बराबरी पर ला दिया था।

सेरेना ने इस साल 44 साल की उम्र में टेनिस में वापसी की। वीनस 46 साल की उम्र में भी टूर पर खेलना जारी रखे हुए हैं। इस बीच पुरुष एकल में मौजूदा चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने वू यिबिंग को 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। दाहिनी कलाई में चोट के कारण चार महीने तक खेल से बाहर रहने वाले दो बार के चैंपियन अल्काराज़ का सामना अब 20वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा।

### एशियाई खेलों में अपने प्रदर्शन को दोहरा सकता हूं : साबले

बेंगलुरु। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले अविनाश साबले का मानना है कि उनकी फिटनेस का स्तर 2022 जैसा ही है और वह एशियाई खेलों में 3000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण पदक बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साबले को एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की सर्जरी करानी पड़ी थी जिस कारण वह राष्ट्रमंडल खेलों में भाग नहीं ले पाए थे। उन्होंने हालांकि एशियाई खेलों के लिए कड़ा अभ्यास किया है और उन्हें जापान में होने वाले इन खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

# वारविकशर ने हैम्पशर को हराया

एजेंसी

साउथम्पटन। भारत के युवा स्पिनर मानव सुथार ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप के शीर्ष डिविजन के मैच में सात विकेट झटककर वारविकशर को हैम्पशर के खिलाफ पारी और 129 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वारविकशर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 398 रन बनाए, जिसके जवाब में हैम्पशर की टीम पहली पारी में 115 और दूसरी पारी में 154 रन पर सिमट गई। मैच तीन दिन के भीतर समाप्त हो गया। श्रीलंका में भारतीय टीम के प्रतिनिधित्व के लिए रवाना होने से पहले सुथार ने वारविकशर के लिए अपने शुरुआती दो मैचों में 11 विकेट लिए थे। वापसी के बाद उन्होंने उसी लय को बरकरार रखते हुए कुल 38.3 ओवर में 94 रन देकर सात विकेट हासिल किए। पहली पारी में उन्होंने 15 ओवर में 42 रन देकर तीन और दूसरी पारी में 23.3 ओवर में 52 रन देकर चार विकेट झटके। लंदन के द ओवल में खेले गए एक अन्य मुकाबले में जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने सरे की जीत में योगदान दिया।

**सुथार ने लिए सात विकेट**

### भारत के खिलाफ मैत्री मैच के लिए उरुग्वे की टीम में वाल्वर्दे प्रमुख चेहरा

कोलकाता। भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए उरुग्वे की स्टार खिलाड़ियों से भरी टीम में रियाल मैड्रिड के स्टार फेडरिको वाल्वर्दे प्रमुख खिलाड़ी होंगे। मुख्य कोच डिएगो फोर्लान के मार्गदर्शन वाली दो बार की विश्व चैंपियन टीम में अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण होगा। भारत छह अक्टूबर को यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में उरुग्वे का सामना करेगा जो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों की श्रृंखला का हिस्सा है। इससे पहले भारतीय टीम 25 सितंबर को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में पनामा और तीन अक्टूबर को यहां पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील से भिड़ेगी।

# गर्वित ने जीते दो स्वर्ण, विक्रम ने रजत पदक पर साधा निशाना

खेल संवाददाता

लखनऊ। जयपुर में चल रही 45वीं नॉर्थ जोन शॉटगन शूटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। ट्रैप स्पर्धा में लखनऊ के गर्वित पाण्डेय ने जूनियर और सीनियर वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीते। वहीं मास्टर वर्ग में विक्रम राय ने रजत पदक हासिल किया।

दोनों खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इसके अलावा लखनऊ के ट्रैप शूटर अमित अग्रवाल ने निर्धारित क्वालीफाइंग स्कोर हासिल कर नेशनल



प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। जयपुर के जगतपुरा शूटिंग रेंज में 2 से 7 सितंबर तक आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन के 10 प्रदेशों के 350 से अधिक निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में ट्रैप शूटिंग के मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### आईएसएल सत्र 10 अक्टूबर से होगा शुरू

नयी दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2026-27 सत्र का आगाज 10 अक्टूबर से होगा और प्रतियोगिता मई 2027 तक चलेगी। लीग इस बार अपने पारंपरिक होम एंड अवे (घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर मुकाबला) प्रारूप में लौटेगी और करीब आठ महीने तक 163 मुकाबलों का मैराथन आयोजित किया जाएगा। पिछले सत्र में प्रशासनिक और व्यावसायिक अनिश्चितताओं के कारण आईएसएल का आयोजन देरी से हुआ था। इसके चलते टूर्नामेंट को सीमित अवधि में एकल चरण प्रारूप में कराया गया था। अब 2026-27 सत्र क्लबों की अगुवाई वाले नए दौर में आयोजित किया जाएगा। लीग चरण में सभी टीमें राउंड-रॉबिन आधार पर घरेलू मैदान और बाहर मैच खेलेंगी।

# टेनिस : अल्काराज व सबालेंका चौथे दौर में


एजेंसी

न्यूयॉर्क। सेरेना और वीनस विलियम्स एक बार फिर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र रहीं, लेकिन वे वापसी पर जीत हासिल नहीं कर पाई जबकि अप्रैल के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में खेल रहे कार्लोस अल्काराज़ ने अपना विजय अभियान जारी रखा। सेरेना और वीनस

**सेरेना और वीनस टाईब्रेकर में हारी**

ने महिला युगल के पहले दौर के मैच में कड़ी चुनौती पेश की। इन दोनों बहनों ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचाया।

उनके पास जीत का शानदार मौका था लेकिन टाईब्रेकर में उन्होंने 5-0 की बढ़त गंवा दी और और आखिर में हाओ-चिंग चान और माया जॉइंट से 6-3, 6-7 (6), 7-6 (10-7) से हार गईं। यह 2022 के बाद यूएस ओपन में उनका पहला मैच था। उन्होंने



यहां दो बार युगल खिताब जीता है। तीसरे सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए सेट को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया था।

जॉइंट ने कहा, मुझे लगता है कि दर्शक लगभग वैसे ही थे जैसा हमने उम्मीद की थी। हमने पूरे स्टेडियम के भरे होने और उन दोनों का समर्थन करने की उम्मीद की थी और लगभग वैसा ही हुआ। माहौल वाकई में बहुत खास है। हमें शायद ही किसी और टीम के खिलाफ ऐसा माहौल दोबारा देखने को मिले। सेरेना ने इस साल 44 साल की उम्र में टेनिस में वापसी की। वीनस 46 साल की उम्र में भी टूर पर खेलना जारी रखे हुए हैं। वीनस एकल मुकाबले के पहले दौर में हार गई थी।

इस बीच पुरुष एकल में मौजूदा चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने वू यिबिंग को 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। दाहिनी कलाई में चोट के कारण चार महीने तक खेल से बाहर रहने वाले दो बार के चैंपियन अल्काराज़ का सामना अब 20वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा, जिन्होंने 15वीं वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर बुब्लिक को पांच सेटों में हराया। अल्काराज़ ने कहा, मैंने जितना सोचा था मैं उससे बेहतर प्रदर्शन कर रहा हूं। महिला एकल में दो बार की मौजूदा चैंपियन एरीना सबालेंका ने भी चौथे दौर में प्रवेश किया।

# इकाना स्टेडियम में आज भिड़ेंगे लखनऊ व मेरठ

खेल संवाददाता

लखनऊ। यूपी टी20 लीग 2026 अपने सबसे रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुकी है। रविवार को खेले जाने वाले 'ग्रैंड फिनाले' की पूर्व संध्या पर लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेसवार्ता में यूपी टी20 गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन

**बारिश के लिए रिजर्व डे का ऐलान, नए स्टेडियम में भी हो सकते हैं अगले सीजन के मैच, फाइनल आज**

डॉ. संजय कपूर, सदस्य संजीव कुमार सिंह, लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार, मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू सिंह, लखनऊ के बल्लेबाजी कोच उमंग शर्मा और मेरठ के हेड कोच उत्कर्ष चंद्रा शामिल हुए। सीजन 4 की सफलता और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के विजन पर बात करते हुए गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहाः लखनऊ से शुरू हुआ यह सफर कानपुर से होता हुआ अब इकाना में अपने सबसे बड़े मुकाबले के लिए लौट आया है। हमें इससे बेहतर फाइनल नहीं मिल सकता था। एक तरफ अनुभवी भुवी हैं तो दूसरी तरफ रिंकू सिंह। युवा खिलाड़ियों को इनके साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। डॉ. कपूर ने बारिश के बावजूद ग्राउंड्समैन के काम की तारीफ की और घोषणा की कि फाइनल्स के लिए एक



'रिजर्व डे' रखा गया है, ताकि बारिश होने पर भी नतीजा निकल सके। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अगले सीजन से वाराणसी जैसे नए शहरों में भी मैच आयोजित कराए जा सकते हैं। पहली बार फाइनल का टिकट कटाने वाली लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने युवा खिलाड़ियों के नर्वस होने पर कहाः टीम में थोड़ी घबराहट होना स्वाभाविक है क्योंकि यह फ्रेंचाइजी का पहला फाइनल है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा उत्साह है। मेरी युवा खिलाड़ियों को यही सलाह है कि वे इस बड़े मौके का आनंद लें। दबाव में यह न भूलें कि उन्होंने क्रिकेट खेलना क्यों शुरू किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या लखनऊ में खेलने का उन्हें होम एडवांटेज मिलेगा, तो भुवी ने मुस्कराते हुए कहा पूरा उत्तर प्रदेश ही हम सबका घर है। उन्होंने मेरठ के स्पिनर जीशान अंसारी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके खिलाफ सतर्क रहकर बल्लेबाजी करनी होगी।

# वैज्ञानिक सोच वाली पीढ़ियां तैयार करें शिक्षक

## नैतिकता के पथ पर चलते हुए समृद्धि और यश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक की सफलता के जीवंत प्रतिमान : राष्ट्रपति

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की ऐसी पीढ़ियां तैयार करने का शनिवार को आह्वान किया जिनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण हो और जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से आगे बढ़ें। मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर लिखे एक लेख में कहा कि विद्यार्थियों को अच्छा व्यक्ति बनाना शिक्षक का पावन कर्तव्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि नैतिकता के पथ पर चलते हुए समृद्धि और यश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक की सफलता के जीवंत प्रतिमान होते हैं। उन्होंने कहा कि देश सामाजिक समावेश के साथ विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मैं चाहूंगी कि विकास यात्रा के इस क्रम में हमारे शिक्षकगण ऐसी पीढ़ियों का निर्माण करें जो हमारी संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझें, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मानवता के हित में कार्य करें, अंत्योदय के आदर्शों को आत्मसात करें, पर्यावरण और सभी जीव-जंतुओं के संरक्षण में सक्रिय रहें, व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों में उत्कर्ष प्राप्त करें तथा राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से आगे बढ़ें। शिक्षक गढ़ते कल का भारत शीर्षक वाले लेख में राष्ट्रपति ने कहा कि माता-पिता और



अभिभावक बड़े विश्वास के साथ अपने बच्चों को शिक्षकों के पास भेजते हैं। उन्होंने कहा, वे यह मानकर चलते हैं कि शिक्षक अपनेपन की भावना से बच्चों की सुरक्षा और प्रगति पर ध्यान देंगे। इस पवित्र आस्था की रक्षा करना प्रत्येक शिक्षक का धर्म है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षक की भावना, आचरण और व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे बच्चों में भय और आशंका पैदा न हो, उनका मनोबल न टूटे तथा उनमें हीन भावना विकसित न हो। उन्होंने कहा कि अच्छे शिक्षक यह सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थी अपने सर्वोत्तम स्वरूप को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में स्वतंत्र चिंतन को प्रोत्साहित करना, उनमें जिज्ञासा उत्पन्न करना, प्रश्न करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना, उनकी तर्क और निर्णय क्षमता को विकसित करना तथा उनके स्वतंत्र व्यक्तित्व के निर्माण में मदद करना शिक्षण के सबसे उपयोगी और प्रेरक आयामों में शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा, ऐसी प्रेरक शिक्षा से ही सफल उद्यमियों, प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, सृजनशील कलाकारों और उभरती चुनौतियों के नवीन समाधान प्रस्तुत करने वाले नागरिकों की पीढ़ियां तैयार होंगी।

राष्ट्रपति मुर्मू अपने शिक्षकों की भूमिका का उल्लेख करते हुए ने कहा कि स्नेही और समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों में असीम क्षमता और प्रेरणा का संचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोत्साहन से विद्यार्थियों में जीवन की कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना करने का साहस और बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल करने का आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम ही नहीं पढ़ाते, बल्कि अपने आचरण और उदाहरण से विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मेरा सभी देशवासियों से अनुरोध है कि वे निष्ठावान और समर्पित शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान की भावना रखें।

## बंगाल के प्रत्येक जिले में दो सीएम श्री स्कूल स्थापित किये जाएंगे : शुभेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में दो सीएम श्री स्कूल खोले जाएंगे। शुभेंदु अधिकारी ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम श्री पहल केंद्र की पीएम श्री योजना की तर्ज पर होगी और विद्यालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी उपलब्ध होंगी।




## संक्षेप

### रूस, यूक्रेन के बीच शांति की नयी कोशिश में विटकॉफ व कुशनर मास्को पहुंचे

मास्को। यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले को समाप्त करवाने के बारे में रुकी हुई कोशिशों को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शनिवार को मास्को पहुंचे। रूसी सरकारी समाचार प्रतिष्ठानों ने यह जानकारी दी। यह दौरा ऐसे समय में हुआ जब दोनों पक्षों ने हवाई हमले तेज कर दिए थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन दूतों की यात्रा के दौरान हवाई हमले रोक देगा और उन्होंने मास्को से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। मास्को ने इस प्रस्ताव पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वॉशिंगटन की अब पांचवें साल में चल रही लड़ाई खत्म करने की कोशिश धीमी पड़ गई है।

# शिक्षक दिवस पर अपने स्कूल पहुंचे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर यहां अपने स्कूल ज्ञान निकेतन पहुंचे और कहा कि उनके स्कूली जीवन के शुरुआती वर्षों की यादें

**छात्र जीवन को याद किया**

हमेशा उनके मन में कायम रहेंगी। नवीन ने कहा कि वह जिस भी पद पर रहें, उनके स्कूल के प्रति उनकी भावनाएं हमेशा वैसी ही रहेंगी।

उन्होंने कहा, शिक्षक दिवस के मौके पर अपने स्कूल आने का अवसर पाकर मैं बहुत खुश हूं। मैं जिस भी पद पर रहूं, अपने स्कूल के प्रति मेरी भावनाएं नहीं बदलेंगी। स्कूल के शुरुआती साल हर बच्चे के लिए हमेशा यादगार होते हैं,



चाहे वह जीवन में कितनी भी ऊंचाइयों तक पहुंच जाए। भाजपा अध्यक्ष ने पूर्व आईपीएस अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सचिव दिवंगत किशोर कुणाल को याद किया, जिन्होंने उनके स्कूल की स्थापना की कल्पना की थी। नवीन ने स्कूल परिसर में किशोर कुणाल की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा, इस प्रतिमा ने मेरे अंदर नयी ऊर्जा जगाई है और यह बच्चों को ऐसे सक्षम अधिकारी बनने के लिए प्रेरित करेगी, जो समाज के लिए अपनी स्थायी विरासत छोड़ सकें। नवीन ने किशोर कुणाल की पत्नी अनीता कुणाल से आशीर्वाद लिया। अनीता कुणाल ने उस दौर में स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी संभाली थी जब नवीन ने पढ़ाई की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, मैडम के मार्गदर्शन में स्कूल का विस्तार हुआ और इसे सुंदर रूप दिया गया।

मुझे किशोर कुणाल का आशीर्वाद मिला था और बाद में मैंने राजनीति में कदम रखा। आज शिक्षक दिवस पर मैं इसी परिसर में खड़ा हूं और मैडम का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूं। भाजपा अध्यक्ष ने उनके छात्र जीवन के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य रहे जे एन दत्त को भी याद किया।

## नेपाल में बाढ़ से 5000 लोग अब भी लापता

काठमांडू। नेपाल में अचानक आई विनाशकारी बाढ़ के बाद प्रभावित जिलों से और शव बरामद किए जाने के साथ मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 1,344 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचाव दल करीब 5,000 लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं, जिनमें कम से कम 589 विदेशी नागरिक शामिल हैं। वहीं, 13,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। शनिवार को बचाए गए लोगों में नुवाकोट जिले के बिदुर शहर में चार मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल से सुरक्षित निकाली गई 60 वर्षीय महिला भी शामिल है। यह मकान मलबे और कीचड़ में दब गया था और महिला उसमें 10 दिनों से फंसी हुई थी। चंडिका श्रेष्ठा को सशस्त्र पुलिस बल की एक टीम ने बेहोशी की हालत में पाया। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए त्रिशूली स्थित नेपाली सेना की मैथिली बैरक ले जाया गया।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com